आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी खबर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 328 | उज्जैन, गुरुवार 11 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 7 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com




**आज के अंक के साथ श्री राम मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर नि:शुल्क प्राप्त करें। अन्य दो कैलेंडर भी नि:शुल्क बहुत जल्द आपके हाथों में आने वाले हैं।**

### सिंहस्थ लैंड पुलिंग कानून निरस्ती को लेकर नहीं हुआ आदेश जारी

# भाकिसं की 7 दिन की चेतावनी पूर्ण, 14 दिसंबर को रखी बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र में लैंड पुलिंग कानून निरस्ती को लेकर भारतीय किसान संघ एवं मध्यप्रदेश सरकार के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। किसान संघ ने सरकार को 7 दिन की चेतावनी देते हुए निरस्त आदेश जारी करने की मांग की थी अन्यथा बड़े आंदोलन का कहा था। चेतावनी के 7 दिन बीत चुके हैं और सरकार टस से मस नहीं हैं। इसे लेकर किसानों में अब एक ही चर्चा है कि संघ आंदोलन के लिए मैदान में उतरेगा या फिर से वार्ता की पहल होगी।

सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग आदेश निरस्त करने को लेकर भारतीय किसान संघ ने आंदोलन छेड़ रखा है। 18 नवंबर से विक्रमादित्य प्रशासनिक भवन पर किसानों ने अपने आंदोलन के तहत घेरा डालो, डेरा डालो आंदोलन की घोषणा कर दी थी। इसके एक दिन पहले किसान संघ को भोपाल बुलाकर सरकार एवं किसान नेताओं के बीच चर्चा हुई थी। इसमें सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग निरस्त करने की घोषणा दोनों पक्षों ने की थी। सरकार की और से भी किसानों के सम्मान में निरस्त की घोषणा की गई थी, लेकिन दो दिन बाद योजना को लेकर संशोधन जारी किया गया था। इसे लेकर किसान संघ में खासी नाराजगी रही थी। तब से ही किसान संघ निरस्ती आदेश की मांग कर रहा है।

**किसानों में एक ही चर्चा संघ मैदान में उतरेगा या फिर वार्ता की पहल होगी**



- **दो बार चेतावनी लेकिन सरकार टस से मस नहीं -** लैंड पुलिंग निरस्त समझौते के बाद संशोधन आदेश से किसान संघ भी अचरज में आ गया था। उसकी और से तत्कालीन स्थिति में सरकार को साफ-साफ आदेश जारी करने के लिए दो दिन का समय दिया गया था। इसके बाद भी सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गई। 3 दिसंबर को किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने इस पर सरकार को चेतावनी देते हुए 7 दिन का समय देते हुए दिसंबर अंतिम में बडे आंदोलन की चेतावनी दी थी। किसान संघ की दुसरी चेतावनी भी सरकार पर बेअसर साबित हुई।
- **विधानसभा में भी उठा मसला-** सिंहस्थ लैंड पुलिंग का मामला विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी उठा था। मात्र 4 दिन के सत्र में तराना के कांग्रेस विधायक महेश परमार के सवालों का जवाब देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि मुख्यमंत्री मोहन यादव घोषणा कर चुके हैं और पत्र जल्द जारी कर दिया जाएगा। उनके जवाब पर कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने टिप्पणी की कि किसान चिंतित हैं और प्रक्रिया की गति बहुत धीमी है। जवाब में विजयवर्गीय ने कहा था कि मुख्यमंत्री जी ने बोल दिया है तो अब क्या बचता है, यानी आदेश जल्द आ जाएगा।

### तो अब बड़ा आंदोलन

किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष कमल सिंह आंजना के अनुसार हमने सरकार से समझौते अनुसार आग्रह किया था। इसके बाद भी हमारी बात को अनसुना किया गया। इसके लिए हमने 7 दिन का समय देकर सरकार को आगाह किया। अब 14 दिसंबर को मालवा प्रांत की बड़ी बैठक आयोजित की गई है। इसमे तहसील स्तर तक के अध्यक्ष एवं महामंत्री आएंगे। इसी बैठक में तय होगा कि आंदोलन कब होगा, उसका स्वरूप कैसा रहेगा और क्या होगा।

### अनुषांगिक संगठनों में ठनी

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और भारतीय किसान संघ के साथ उसकी सिंहस्थ लैंड पुलिंग कानून को लेकर ठनी हुई है। इनकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ही है। ऐसे में प्रदेश में अनुषांगिक संगठनों में ही ठनी हुई है।

## देश विदेश

### इंडिगो फेल हुई तो सरकार ने क्या किया: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपए से बढ़कर 30 हजार रुपए तक कैसे पहुंच गईं। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की? आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेदेला की डिविजन बेंच जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे उन्हें मुआवजा दिया जाए।

### दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया

**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्त्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं। इस पर पीएम मोदी ने कहा, 'दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है।' भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है।

### नक्सल विरोधी अभियान से वापस आ रहे पुलिस वाहन की कंटेनर से भिड़ंत

# 4 जवानों की मौत, गाड़ी काटकर शव निकाले

एजेंसी ▸▸ सागर



सागर के नेशनल हाईवे-44 पर बांदरी के पास बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कंटेनर और पुलिस के वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में पुलिस वाहन में सवार 4 जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसे एयरलिफ्ट कर दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल ले जाया गया। वहीं, टीम में शामिल डॉग सुरक्षित है।

जानकारी के अनुसार मुरैना जिले का बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड बालाघाट में ड्यूटी पर तैनात था। पुलिसकर्मी नक्सल विरोधी अभियान में शामिल हुए थे। वहां से वे बीडी-डीएस वाहन में सवार होकर वापस मुरैना लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर बांदरी के पास झिंझनी घाटी पर सामने से आ रहे कंटेनर से पुलिस वाहन की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डॉग मास्टर समेत चार जवानों की जान चली गई। जानकारी के मुताबिक, एनएच-44 पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इस कारण से बांदरी के पास हाईवे का ट्रैफिक वन वे हो गया है। इसी के चलते आमने-सामने से भिड़ंत हो गई।

### तीन पुलिसकर्मी भिंड एक मुरैना का था

आरक्षक प्रद्युम्न दीक्षित, फूफ, भिंड, अनिल कौरव, टेकोन गांव, भिंड, विनोद शर्मा, पुलिस लाइन, भिंड, परिमल सिंह तोमर, नखती अंबाह, मुरैना, अंतिम संस्कार भिंड में ही होगा। शवों को रात तक सागर से पहले मुरैना लाया जाएगा।

### जेसीबी से बॉडी काटकर निकाले शव

कंटेनर और पुलिस वाहन की टक्कर इतनी भीषण थी कि ड्राइवर और जवान गाड़ी के अंदर ही फंस गए। पुलिस वाहन आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जेसीबी की मदद से वाहन काटकर शवों को बाहर निकाला गया। इसके बाद शवों का पंचनामा बनाकर बांदरी अस्पताल भेजा गया। मृतकों की पहचान जवान प्रद्युमन दीक्षित, अमन कौरव और ड्राइवर परमलाल तोमर (तीनों मुरैना निवासी) के रूप में हुई है। वहीं, चौथे मृतक डॉग मास्टर विनोद शर्मा भिंड के निवासी थे। हादसे में आरक्षक राजीव चौहान (निवासी मुरैना) गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

# सागर में ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश

### लैंडिंग के समय हवाई पट्टी पर बिगड़ा संतुलन, रनवे से उतरा

एजेंसी ▸▸ सागर

मध्य प्रदेश में सागर की ढाना हवाई पट्टी पर ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। लैंडिंग के वक्त अनियंत्रित होने के बाद एयरक्राफ्ट की नोज जमीन से आ टकराई। हवाई पट्टी पर मौजूद कर्मचारी तुरंत दौड़े। पायलट को बाहर निकाला। एम्बुलेंस से मेडिकल रूम लेकर आए। पायलट खतरे से बाहर है। हादसा बुधवार दोपहर करीब तीन बजे हुआ। चाइम्स एविएशन एकेडमी के इस एयरक्राफ्ट को ट्रेनी पायलट उड़ा रहे थे। फिलहाल पायलट का नाम नहीं पता चल सका है।

चाइम्स एविएशन एकेडमी के कर्मचारियों के मुताबिक, लैंडिंग के वक्त पायलट का एयरक्राफ्ट से नियंत्रण छूट गया। वह एक तरफ झुककर रनवे से नीचे आकर क्रैश हो गया। हादसे के वक्त ढाना हवाई पट्टी से सड़क दुर्घटना में घायल एक जवान को एयरलिफ्ट किया जा रहा था। इसकी वजह से जिला प्रशासन के अधिकतर अधिकारी मौके पर मौजूद थे। एम्बुलेंस भी वहीं खड़ी थी। इससे ट्रेनी पायलट को हवाई पट्टी के पास बने मेडिकल रूम में भिजवाया गया। एविएशन एकेडमी के अधिकारियों ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



### दो दिन पहले सिवनी में क्रैश हुआ था ट्रेनर एयरक्राफ्ट

इससे पहले 8 नवंबर को सिवनी में एक ट्रेनर विमान 33 केवी हाई वोल्टेज बिजली लाइन से टकराकर क्रैश हो गया था। ट्रेनर पायलट अजित एंथोनी और ट्रेनी पायलट अशोक छाबड़ा घायल हो गए थे। रेड बर्ड एविएशन कंपनी के इस विमान ने सुकतरा हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी। लैंडिंग के दौरान बादलपार सब स्टेशन की 33 केवी लाइन के निचले हिस्से से विमान का पंख टकरा गया। टक्कर होते ही तेज धमाका हुआ और तारों से चिंगारियां निकलने लगीं। लहराता हुआ विमान खेत में जा गिरा था।

### खाना खाने के बाद

### फ्लाइट में बेहोश हुई नीलम कोठारी




**बोलीं- एयरवेज की बड़ी लापरवाही किसी क्रू मेंबर ने मदद नहीं की**

**मुंबई।** एक्ट्रेस नीलम कोठारी ने हाल ही में टोरंटो से मुंबई की फ्लाइट में अपने साथ हुई एक परेशान करने वाली घटना शेयर की। नीलम ने दावा किया कि खाना खाने के कुछ देर बाद वे बेहोश हो गईं, लेकिन फ्लाइट क्रू ने उनकी कोई मदद नहीं की। नीलम ने सोशल मीडिया पर लिखा, एतिहाद एयरवेज, मैं अपनी हाल ही की टोरंटो से मुंबई की फ्लाइट में मेरे साथ हुए व्यवहार से बहुत निराश हूं।मेरी फ्लाइट 9 घंटे से ज्यादा लेट थी और फ्लाइट के दौरान खाना खाने के बाद मैं बहुत बीमार पड़ गई और बेहोश हो गई। नीलम ने पोस्ट में आगे लिखा, एक यात्री ने मुझे सीट तक वापस बैठने में मदद की, लेकिन आपके क्रू मेंबर ने एक बार भी हालचाल नहीं पूछा और न कोई मदद की। मैंने आपकी कस्टमर सर्विस से भी संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वहां से भी कोई जवाब नहीं मिला। इस तरह की लापरवाही बिल्कुल अस्वीकार्य है। कृपया इस मामले को जल्दी से देखें और कार्रवाई करें।

### राहुल गांधी संसद सत्र के बीच जर्मनी जाएंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आगामी जर्मनी यात्रा को लेकर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा ने बुधवार को संसद के शीतकालीन सत्र के बीच राहुल की विदेश यात्रा को लेकर उनकी आलोचना की है। कंगना रनोट, संजय जायसवाल समेत कई भाजपा सांसदों ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा- राहुल गांधी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि 'एलओपी का मतलब 'लीडर ऑफ पर्यटन' होता है। वे लीडर ऑफ पार्टींइंग (पार्टी करने वाले नेता हैं)। संसद सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा, फिर भी राहुल 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी में रहेंगे। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा- पीएम मोदी अपने काम का आधा समय विदेश में बिताते हैं। फिर भाजपा की ओर से विपक्ष के नेता की विदेश यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं?

### प्रदेश में मंत्री मंडल विस्तार की कवायद तेज हो गई, मोहन सरकार के दो वर्ष पूरे होने जा रहे


# राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के बाद ही विस्तार होने की संभावना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में मंत्री मंडल विस्तार की कवायद तेज हो गई है लेकिन इसे भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन के बाद ही होने के कयास लगाए जा रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 20 जनवरी, 2026 को समाप्त हो रहा है। संभावना है कि इस तिथि के आसपास पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा।

प्रदेश में डॉ. मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं कई महीनों से बराबर बनी हुई हैं लेकिन अब यह माना जा रहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही यह विस्तार संभव होगा। पार्टी नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार होगा।






- **केंद्र की हरी झंडी के साथ संगठन को भी साधना होगा-** मंत्रिमंडल विस्तार के लिए डॉ. मोहन यादव को केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी लेनी होगी। इसके साथ ही नए अध्यक्ष का साथ भी लेना होगा। दोनों को साधते हुए ही संभावित मंत्री मंडल विस्तार को अंजाम दिया जाना संभव होगा।
- **मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड-** पार्टी सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने मध्य प्रदेश के मंत्रियों के कार्य प्रदर्शन पर अलग-अलग एजेंसियों से रिपोर्ट कार्ड तैयार करवाया है। इसे भी आधार बनाया जाएगा। हालांकि केंद्रीय नेतृत्व मध्य प्रदेश के मंत्रियों के कामकाज को लेकर भारी नाराज है। तीन- चार मंत्रियों को छोड़ दिया जाए तो बाकी किसी भी मंत्री के विभाग में कोई कामकाज नहीं हो रहा है। उनकी विभाग पर पकड़ भी नहीं है।

### छत्तीसगढ़ में मंत्रीमंडल का एक बार विस्तार हो चुका, मप्र में इंतजार

मध्यप्रदेश एवं पड़ोसी राज्य में छत्तीसगढ़ में एक साथ ही सरकार बनी थी। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल का एक विस्तार हो चुका है, इसके बाद से ही अनुमान लगाए जा रहे हैं कि मध्य प्रदेश में भी मोहन यादव अपनी टीम में फेरबदल करेंगे। कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने से पहले डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों के कामकाज को परखने के लिए विभागवार समीक्षा बैठकें भी की हैं। इससे तैयार होने वाला रिपोर्ट कार्ड भी मंत्रिमंडल विस्तार में अहम भूमिका अदा करेगा।

### अभी 4 पद रिक्त कुछ की छुट्टी होना भी तय

मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल में वर्तमान में चार पद रिक्त हैं। कैबिनेट में फिलहाल इन चार पद रिक्त का अतिरिक्त प्रभार हैं। प्रदेश की कैबिनेट में 35 सदस्य हो सकते हैं। अभी मुख्यमंत्री सहित 31 मंत्री हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि आंतरिक रूप से आए रिपोर्ट कार्ड में कम से कम चार मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बाहर भी किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में कम से कम छह नए चेहरों को मंत्रीमंडल में स्थान मिलने की संभावना बनी हुई है। इसे लेकर मातृ संस्था से लेकर केंद्र तक का बराबर संतुलन बनाना होगा।

# राहुल का शाह को ओपन डिबेट का चैलेंज

### कांग्रेस ने वॉकआउट किया, शाह बोले- हम घुसपैठियों को भगाना चाह रहे, आप क्यों भागे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में चुनाव सुधार और एसआईआर पर गृहमंत्री अमित शाह की स्पीच के दौरान जमकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ तीखी बहस हो गई। राहुल ने गृहमंत्री को डिबेट का चैलेंज दिया। नोकझोंक के बीच कांग्रेस ने सदन से बहिष्कार कर दिया। शाह ने अपनी बात रखते हुए नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी के समय तक के एसआईआर का जिक्र किया। पूछा कि जब उस समय विरोध नहीं हुआ तो आज क्यों किया जा रहा है। शाह ने इस दौरान एसआईआर पर राहुल की तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस का उल्लेख करते हुए कहा कि वह सभी का जवाब देंगे। तभी राहुल उठे चर्चा के लिए चैलेंज देने लगे।



- **अमित शाह:** विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस का जवाब दूंगा। एक सादी वाली, एक एटम बम वाली और एक हाइड्रोजन बम वाली। हर सवाल का जवाब दूंगा। राहुल गांधी ने उन्हें बीच में टोका।
- **राहुल:** शाह जी मैं आपको चैलेंज करता हूं। आप मेरी वोट चोरी की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा करें।
- **शाह:** 30 साल से संसद या विधानसभा में चुनकर आ रहा हूं। ऐसा कभी नहीं हुआ। मेरे बोलने का क्रम मैं तय करूंगा, आप नहीं।
- **राहुल:** शाह जी का रिस्पांस पूरी तरह से घबराया और डरा हुआ रिस्पांस है।
- **शाह बोले:** मैं उनके उकसावे पर नहीं आऊंगा और विषय पर बोलूंगा। मेरे भाषण में पहले-बाद में जो बोलना है मैं तय करूंगा। हमने तो नहीं कहा कि नेता विपक्ष झूठा बोल रहे हैं।

### कांग्रेस नेता जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, कमलेश्वर पटेल की गाड़ियां आपस में टकराई

एजेंसी ▸▸ सीधी

बुधवार को एक बड़ा हादसा होते होते टल गया और कांग्रेस के तीन बड़े नेता चोटिल होने से बच गए। घटना सीधी जिले के जमोड़ी थाना इलाके के पनागर के पास की है, जहां कांग्रेस के तीन बड़े नेता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और सीडबलूसी मेंबर कमलेश्वर पटेल के काफिले में शामिल तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। राहत की बात ये है कि तीन वाहनों की टक्कर में किसी को भी कोई गंभीर चोट नहीं आई है। सिंगरौली में अडानी के घीरौली कोल माइंस प्रोजेक्ट के लिए पेड़ों की कटाई के विरोध में चल रहे प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बुधवार को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और सीडबलूसी मेंबर कमलेश्वर पटेल सड़क मार्ग से रीवा से सिंगरौली जा रहे थे।



## बुधवार का महाकाल श्रृंगार



## जिले में पेट्रोल पंपों पर जांच की सुविधा मात्र दिखावे की, प्रदुषण फैला रहे वाहन नहीं लिया जा रहा जांच का संज्ञान

# पीयूसी जांच को लेकर गंभीरता सिरे से गायब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वाहनों के प्रदुषण से आम जन पर गंभीर असर हो रहा है। इसके चलते कई लोगों को श्वांस की बीमारी भी घेर रही है। नियमानुसार वाहनों को पीयूसी जांच करवाना चाहिए । पेट्रोल पंपों पर पीयूसी जांच का काम मात्र दिखावा बन कर रह गया है। व्यक्तिगत वाहनों के लिए भी पीयूसी बनवाने के लिए भटकना पडता है। कमर्शियल वाहनों के लिए भी शहरी क्षेत्र में जांच की सुविधा पर गंभीरता से काम नहीं हो रहा है और ऐसे में धडल्ले से प्रदुषण फैलाते वाहन दौड रहे हैं।

पॉप्लूशन अंडर कंट्रोल यूनिट (पीयूसी) जांच के लिए शहरी क्षेत्र में सभी पेट्रोल पंपों पर सुविधा की बात ही होती है धरातल पर इससे विपरित स्थिति सामने आती है। शहरी क्षेत्र के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पीयूसी जांच के लिए वाहन चालकों को जाने पर कोई न कोई कारण बता कर टाला जा रहा है। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में भी है। वहां तो अधिकांश पेट्रोल पंपों पर अव्वल तो इस प्रकार की सुविधा ही नहीं है और जिन पर है वे जांच से बचने का ही काम कर रहे हैं।




> शहरी क्षेत्र में हमारे सभी पेट्रोल पंपों पर पीयूसी की सुविधा है। जहां प्रमाणिकरण नहीं हो रही है वहां दिखवा लेंगे ।शहरी क्षेत्र में पेट्रोल पंपों को निर्देश जारी कर दिए जाएंगे।
>
> -सुश्री शालू वर्मा,जिला आपूर्ति नियंत्रक,उज्जैन

### पीयूसी आवश्यक है

परिवहन विभाग से जुडे सूत्रों का कहना है कि पीयूसी जांच आवश्यक है। इसके मापदंड तय हैं। उनके अनुसार ही इंजन से निकलने वाले प्रदुषण की मात्रा की जांच की जाती है। इस जांच के लिए वर्ष भर के लिए रूपए 250 एवं 6 माही प्रमाणीकरण के लिए रूपए 150 लिए जाते हैं। इस जांच प्रमाणीकरण के लिए परिवहन विभाग ही एजेंसी देता है।

### नाकों के पास वाहनों में जांच केंद्र

पीयूसी जांच के लिए टोल नाका के पास जरूर दिन के समय में वाहनों में जांच केंद्र संचालित किए जाते हैं। रात के समय तो ये चलित केंद्र भी गायब ही मिलते हैं। खास तो यह है कि इन जांच केंद्रों पर भी पूरे मापदंड का पालन नहीं किया जाता है। मात्र खानापूर्ति की जाती है।

### निर्माण में लगे वाहन प्रदुषण फैला रहे

शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी बगैर पीयूसी जांच के ही व्यवसायिक वाहन धडल्ले से दौड रहे हैं और आमजन को श्वांस की बीमारी परोस रहे हैं। सिंहस्थ के निर्माण कार्यों में कई ऐसे वाहनों का जमकर उपयोग हो रहा है जिनका अंदर से निकलते धुंए को देखकर ही कहा जा सकता है कि यह इसका प्रदुषण अत्यधिक है। वाहनों में क्षमता से अधिक भार ढोने की स्थिति में भी प्रदुषण के हाल बन रहे हैं। निर्माण कार्य में सिर्फ फेरे बचाकर धन कमाने के लिए ऐसा करते हुए प्रदुषण फैलाया जा रहा है।

### परिवहन विभाग भी बच रहा जांच से

प्रदुषण फैलाने वाले वाहनों की धरपकड का काम परिवहन विभाग के जिम्मे है और उन्हें ही वाहनों के पीयूसी जांच का अधिकार है,लेकिन विभाग जब भी जांच करता है तो वाहनों के अन्य दस्तावेज ही देखे जाते हैं। मात्र बसों और उनके परमिट को ही देखा जाता है । वाहनों के प्रदुषण जांच को लेकर अमला मैदान में दिखाई ही नहीं देता है न ही शहरी क्षेत्र में यातायात विभाग ही प्रदुषण फैलाने वाले वाहनों के विरूद्ध अपनी कार्रवाई को अंजाम देता है।

## जानकारी दी अब चिंता भी...

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर के तहत आम मतदाता से 2003 के निर्वाचन के आधार पर जानकारी ली है। मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी ने पहले निर्वाचन के फार्म मतदाताओं को उपलब्ध करवाए और उसके बाद उन्हें भरवाकर मतदान केंद्र पर मंगवाया या फिर घर-घर जाकर फार्म एकत्रित किए गए। इसके उपरांत फार्म पर सामने आई जानकारी को बीएलओ ने आनलाईन अपडेट किया है।




मतदाताओं के फार्म लेने और जमा करने की कार्रवाई के बाद उनके पास किसी प्रकार की जानकारी नहीं है । इसे लेकर वरिष्ठजनों की चिंता अपने स्तर पर है। वे बराबर इसे लेकर जानना चाह रहे हैं कि हमारे फार्म में आगे क्या हुआ। हमारी जानकारी समय सीमा में आनलाईन अपडेट हुई या नहीं। उनकी चिंता बराबर बढ रही है। इसे लेकर कुछ जागरूक वरिष्ठ तो मतदान केंद्र पर ही पहुंच गए और सेवा निवृत्ति के समय का सद्उपयोग करते हुए फार्म को लेकर आगे की प्रोसेस के बारे में जानकारी हासिल की । जो कम हाईटेक थे वे दुसरों से जानकारी लेकर संतुष्टि कर रहे हैं। ऐसे वरिष्ठ मतदाताओं में खुसूर-फुसूर है कि मतदाताओं से जानकारी लेने के साथ ही उनकी जानकारी के आधार पर आनलाईन अपडेट होने पर एक संदेश की स्थिति बनती तो इससे आम मतदाता को भी उसकी जानकारी अपडेट होने का पता चल जाता। अभी तो उसके द्वारा दी गई जानकारी की क्या स्थिति है यही मालूम नहीं है। जैसे झजैसे मतदाताओं के मोबाईल नंबर के साथ जानकारी अपडेट होती और उन्हें संदेश के माध्यम से जानकारी मिलती तो इससे मतदाताओं की जागरूकता को भी बढाया जा सकता था। इससे प्रक्रिया भी हाईटेक होती और आम मतदाताओं को निर्वाचन के समय भेजे जाने वाली पर्ची के स्थान पर संदेश भेजने का भी एक रास्ता खुलता।

# सडक को बना डाला पार्किंग, राहगीर होते रहते परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहरवासियों के लिए ये सुखद है कि बाबा महाकालेश्वर की नगरी ने पर्यटन के नक्शे पर अपनी पहचान कायम की इससे शहर की अर्थव्यवस्था दुरूस्त हुई तथा रोजगार के अवसर भी पैदा हुए। किन्तु सभी कुछ अच्छा नहीं है शहरवासियों को आए दिन ट्राफिक जाम से दो चार होना पडता है ।रोगियों को अस्पताल पहुंचने मे विलंब, स्कूली बच्चों व कॉलेज छात्रों को स्कूल , कालेज समय पर पहुंच पाना कठिन व प्रदूषण की गंभीर समस्या।

### अंकपात रोड पर रेलमपेल

नैसर्गिक आभा से परिपूर्ण अंकपात क्षेत्र अपने एकांत और सुकून के लिए मशहूर था किन्तु पर्यटकों की नियमित भीड के कारण क्षेत्र ने अपने वास्तविक सुन्दर रूप को खो दिया। आज स्थिति ऐसी हो गई है कि सांदीपनि आश्रम के सामने रोड पर मैजिक, ऑटोरिक्शा बेतरतीब ढंग से खडे रहते हैं और आवागमन दुरूह बना हुआ है।



### गेट के आगे ही सवारी उतारते वाहन

इस संकरे रोड पर पर्यटको से भरे वाहन अपनी सवारी भी सांदीपनि आश्रम के गेट के सामने ही उतारते रहते हैं जिस कारण सडक पर जाम दिनभर लगा रहता है। पास ही एक महावत हाथी को खडा करके पर्यटकों से भेंट लेता रहता है।

### यातायात पुलिस की सुस्ती, लोग परेशान

यातायात पुलिस, शहर मे हैलमेट पहनने की सख्ती और चालान बनाकर अपने दायित्व की इतिश्री कर लेती है किन्तु शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलो के आसपास की व्यवस्था को लेकर उदासीन बनी हुई है। क्षेत्रवासी रोज इस जाम से रोज परेशान होते रहते हैं।

### डीएसपी से संपर्क नहीं हो पाया

इस संबंध मे जब ट्राफिक डी एस पी विक्रम कनपुरिया से संपर्क की कोशिश की तो वे अवकाश पर थे।

### प्रवेश द्वार के सामने ही वाहन

आश्चर्य तो ये होता है कि बुधवारिया से मंगलनाथ को जोडनेवाले इस मार्ग पर सांदीपनि आश्रम के सामने रोड पर ही पब्लिक वाहनो ने अवैध पार्किंग बना रखा है। रोड पर ही आटोरिक्शा व ई रिक्शा कतारबद्ध खडे रहते हैं। पास ही रोड पर नींबू शिकंजी, गन्ने के रस वाले के ठेले खडे होकर रोड को एक संकरी गली मे तब्दील कर रहे हैं।

## राज्य स्तरीय युवा उत्सव अब जनवरी में

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में 8 से 10 दिसंबर तक प्रस्तावित राज्य स्तरीय युवा उत्सव अब अगले वर्ष 8 से 10 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जिसके चलते तारीख बदलने का निर्णय लिया गया है।

विश्वविद्यालय को लगभग पांच वर्ष बाद राज्य स्तरीय युवा उत्सव की मेजबानी मिली है। इस जिम्मेदारी के बाद से ही तैयारियां प्रारंभ हो गई थीं। आयोजन के लिए पहले 8, 9 और 10 दिसंबर की तिथियां तय की गई थीं।

## सीजन की सबसे ठंडी रात, पारा 9 डिग्री

**उज्जैन।** प्रदेशभर में चल रही ठंडी हवाओं का असर उज्जैन में भी दिखाई दे रहा है। बीती रात तापमान गिरकर 9 डिग्री पर पहुंच गया, जो इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण दिन और रात दोनों के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। शहर में दिन और रात के तापमान में 17 डिग्री से अधिक का अंतर देखा गया।

पिछले चार दिनों में दिन और रात के तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। सुबह और रात में तेज ठिठुरन महसूस हो रही है, जबकि दिन में धूप निकलने के बाद थोड़ी राहत मिलती है। हालांकि, ठंडी हवाओं के चलते ठंड का असर दिनभर बना रहता है।

# भगवान महाकाल को अब नहीं चढ़ सकेगी भारी फूलमाला

## प्रशासक ने 1 जनवरी से प्रतिबंध लगाया, 500 से 2100 रुपए तक बिकती थी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिवलिंग पर भारी भरकम चढ़ने वाली फूल माला (अजगर माला) और मुण्डमाल पर मंदिर समिति ने प्रतिबंध लगा दिया है। एएसआई और जीएसआई की गाइड लाइन का ध्यान रखते हुए करीब 10 किलो से अधिक वजनी मालाओं पर शिवलिंग क्षरण रोकने के लिए मंदिर समिति ने ये फैसला किया है। 1 जनवरी से कोई भी भक्त भगवान महाकाल को 10 से 15 किलो वजनी माला अर्पित नहीं कर सकेंगे।

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 1 जनवरी 2026 से भगवान महाकाल को चढ़ने वाली फूलों की बड़ी व भारी माला अर्पित करने पर रोक लगा दी है। मंदिर प्रशासक के आदेश के बाद आगामी नए वर्ष के पहले दिन से इसे पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

इसके लिए अभी महाकाल मंदिर परिसर में उद्घोष हो रहा है कि भगवान के लिए अजगर माला नहीं खरीदें। साथ ही कक्ष से भक्तों को नए नियम की जानकारी देने के लिए लगातार उद्घोषणा भी की जा रही है। मंदिर के आसपास फूल प्रसाद की दुकान संचालित करने वाले व्यवसायियों को मंदिर समिति ने बता दिया है कि फूलों की भारी व बड़ी माला ना तो बनाए और न ही विक्रय करे।

**भक्त पुजारी को देते थे चढ़ाने के लिए:** 500 से 2100 रुपए तक बिकने वाली इन अजगर मालाओं को भक्त खरीद कर शिवलिंग को अर्पित कर रहे थे। भक्त पुजारी को देते और पुजारी भगवान महाकाल को पहना देते थे। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि महाकाल मंदिर के शिवलिंग पर चढ़ने वाले भारी अजगर माला पर आगामी एक जनवरी से प्रतिबंधित कर दिया है।

**500 से 2100 रुपए में मिलती 10 माला:** पिछले कुछ वर्षों से महाकाल मंदिर के बाहर फूलों की दुकान पर 500 से 2100 रुपए में मिलने वाली अजगर माला को भक्त खरीदकर भगवान को अर्पित कर रहे थे। ये माला फूलों की मोटी व बड़ी माला होती है, जिनका 10 से 15 किलो तक होता था।

नया नियम लागू होने के बाद मंदिर के विभिन्न द्वारों पर तैनात गार्ड भक्तों द्वारा भगवान को अर्पण करने के लिए लाई जा रही पूजन सामग्री की जांच करेंगे। बड़ी व भारी फूल माला को गेट पर ही अलग रखवा दिया जाएगा।

# शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर 15 से 20 दिसंबर तक होगा राशन वितरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिसंबर माह में आगामी 15 से 20 दिसंबर तक जिले की समस्त उचित मूल्य दुकानों पर प्रभावी रुप से राशन वितरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अपने क्षेत्रांतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर नोडल अधिकारी नियुक्ति आदेश जारी करेंगे।

राशन वितरण हेतु पूर्व से नियुक्त नोडल अधिकारी अनिवार्यतः दुकान पर उपस्थित रहकर 95 प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को राशन वितरण कराएंगे एवं की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। 'आपदा प्रबंधन' अंतर्गत जिला स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के अमले द्वारा राशन वितरण अवधि में उचित मूल्य दुकानों के खुलने एवं राशन वितरण हेतु कॉलिंग की जाएगी। कार्यक्षेत्र अनुसार संबंधित समिति प्रशासक, समिति प्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक अधीनस्थ उचित मूल्य दुकानों की मॉनिटरिंग करेंगे एवं माह नवम्बर के राशन प्राप्त होने से



शेष हितग्राहियों को शत-प्रतिशत राशन वितरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।अंत्योदय परिवारों को 35 किलो खाद्यान्न (गेहूँ 24 किलो, चावल 11 किलो) एवं प्राथमिकता परिवारों के सदस्यों को 05 किलो खाद्यान्न (गेहूं 04 किलो. चावल 01 किलो) निःशुल्क प्रदाय कराया जाएगा। सामग्री वितरण हेतु प्रत्येक दुकान पर पीओएस मशीन उपलब्ध एवं चालू हो। उचित मूल्य दुकानों पर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आमंत्रित कर पात्रता अनुसार NFSA योजना, MDM, ICDS, KKY का खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण कराया जाएगा। स्थानीय निकाय द्वारा निर्धारित अवधि में राशन वितरण के लिए ग्रामों/वार्ड में राशन प्राप्त करने हेतु मुनादी कराई जाकर ग्रामवासियों को अवगत कराया जाएगा।

# सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी डेम परियोजना का काम पिछले 10 दिन से अधिक समय से बंद

## किसान डेम के बदले अधिग्रहित की जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर विरोध कर रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ कुंभ और सालभर शिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाने के लिए बनाई जा रही सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी डेम परियोजना का काम पिछले 10 दिन से अधिक समय से बंद है।

किसानों के आक्रोश और प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने मिलकर यहां काम कर रहे 200 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी और मजदूरों को लौटने पर मजबूर कर दिया। किसान डेम के बदले अधिग्रहित की जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर विरोध कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि प्रशासन जमीन का मुआवजा सिर्फ 3 से 6 लाख रुपए प्रति बीघा तय कर रहा है, जबकि जमीन का बाजार मूल्य 50 लाख से 1 करोड़ रुपए प्रति बीघा है।



शिप्रा नदी को प्रवाहमान रखने के लिए शहर से 17 किमी दूर कल्याणपुरा गांव में सीएम मोहन यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट सिलारखेड़ी-सेवरखेडी परियोजना का काम मार्च में शुरू हुआ था। डेम निर्माण का लगभग 25त्न कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना में सिलारखेड़ी से सेवरखेड़ी तक पाइपलाइन बिछाई जानी है, जिसके लिए 13 गांवों के करीब 300 किसानों की लगभग 400 बीघा जमीन का अधिग्रहण होना है। कल्याणपुरा में डेम का निर्माण शुरू भी हो चुका था, लेकिन मुआवजा राशि कम होने से नाराज किसानों ने 21 नवंबर से काम बंद करवा दिया। किसानों की मांग है कि मुआवजा बढ़ाकर 25 लाख रुपए प्रति बीघा किया जाए। किसान नेता दिलीप सिंह सिसोदिया ने बताया कि अगस्त में वे उज्जैन कलेक्टर, कमिश्नर, विधायक, एडीएम और एसडीएम सभी से बात कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। 29 नवंबर को किसान मुख्यमंत्री से मिले, जिसके बाद सीएम ने प्रशासन को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए थे। फिर भी प्रशासन 17.50 लाख रुपए प्रति बीघा तक ही देने को तैयार है, जबकि किसान 25 लाख रुपए की मांग पर अड़े हैं। डेम के निर्माण का कार्य किसानों के विरोध के चलते पूरी तरह ठप पड़ा है। समाधान न निकलने पर परियोजना की समय सीमा पर भी संकट खड़ा हो गया है।

# राजसी पोशाक मे दर्शन देंगे उत्तरामुखी हनुमान, होगी रंगारंग आतिशबाजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हनुमान अष्टमी पर्व पर शहर के हनुमान मंदिरों की छटा निराली रहेगी। विभिन्न मंदिरों मे तैयारियां अपने अंतिम दौर मे हैं। अंकपात स्थित प्राचीन उत्तरामुखी मंदिर मे अष्टमी के वैशिष्ट्य को लेकर जोरदार तैयारियां चल रही हैं।

### रंगारंग आतिशबाजी रहेगी आकर्षण

शुक्रवार को रात आठ बजे बाबा उत्तरामुखी की विशेष महाआरती होगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर मे रंगारंग आतिशबाजी का आयोजन होगा। ये महाआरती वर्ष भर मे एक ही बार हनुमान अष्टमी पर होती है।

### चौपाई पाठ व हवन

गुरूवार सप्तमी के दिन मंदिर परिसर मे रामायण की चौपाइयों का सस्वर पाठ होगा और हवन पूजन होगा। पूरा मंदिर सजधज के तैयार है।

### हनुमान अष्टमी पर भंड़ारा

गोलू गुरू ने बताया कि अष्टमी की रात्रि मे ही अन्नकूट व सार्वजनिक भंडारा मंदिर क्षेत्र मे आयोजित होगा जिसमे स्वादिष्ट व्यंजन व प्रसादी आगंतुक श्रद्धालुओं को परोसी जाएगी।

### चार क्विंटल विदेशी पुष्पों से सजेगा दरबार

बाबा मारूति का दरबार लगभग चार क्विंटल विदेशी पुष्पों से सजाया जाएगा। उत्तरामुखी हनुमान मंदिर के पं अमिष पाठक( गोलू गुरू) ने बताया कि फूलों का आर्डर दे दिया गया है। अष्टमी तिथि शुक्रवार को बाबा हनुमान का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। बाबा उत्तरामुखी को राजसी पोशाक धारणा करवाई जाएगी। इस सुअवसर पर जो पोशाक पहनाई जाएगी वो स्वयं गोलू गुरू ने तैयार की है। ब्राजील व थाईलैण्ड के सुन्दर फूलों से दरबार सजाया जाएगा। मंदिर के चहुंओर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है।



### हनुमानजी के उज्जैन आगमन का दिवस

पूरे देश मे बाबा महाकाल की नगरी ही एकमात्र स्थान है जहां हनुमान अष्टमी पूरे उत्साह व उमंग से मनाई जाती है। धार्मिक व लोकमान्यता है कि इसी दिन बाबा हनुमान भगवान राम के राज्याभिषेक के लिए महाकाल मंदिर स्थित कोटितीर्थ का पावन जल लेने शिव की इस मनोहारी नगरी मे आए थे। बजरंगबली के शहर आगमन को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए ही हनुमान अष्टमी मनाई जाने लगी। इस दिन बाबा महाकाल का शहर उनके रूद्ररूप हनुमान की आराधना मे रत रहता है।

# ट्रांसफर स्टेशन से कचरा हटाने की निगमायुक्त ने की निगरानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम ने एमआर 5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर 10 वर्ष से अधिक पुराने कचरे (लिगेसी वेस्ट) के निष्पादन के लिए बायो माइनिंग प्रक्रिया शुरू की है। इस मुहिम का उद्देश्य कचरे के विशाल ढेर को हटाकर वहां एक उद्यान और सेल्फी पॉइंट विकसित करना है। मंगलवार को निगम आयुक्त ने मौके पर पहुंचकर कार्य की निगरानी की।

एमआर 5 ट्रांसफर स्टेशन पर यह कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। पिछले एक माह में लगभग 50 हजार टन कचरे का निष्पादन किया जा चुका है। अगले डेढ़ माह में शेष कचरे को भी हटाकर इस स्थान को मैदान का स्वरूप दिया जाएगा, जिससे उद्यान निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। वर्तमान में तीन अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है और आयुक्त के निर्देश पर मशीनों, संसाधनों तथा मानव शक्ति में वृद्धि की गई है ताकि कार्य में तेजी लाई जा सके।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान बताया कि कचरे का निष्पादन शुरू होने से 25 से अधिक कॉलोनियों के निवासी संतुष्ट हैं।

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

उज्जैन | गुरुवार, 11 दिसम्बर, 2024 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### पीएचई अन्तर्गत महापौर मद से स्वीकृत कार्यो की महापौर ने की समीक्षा

उज्जैन। मंगलवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा पीएचई विभाग अंतर्गत महापौर मद से राशि रुपए लगभग 01 करोड़ की लागत से करवाए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में वाटर कूलर एवं पीवीसी पानी की टंकी स्थापित करना, वार्ड क्रमांक 49 अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पाइपलाइन बदलने के कार्य, विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था हेतु नवीन पेयजल लाइन डालना, वार्ड क्रमांक 45 बागपुरा में विभिन्न स्थानों पर जल प्रदाय हेतु पाइपलाइन बिछाने के कार्य एवं विभिन्न स्थानों पर बोरिंग खनन कार्य के बारे में जानकारी ली गई। महापौर द्वारा निर्देशित किया गया की बोरिंग खनन के कार्यों को प्राथमिकता से किया जाना है जिन क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंच पाता है वहां पर पाइपलाइन बिछाई जाने के कार्यों को करवाया जाए।

### शहरवासियों से अपील गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग ही दिया जाए

उज्जैन। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा समस्त शहरवासियों से अपील की गई है कि उज्जैन शहर की जनता जिस प्रकार शहर की स्वच्छता को लेकर जागरूक है एवं सकारात्मक रहती है इसीलिए घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखते हुए गीला एवं सूखा कचरा घर के बाहर आने वाली कचरा गाड़ी में देवें ताकि भविष्य में इस प्रकार का लिगेसी वेस्ट ना तो निर्मित होगा ना ही रहवासियों को परेशानी होगी।

### अपर आयुक्त ने संपतिकर विभाग की समीक्षा की गई

उज्जैन। 13 दिसंबर को नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा समस्त जोन कार्यालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संपत्तिकर दाता लोक अदालत में दी जा रही छूट का लाभ लेकर अपना बकाया संपति कर एवं जलकर जमा करते हुए शहर विकास में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। इस संदर्भ में मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह द्वारा उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल के साथ संपत्तिकर विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्देशित किया गया कि बड़े बकायदाओं को चिन्हित करते हुए बिल डिस्ट्रीब्यूशन किए जाए, साथ ही बड़े बकायदारों को चिन्हित करते हुए मैसेज करें कि नेशनल लोक अदालत में अपना बकाया संपति कर जमा करते हुए दि जा रही छूट का लाभ लिया जाए।

आरोपियों की निशानदेही से 40 क्विंटल लकड़ी के साथ चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी जप्त

# गिरफ्त में आए बबूल के 12 पेड़ काटकर चोरी करने वाले चार आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



खेत में लगे हरे भरे बबूल के पेड़ काटकर चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही से 40 क्विंटल लकड़ी के साथ चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी जप्त किया गया है। चारों को कोर्ट में पेश किया गया, यहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 7 अक्टूबर को रंगारखेड़ी में रहने वाले नासिर पिता कासम खां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका खेत ग्राम शेखरपुर में है। शाम को खेत पर पहुंचा तो 12 बबूल के पेड़ कटे थे। रात मे कोई चोरी कर ले गया है। मामले में धारा 303(2) बीएनएस और वन अधिनियम की धारा 41 मे प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

#### 6 लाख का ट्रैक्टर, 80 हजार की लकड़ी

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों द्वारा काटे गए पेड़ की 40 क्विंटल लकड़ी 80 हजार रुपए कीमत की बरामद की गई है। वही चोरी में प्रयुक्त किया गया ट्रैक्टर 6 लाख कीमत और पेड़ काटने का औजार भी जप्त हुआ है। चारों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज है। सभी को बुधवार होकर न्यायालय में भेज कर जेल भेजा गया है। बताया यह भी जा रहा है कि आरोपी और लकड़ी चोरी की शिकायत दर्ज करने वाले ग्रामीण के बीच पुराना विवाद चल रहा है। जिसके चलते चोरी को अंजाम दिया गया था।

#### इस तरह हुआ मामले का खुलासा

लकड़ी चोरी करने वाले आरोपियों की तलाश के लिए एएसआई राजेन्द्र सिंह हाड़ा, सुनिल देवके, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, आरक्षक शोभित शुक्ला, कैलाश गरवाल, अश्विनी पाठक , हितेश हाड़ा, महिला आरक्षक ज्योति हाड़ा की टीम बनाई गई।आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया और मुखबीर तंत्र को अलर्ट पर रखा गया। दो माह बाद पता चला कि लकड़ी काटकर चोरी करने की वारदात ग्राम उमरिया के चार लोगों द्वारा की गई है। टीम को चारों की घेराबंदी के लिए रवाना किया गया और उस्मान पिता अल्लानूर खां 55 साल, करामत पिता अल्लानूर खां 40 साल, आरिफ पिता उस्मान खां 28 साल और शाहरुख पिता उस्मान खां 25 साल जाति नायता पटेल निवासी ग्राम उमरिया को हिरासत में लिया गया। चारों से पूछताछ के बाद हरे भरे पेड़ काटकर बबुल की लकड़ी चोरी करने के मामले का खुलासा हो गया।

### महाकाल में 1 जनवरी से ड्रेस कोड होगा लागू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में 1 जनवरी से ड्रेस कोड लागू हो जाएगा। अब केवल पुजारी-पुरोहित सोला (धोती) पहने दिखाई देंगे। बाकी सेवक, मंदिर के कर्मचारी कुर्ता पायजामा में रहेंगे। उन्हें आईडी कार्ड पहनना अनिवार्य रहेगा।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के लिए महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने यह फैसला लिया है। मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि जिस तरह सुरक्षा कर्मी ड्रेस कोड में रहते हैं, उसी तरह अब पुजारी ड्रेस कोड में होंगे। कई बार अनधिकृत लोग पुजारी बनकर मंदिर परिसर में प्रवेश कर जाते हैं। इस नई व्यवस्था से ऐसी स्थिति पर रोक लगेगी। पूर्व में जब गर्भगृह में जाने के लिए प्रतिबंध नहीं था तब गर्भगृह में प्रवेश के लिए पुरुषों को आमतौर पर धोती-सोला और महिलाओं को साड़ी पहननी पड़ती थी। भस्मआरती में शामिल होने वाले भक्तों को मंदिर के इन महत्वपूर्ण नियमों का पालन करना पड़ता था। ड्रेसकोड अनुष्ठान की शुद्धता और पारंपरिक पवित्रता को बनाए रखता है।

## उज्जैन में पहली बार होगा अंतरराष्ट्रीय महाकाल महोत्सव

14 से 18 जनवरी होंगे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रदेश सरकार अब पहली बार धर्म नगरी उज्जैन में महाकाल महोत्सव करने जा रही है। दरअसल यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। खास बात यह है कि यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर का होगा। आयोजन को मूर्त रूप देने के लिए उज्जैन के सिंहस्थ मेला कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वीर भारत न्यास के सचिन श्रीराम तिवारी, संभाग आयुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन सिंह, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, एसपी प्रदीप शर्मा, महाकाल मंदिर पुजारी आशीष गुरु, राम गुरु, राजेश गुरु, महा निमार्णी अखाड़े के महंत विनीत गिरी महाराज और वैष्णव अखाड़े के संत रामेश्वर दास महाराज के साथ ही कई बुद्धिजीवी शामिल हुए।

14 से 18 जनवरी तक होने वाले इस पांच दिवसीय आयोजन में शिव तत्व की अनुभूति दर्शन कला और जन उत्सव का समन्वय देखने को मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय विचारक, संत और आध्यात्मिक गुरु अपने विचार व्यक्त करेंगे। लोक कला, बैंड, बहुरूपिए, प्रदर्शनी और पतंग उत्सव जैसे आयोजन देखने को मिलेंगे और भव्य शिव बारात भी निकाली जाएगी। इस आयोजन में उज्जैन के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थानों जैसे काल भैरव मंदिर, चिंतामन गणेश, गढ़ कालिका व भर्तहरि गुफा को केंद्रित किया जाएगा। आयोजन में शामिल होने के लिए आचार्य स्वामी अवधेशानंद गिरी, कैलाश आनंद महाराज, जग्गी वासुदेव महाराज, श्री श्री रविशंकर मोरारी बापू, कुमार विश्वास, आरिफ मोहम्मद खान को आमंत्रण दिया जाएगा।

## जहरीली गोलियां खाते हुए युवक ने बनाया वीडियो



### पत्नी गई थी मायके, भाई अस्पताल लेकर आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पारिवारिक विवाद के बाद पत्नी बच्चों के साथ मायके चली गई। 2 दिन बाद पति ने जहरीली गोलियां खाते हुए विडियो बनाया और सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर दिया। कुछ देर बाद पत्नी ने इंस्टाग्राम पर रील देखी तो परिवार को बताया। लेकिन काफी देर हो गई थी। डॉक्टर जान नही बचा पाये।

भेरूगढ़ थाना एएसआई जितेंद्र गोसर ने बताया कि मंगलवार रात अस्पताल से सूचना मिलने पर गिट्टी खदान पर काम करने वाले देवीलाल पिता भेरूलाल निनामा 27 वर्ष निवासी श्री राम कॉलोनी की जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने पर मर्ग कायम किया गया और बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि देवीलाल ने जहरीली गोलियां खाते हुए मोबाइल पर वीडियो बनाया है और सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इंस्टा पर जहरीली गोली खाने की रील पत्नी रानी ने देखी थी और पति के छोटे भाई कुलदीप को घर भेजा था। कुलदीप ने बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर भाई देवीलाल और भाभी रानी के बीच तीन दिन पहले विवाद हुआ था। भाभी बच्चों को लेकर मायके जबरन कॉलोनी चली गई थी। इसी वियोग में संभवत का देवीलाल ने मौत को गले लगाया है। एएसआई के अनुसार परिवार के गमगीन होने पर बयान दर्ज नही किये है। मृतक का मोबाइल जप्त कर जांच में लिया जाएगा।



#### स्लोगन के साथ शेयर किया वीडियो

देवीलाल ने वीडियो बनाने के साथ वॉइस आवाज का स्लोगन शेयर किया जिसमें सुनाई दे रहा था कि तुम खुश हो ना तुमने जो चाहा वह हो गया। हम एक दूसरे से दूर हो गए। एक बात याद रखना दुनिया में कितना भी प्यार करने वाला मिल जाए लेकिन एक दिन तुम मेरे जैसा प्यार पाने के लिए तरस जाओगी। मृतक देवीलाल के ससुर रामकिशन ने बताया कि शादी को 8 साल हो चुके थे। परिवार में ऐसा कोई विवाद नहीं था कि दामाद इतना बड़ा कदम उठा लेगा।

## चंदुखेड़ी मार्ग और सदावल हेलीपैड के प्रगतिरत कार्य का स्पॉट निरीक्षण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी श्री गोपाल डॉड ने मंगलवार दोपहर हरिफाटक से लालपुल, मुरलीपुरा, चन्दुखेड़ी,शंकराचार्य चौराहा मार्ग चौड़ीकरण और लालपुल से जवासिया चौराहा वाया चिंतामण गणेश मार्ग चौड़ीकरण जिसकी लंबाई 19.05 किमी है की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान उक्त कार्य पर इंजीनियर्स और सब इंजीनियर्स की संख्या की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि पर्याप्त संख्या में इंजीनियर्स कार्य के सुपरविजन के लिए रहे यह सुनिश्चित करें।

संभागायुक्त श्री सिंह ने लालपुल के कार्य में फाउंडेशन के डेप्थ की जानकारी ली। एसडीओ लोक निर्माण विभाग श्री प्रफुल्ल जैन ने जानकारी दी कि 15 मीटर तक फाउंडेशन की गहराई है। निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि मार्ग पर कुल तीन रोब एवं शिप्रा नदी पर एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जा रहा है ।पुल की कुल लंबाई 1423 मीटर है जिसमें कुल 53 फाउंडेशन व सब स्ट्रक्चर का कार्य किया जाना है जिसमें से आज दिनांक तक कुल 47 फाउंडेशन व सब स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



#### 6.2 किमी सड़क का कार्य अभी प्रगतिरत

6.2 किमी सड़क का कार्य अभी प्रगतिरत है ,कार्य हरिफाटक से लालपुल तक प्रगतिरत है। साथ ही कुछ जगह पर मार्ग में सबग्रेड का कार्य प्रगतिरत है। ई ई लोक निर्माण विभाग श्री गौतम अहिरवार ने निरीक्षण के दौरान जानकारी दी कि उक्त प्रोजेक्ट दिसंबर 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके पश्चात संभागायुक्त श्री सिंह, कलेक्टर श्री सिंह और विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डॉड ने सदावल हेलीपैड कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। सदावल में चार नग हेलीपैड ,1300 मीटर बाउंड्री वाल एवं एप्रोच रोड का निर्माण किया जा रहा है। आज तक 4 हेलीपैड, बाउंड्री वाल का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है एवं लाउंज ,एप्रोच रोड का कार्य प्रगतिरत है।

### इंदौर-उज्जैन मेट्रो की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर प्रेजेंटेशन की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर से उज्जैन के बीच प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर को लेकर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में साफ हुआ है कि सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौरझउज्जैन के बीच मेट्रो चलाना संभव नहीं होगा। हालांकि, योजना यह है कि सिंहस्थ समाप्त होते ही पूरे कॉरिडोर पर निर्माण कार्य की रफ्तार तेज की जाएगी। इसी माह के अंत में यह रिपोर्ट भोपाल में प्रजेंट की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इच्छा थी कि ट्रायल रन पर चल रही इंदौर मेट्रो को सिंहस्थ से पहले उज्जैन तक बढ़ाया जाए। इसी दिशा में मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने विस्तृत सर्वे कराया था। कॉर्पोरेशन के सूत्रों के अनुसार, सर्वे में सामने आया कि इंदौरझउज्जैन के बीच मेट्रो चलाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर करीब 12,000 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी।

## पंचायत उपनिर्वाचन के लिए पदेन आरओ एवं एआरओ की नियुक्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रौशन कुमार सिंह ने जनपद पंचायत क्षेत्र में पंचायत उप निर्वाचन 2025(उत्तरार्ध) के लिए पदेन रिटर्निंग आफिसर और पदेन सहायक रिटर्निंग आफिसर की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए है। आदेश के तहत जनपद पंचायत उज्जैन की रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण श्रीमती अर्चना गुप्ता और सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार उज्जैन ग्रामीण आलोक चौरे होंगे। इनका अधिकारिता क्षेत्र जनपद पंचायत उज्जैन का संपूर्ण क्षेत्र होगा।

जनपद पंचायत घट्टिया के रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार घट्टिया आदर्श शर्मा और सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार घट्टिया रुपकला परमार होंगे। इनका अधिकारिता क्षेत्र जनपद पंचायत घट्टिया का संपूर्ण क्षेत्र होगा।

जनपद पंचायत तराना के रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार तराना रामस्वरुप जायसवाल और सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार तराना सुश्री टीना मालवीय होंगे। इनका अधिकारिता क्षेत्र जनपद पंचायत तराना का संपूर्ण क्षेत्र होगा। जनपद पंचायत महिदपुर के रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार महिदपुर सुश्री संतुष्टि पाल और सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार घट्टिया राजेश चौहान होंगे। इनका अधिकारिता क्षेत्र जनपद पंचायत महिदपुर का संपूर्ण क्षेत्र होगा। जनपद पंचायत बडनगर के रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार बडनगर सुश्री रुपाली जैन और सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार सुश्री प्रियंका जैन होंगे। इनका अधिकारिता क्षेत्र जनपद पंचायत बडनगर का संपूर्ण क्षेत्र होगा। जनपद पंचायत खाचरौद के रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार खाचरौद प्रकाश परिहार और सहायक रिटर्निंग आफिसर नायब तहसीलदार गुलाब सिंह परिहार होंगे। इनका अधिकारिता क्षेत्र जनपद पंचायत खाचरौद का संपूर्ण क्षेत्र होगा।

प्रचार प्रसार हेतु न्याय-रथ एवं प्रचार वाहन रैली का शुभारंभ

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशांनुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार हेतु मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर से न्याय रथ "लोक अदालत प्रचार वाहन" का पी.सी. गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार अभियान का शुभारंभ किया गया।

उक्त प्रचार अभियान के द्वारा उज्जैन शहर के आमजन के न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य समस्त प्रकार के प्रकरणों में



सस्ता, शीघ्र और सुलभ न्याय प्राप्त कर अपने प्रकरणों का निराकरण कर ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का अवसर प्राप्त कर सके, इस उद्देश्य से उक्त न्याय-रथ द्वारा जिला मुख्यालय उज्जैन शहर के विभिन्न स्थानों पर घूमकर लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया जाएगा तथा आमजन को पम्पलेट वितरित कर 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

इस प्रचार-प्रसार अभियान के प्रकम में नगर पालिका निगम की वाहन रैली भी जिला न्यायालय परिसर से निकाली गई। जिसमें नगर निगम के विभिन्न प्रचार वाहनों को श्री पी.सी. गुप्ता प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पी.सी. गुप्ता द्वारा आमजन से अपील की गई कि वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत में आमजन विद्युत, बैंक, राजस्व आदि के प्रकरणों और न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कर शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते है ।उक्त न्याय-रथ "लोक अदालत प्रचार वाहन एवं नगर निगम की प्रचार वाहन रैली की हरी झंडी दिखाये जाने के अवसर पर कार्यक्रम में पी.सी. गुप्ता प्रधान जिला न्यायाधीश, न्यायाधीशगण अरविंद प्रताप सिंह चौहान, एवं अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण के साथ-साथ नगर पलिका से घनश्याम मचार सहायक आयुक्त, सुनील जैन संपत्तिकर अधिकारी, योगेन्द्र सिंह पटेल उपायुक्त, संतोष शर्मा, हर्ष राठौर, हरून एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफगण उपस्थित रहे।

### कम्प्यूटर ऑपरेटर्स ने अटैच करने पर जताया विरोध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शिक्षा विभाग के आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को एसआईआर कार्य में अटैच किए जाने पर कर्मचारियों में नाराजगी है। ऑपरेटर्स का कहना है कि नियमों के अनुसार आउटसोर्स कर्मचारियों को निर्वाचन से जुड़े कार्यों में लगाया ही नहीं जा सकता, लेकिन उन्हें ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि तीन माह से वेतन भी नहीं मिला है।

## सप्तसागरों की दुर्दशा जारी, एनजीटी के निर्देश भी बेअसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक और प्राकृतिक धरोहरों से समृद्ध नगर में सप्तसागर भी हैं जो बदहाली का शिकार हैं और इस ओर जिला प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। केवल रत्नाकर सागर, विष्णु सागर और रुद्रसागर की ही दशा सुधरी है।

शहर की पहचान मानी जाने वाली शिप्रा नदी इस समय गंभीर प्रदूषण का सामना कर रही है। त्रिवेणी क्षेत्र में कान्ह नदी का पानी रोकने के लिए बनाया गया कच्चा बांध कई बार टूट जाता है, जिसके बाद कान्ह का दूषित पानी शिप्रा में मिलकर रामघाट तक पहुँचता है। पिछले 25 वर्षों से इस समस्या के स्थायी समाधान का प्रयास किया जा रहा है, मगर ठोस सफलता आज तक सामने नहीं आई। यही हालत कई सप्तसागरों की भी है।

**क्षीरसागर-सीवरेज सीधे तालाब में :** क्षीरसागर के आसपास के घरों का सीवरेज सीधे तालाब में गिर रहा है। नगर निगम ने अब तक इसके स्थायी निदान की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की है। लगातार प्रदूषण के कारण तालाब की स्थिति वर्ष दर वर्ष बिगड़ती जा रही है।

# खजूरवाली मस्जिद से जूना सोमवारिया तक चौड़ीकरण, गैलरियां भी पूरी टुटेगी

## जिनकी चौड़ीकरण में पूरी जगह गई वह मुआवजे के लिए लगा रहे हैं नगर निगम के चक्कर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खजूरवाली मस्जिद से जूना सोमवारिया तक चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। चौड़ीकरण में जिन लोगों के भूखंड व दुकानों की पूरी जगह गई है उन्हें मुआवजे के लिए भटकना पड़ रहा है। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उनकी पूरी दुकान व मकान का हिस्सा चौड़ीकरण में टुट गया है ना उन्हें अभी तक मुआवजा दिया गया है नाहीं उनकी अधिकारी कोई सुनवाई कर रहे हैं । जब ऐसे लोग नगर निगम में अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं तो उन्हें संतुष्टि भरा जवाब भी नहीं मिल रहा हैं इस कारण उनकी चिंता और बढ़ गई है। इधर अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेज तैयार कर मुआवजा पत्रक बना कर परिषद में प्रस्तुत किया जाएगा उसके बाद मुआवजा दिया जाएगा।



इधर नगर निगम के अधिकारी एस आई आर के कार्य में व्यस्त होने की वजह से चौड़ीकरण के कार्य में ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। जिसके चलते चौड़ीकरण के कार्य में कई खामियां भी सामने आई है। कुछ क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि चौड़ीकरण में नगर निगम द्वारा जो जगह चिन्हित की गई उस जगह तक लोगों ने मकान तोड़ लिए हैं। लेकिन कुछ जगह नीचे तोड़ दिया है लेकिन ऊपर गैलरी निकल रही है उसे नहीं तोड़ा जा रहा है। नगर निगम के अधिकारी चौड़ीकरण में भेदभाव की नीति अपना रहे हैं वहीं लोगों का यह भी कहना है कि ना नपती की गई ना ऊपर का हिस्सा तोड़ा है और नाली की खुदाई का काम शुरू कर दिया है खजूर वाली मस्जिद से भार्गव मार्ग तक नाली भी खोद दी है।

### इन्होंने यह कहा..

इधर नगर निगम के अधिकारी राजकुमार राठौर का कहना है कि जिन लोगों की गैलरी टूटना बाकी है उसे जल्द ही तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी वहीं नाली की खुदाई शुरू हो गई है तथा उसके बाद पोल शिफ्ट करने का कार्य किया जाएगा और फिर पीएचई की लाइन डालकर रोड का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# फूल बंगले में सिंधिया राजवंश की वेशभूषा में विराजेंगे वीर हनुमान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकाल वन कार्तिक चौक स्थित स्वयं-भू प्राचीन दक्षिण मुखी श्री वीर हनुमान मंदिर पर 10 से 16 दिसंबर तक श्री वीर हनुमान अष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जस्सू गुरु महाराज, पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया कि 10 दिसंबर को शिखर ध्वज पूजन के साथ महोत्सव की शुरूआत हुई व पूजन-अर्चन के पश्चात प्रातः 11.30 बजे श्री वीर हनुमान भक्त मंडल की मंडली के द्वारा संगीतमय श्री अखंड रामायण जी के पाठ का शुभारंभ किया गया।

आज 11 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे रामायण जी के पाठ की पूर्णाहुति व हवन किया जाएगा। 12 दिसंबर को मुख्य वीर हनुमान अष्टमी पर्व पर शाम 6 से रात 10 बजे तक दिव्य झांकी श्रृंगार दर्शन होंगे। रात 8 बजे ढोल-ढमाकों के साथ महाआरती की जाएगी तथा भोग प्रसाद वितरित होगा।

अष्टमी महोत्सव के दौरान भगवान श्री वीर हनुमान जी महाराज फूलों के बंगले में विराजित होकर सिंधिया राजवंश की मखमली जरी की वेशभूषा धारण कर भक्तों को दिव्य दर्शन देंगे। इस दौरान भक्तों को श्री रामायण जी की चौपाइयां एवं हवन के साथ अभिमंत्रित किए हुए सवा लाख रक्षा सूत्र निशुल्क बांटे जाएंगे।

अष्टमी महोत्सव के अंतर्गत 15 दिसंबर को प्रातः 11 बजे नारायण भोग होगा व 16 दिसंबर को श्री वीर हनुमान जनकल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के द्वारा प्रसाद के साथ जरूरतमंदों को गर्म वस्त्रों का निशुल्क वितरण किया जाएगा।

# श्री शिप्रा सिद्ध हनुमान मंदिर पर कल से होगा अखंड रामायण का आयोजन



श्री शिप्रा सिद्ध विजय हनुमान

**उज्जैन।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी को लेकर श्री शिप्रा सिद्ध विजय हनुमान मंदिर भैरवगढ़ सिद्धवट पर अखंड रामायण का पाठ रखा गया है।

जानकारी देते हुए मुख्य पुजारी दिनेश जोशी, चंदन जोशी संयोजक अरुण सक्सेना ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार भी शिप्रा सिद्ध विजय हनुमान मंदिर भैरवगढ़ सिद्धवट पर हनुमान अष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। कल 12 दिसंबर गुरुवार को दोहपर 1 बजे से अखंड रामायण का पाठ शुरू होगा। साथ ही महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामीं द्वारिकाधीश मेहता पिता श्री शिवनारायण जी मेहता निवासी उन्हेल व कृषक ग्राम हताई तहसील नागदा जिला उज्जैन से उनके आधिपत्य व स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 724 रकबा 0.38 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 725 रकबा 0.30 हेक्टर, कृषि भूमि सर्वे नं0 696 रकबा 0.37 हेक्टर, कुल कित्ता 3 कुल रकबा 1.05 हेक्टर स्थित ग्राम ग्राम हताई तहसील नागदा जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त कृषि भूमि को मय जमीन तला व हवाई हक सहित क्रय करने का लिखित अनुबंध किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं और अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष विक्रय धनराशि भूमि स्वामी को अदाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त सपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे सबधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 10 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
इति दिनांकः 11-12-2025 उज्जैन

**अभिषेक सिंह सिकरवार, एडव्होकेट**
**सिटी कार्यालय 15. कलालसेरी चौक, उज्जैन**
**कार्यालय - डी-3, भरतपूरी प्रशासनिक क्षेत्र, उज्जैन**
**मो.नं.- 88277-65533, 70001-92470**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड क्रमांक डी-7/6 श्रेणी एसआरएमआईजी त्रिवेणी विहार आवासीय योजना" उज्जैन म०प्र० में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 216-00 वर्गमीटर है। जिसके उत्तर/पूर्व में भवन क्रमांक डी-7/7, दक्षिण / पश्चिम में भवन क्रमांक डी-7/5, पश्चिम/उत्तर में खुली भूमि व पूर्व / दक्षिण में सड़क स्थित है। उक्त भूखण्ड को मेरे पक्षकार ने भूखण्ड़ स्वामी 1. डॉ. मनीष शर्मा पिता श्री नरेन्द्र शर्मा, 2. श्रीमती कृति जोशी पति डॉ. मनीष शर्मा, निवासी-सी 14/30, ऋषिनगर, उज्जैन म.प्र. से क्रय करने का अनुबंध कर भूखण्ड स्वामी को बयाना राशि अदा कर दी हैं, रोष खशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना हैं। उक्त भूखण्ड़ पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक :-10/12/2025

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**शॉप नंबर- ए-17 भरतपुरी काम्प्लेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 9827299159**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार कैलाशचंद्र विश्वकर्मा पिता श्री लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, निवासी-एल-7, तिरूपतिधाम कानीपुरा मार्ग, उज्जैन का पुत्र शुभम विश्वकर्मा पिता कैलाशचंद्र विश्वकर्मा, निवासी ढांचा भवन जो कि अवज्ञाकारी है, कुसंगति में है, तथा हमारे कहने में नहीं है तथा आवारागर्दी करता है तथा लोगों से रुपए लेने का आदि है इस कारण मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पुत्र शुभम विश्वकर्मा के खराब आचरणों के कारण उसको अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अब मेरे पक्षकार का अपने पुत्र से कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा है तथा मेरे पक्षकार का पुत्र शुभम विश्वकर्मा मेरे पक्षकार से विगत 6 माह से पृथक निवास कर रहा है। उक्त कारण अब भविष्य में मेरे पक्षकार का उसके पुत्र शुभम विश्वकर्मा से कोई संबंध नहीं रहा है तथा भविष्य में कोई भी व्यक्ति, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या अन्य कोई किसी भी प्रकार का वित्तीय लेनदेन व संव्यवहार मेरे पक्षकार के पुत्र शुभम विश्वकर्मा से न करें। भविष्य में अगर कोई व्यक्ति, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या अन्य किसी के द्वारा मेरे पक्षकार के पुत्र शुभम के साथ किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय लेनदेन या संव्यवहार करता है तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी व्यवहार करने वाले की होगी एवं मेरे पक्षकार के पुत्र शुभम विश्वकर्मा के विरूद्ध भविष्य में किसी प्रकार की पुलिस व न्यायालयीन कार्यवाही होती है तो इसके भी यह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरे पक्षकार की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सो सूचित हो।
इति दिनांक : 10/12/2025

**अजय कुमावत, एडवोकेट**
**कार्यालयः कोर्ट परिसर श्री बंदीछोड़ हनुमान मंदिर के सामने, उज्जैन म.प्र., मोबा-9993364312**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि प्रकाश थानी पिता श्री गोवर्धनदास जी थानी निवासी- आदर्श विक्रम नगर उज्जैन म.प्र. के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका सुविधा अनुसार भूमि क्रमांक बी-7 होकर जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 343/2/2/मिन-1, 343/3/2, 344/1, 358 कुल किता 04 कुल रकबा 1.4680है. मे से रकबा 0.0470है. ग्राम उण्डासा तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है। उक्त भूमि को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि मे विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 05 से 07 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।
इति दिनांक 10/12/2025

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन म.प्र., मोबाइल नं. 8839742938**

## खण्डन जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सुवित किया जाता है कि, दिलीप गुप्ता पिता श्री माणकलालजी गुप्ता, निवासी सी-1, एल आईजी ऋषि नगर उज्जैन एवं राजेन्द्र कुमार जोशी पिता लक्ष्मणजी जोशी निवासी 306, पार्श्वनाथ कालोनी, उज्जैन द्वारा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 29.11.2022 को एक जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया गया था. जिसकी प्रति दिलीप गुप्ताजी द्वारा मेरे पक्षकार को दिनाक 09.12.2025 को प्रदान की गई है। उक्त जाहिर सूचना का खण्डन मेरे पक्षकार पूर्णिमा चौत्रऋषिया पति अभिषेक शर्मा, निवासी 38 कोट, मोहल्ला उज्जैन की ओर से किया जा रहा है। मेरे पक्षकार द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं 40 रकबा 0.10 हेक्टेयर ग्राम मतानाकला तहसील व जिला-उज्जैन को विक्रय करने का सौदा राशि 55,00,000/- (पचपन लाख रुपए) मे अनुबंध पत्र सम्पादित कर किया था। जिसमें बयाना राशि भी प्राप्त की गई थी. किन्तु अनुबंध अनुसार दिलीप गुप्ता एवं राजेन्द्र जोशी द्वारा लोन न होने का हवाला देते हुए विक्रय पत्र सम्पादन करने में असहमति जताई और उक्त अनुक्ध पत्र को निरस्त किये जाने पर निवेदन मेरे पक्षकार से किया मेरे पक्षकार द्वारा दिलीप गुप्ता एवं राजेन्द्र जोशी द्वारा किये निवेदन को स्वीकार करते हुए उक्त कृषि भूमि के संबंध में हुए अनुबंध पत्र को दोनों पक्षों की सहमति से निरस्त किया गया और दिलीप गुप्ता एवं राजेन्द्र जोशी को बयाने में प्राप्त राशि के भुगतान स्वरूप चेक प्रदान किये, जो दिलीप गुप्ता एवं राजेन्द्र जोशी द्वारा सहमति से स्वीकार किये गये और अनुबंध पत्र दिनांक 12.07.2024 को सम्पादित अनुबंध दोनों पक्षों की सहमति से मौखिक निरस्त किया गया। इस कारण उक्त अनुबंध पत्र के संबंध में किसी प्रकार की कोई कार्यवाही करने का अधिकार दिलीप गुप्ता एवं राजेन्द्र जोशी को प्राप्त नहीं है और उपरोक्त सम्पत्ति को विक्रय करने, हस्तांतरित करने, दान करने आदि समस्त अधिकार मेरे पक्षकार को प्राप्त है। इस कारण यह खण्डन जाहिर सूचना का मेरी पक्षकार की ओर से प्रेषित किया जा रहा है।

अतः दिलीप गुप्ता एवं राजेन्द्र जोशी उक्त अनुबंध पत्र में उल्लेखित भूमि के संबंध में मेरी पक्षकार के विरुद्ध किसी प्रकार की कोई असत्य कार्यवाही न करें अन्यथा विवश होकर मेरी पक्षकारा को भी आप महोदय के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने को बाध्य होना पडेगा, जिसके समस्त परिणामों के लिये दिलीप गुप्ता एवं राजेन्द्र जोशी स्वयं उत्तरदायी होंगे और विवाद की स्थिति में संपूर्ण हर्जा खर्चा भी दिलीप गुप्ता एवं राजेन्द्र जोशी से वसूला जावेगा। सो सूचित हो।

**मितेश भार्गव, कार्यालय 201 द्वितीय मंजिल**
**सिटी ट्रेड सेंटर, बड़ा सराफा, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 98270-15951, 94248-15951**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सलमा पति हकीमुद्दीन चौबारावाला निवासी 38, इब्राहिमपुरा बाखल उज्जैन म.प्र. से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 283/2 का खुला भाग 2310 वर्गफीट स्थित ग्राम खिलचीपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया है तथा शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है यदि उक्त कृषि भूमि में कोई अपना स्वत्व या हिस्सा रखता हो या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी, सूचित हो ।
इति दिनांकः-10-12-2025 उज्जैन

**शिवानी पांचाल एडवोकेट, 312, सिद्धी विनायक ट्रेड सेन्टर शहीद पार्क उज्जैन जिला उज्जैन**
**मोबाईल नंबर 9826455631, 8839971061**

## PUBLIC NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN to the general public- that our Client intends to take on lease the property bearing Survey no. 37 Area 1.50 Hec., 48 Area 1.54 Hec. Total Area 3.04 Hec. Into Area 2.56 Hq. Situated at Village Kamthani, Tehsil Khachrod, District Ujjain Madhya Pradesh ("Subject Property") from its owner 01 Mr. Jankilal S/o Udaji, 02 Mr. Vishram S/o Udaji R/o Village Kamthani, Tehsil Khachrod, District Ujjain (M.P.)

If any person / entity / Bank or Financial Institution having or claiming any right, title, claim, benefit, estate, share, demand or interest of any nature whatsoever in respect of the Subject Property or any part thereof by way of sale, transfer, exchange, assignment, muniment, charge, gift, covenant, trust, license, tenancy, share, sub-tenancy, inheritance, claim, let, lease, sub-lease, lien, mortgage, easement, devise, bequest, hypothecation, encumbrance, possession, development rights, possession in part performance, partnership, family arrangement/ settlement, lis pendens, decree or order of any Court of Law or otherwise howsoever, by operation of law or otherwise, is hereby called upon to make the same known in writing, with notarized documentary proof, to the undersigned within 07 (Seven) days from the date of publication of this notice, failing which it shall be presumed that no adverse right, title, interest, share, claim or demand of any nature whatsoever exists into or upon or in respect of the Subject Property and the title and possession of the owner mentioned above to the Subject Property is clear and marketable.

**Vaibhav Suri / Manjul Mantri, Advocates, Cyril Amarchand Mangaldas, Leval 1 & 2, Max Towers, C-001/A, Secter 16B, Noida, Uttar Pradesh 201301, Ph: 0120-669 9000**
**Email ID: vaibhav.suri@cyrilshroff.com**
**Manjul.mantri@@cyrilshroff.com**

## सार्वजनिक सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 37 रकबा 1.50 हे0, 48 रकबा 1.54 हे0 कुल किता 2 कुल रकबा 3.04 हे0 में से रकबा 2.56 हे० ग्राम कमठानी, तहसील खाचरौद, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक 01 जानकीलाल पिता उदाजी, 02 विश्राम पिता उदाजी, निवासीगण ग्राम कमठानी, तहसील खाचरौद, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से लीज पर लेने के इच्छुक है।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी / व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विकय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिकी या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी / व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**वैभव सूरी / मंजुल मंत्री, एडवोकेट्स एण्ड सॉलिसिटर्स, सिरिल अमरचंद मंगलदास, लेवल 1 एवं 2, मैक्स टॉवर, सी-001/ए, सेक्टर 16 बी, नोएडा-201301, उत्तरप्रदेश इंडिया,**
Email ID: vaibhav.suri@cyrilshroff.com
Manjul.mantri@@cyrilshroff.com

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड के समक्ष राजेन्द्र कुमार मोदी पिता श्री सत्यनारायण जी मोदी निवासी धाकड़ धर्मशाला के पास, उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन जिसका पार्सल आई डी नंबर 274 जिसका कुल क्षेत्रफल 75.60 वर्गमीटर स्थित स्टेशन रोड़ मोहल्ला पुराना बसस्टेण्ड से डाक बंगले के मध्य वार्ड नंबर 14. गाईड लाईन अनुसार वार्ड नंबर 13, नगर पंचायत सीमा उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जैन जिसके पूर्व में जवाहरलाल जैन का मकान, पश्चिम में-सिद्धनाथ नरवाड़िया का मकान, उत्तर में स्टेशन रोड़ एवं दक्षिण में गली है, को बंधक कर ऋण सुविधा की मांग की है। उक्त भवन के स्वामी रामलाल पिता वरधीचंद जी थे उनके द्वारा उक्त भवन को पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 1238 दिनांक 24.07.1992 के द्वारा सत्यनारायण पिता श्री बापूलाल जी मोदी को विक्रय किया गया तत्पश्चात सत्यनारायण पिता श्री बापूलाल जी मोदी एवं उनकी पत्नि श्रीमती शकुंतला मोदी का स्वर्गवास हो जाने पर उक्त संपत्ति उनके उत्तराधिकारीगण संजय मोदी, राजेन्द्र कुमार मोदी पुत्रगण स्वर्गीय श्री सत्यनारायण मोदी एवं श्रीमती संगीता पोरवाल पुत्री श्री सत्यनारायण मोदी को उनके वैध वारिस एवं उत्तराधिकारी होने के नाते उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ तथा संजय मोदी पिता श्री सत्यनारायण मोदी एवं संगीता पोरवाल पुत्री श्री सत्यनारायण मोदी द्वारा उक्त भवन में निहित 2/3 अंश को अपने भाई राजेन्द्र मोदी पिता श्री सत्यनारायण मोदी के हित में हकत्याग दस्तावेज क्रमांक MP43172023A12334863 दिनांक 05.09.2023 के द्वारा करवा लिया गया इस प्रकार वर्तमान में उक्त संपूर्ण भवन के स्वामी एवं आधिपत्यधारी राजेन्द्र मोदी पिता श्री सत्यनारायण मोदी हैं, तथा उनके द्वारा यह कथन किया है कि, उनके अतिरिक्त स्वर्गीय सत्यनारायण पिता श्री बापूलाल जी मोदी का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उत्तराधिकारी नहीं है, यदि उक्त भवन को बंधक किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति किसी के पास गिरवी हो एवं उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकारा आदित्य बिरला केपिटल लिमिटेड द्वारा बधक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो ।
दिनांक :-10.12.2025

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट, 11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रिगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर 9827228461**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम चाक्या पटवारी हल्का सम्बर 200028 तह माकडोन जिला उज्जैन में स्थित भुमि विक्रेता पप्पूसिंह पिता बाबूसिंह राठोर जाति राजपूत आयु 39 वर्ष निवासी ग्रामः भोल्डिया तहसील माकडोन जिला उज्जैन के आधिपत्य एवं स्वामित्व कि कृषी भुमि सर्वे नम्बर 508/1 रकबा 0.21 हेक्टर, सर्वे नंबर 508/2 रकबा 0.66 हेक्टर, सर्वे नंबर 508/3 रकबा 0.66 हेक्टर, सर्वे नंबर 508/4 रकबा 0.15 हेक्टर, सर्व नंबर 515/1रकबा 0.27 हेक्टर, सर्वे नंबर 515/2 रकबा 0.51 हेक्टर कुल किता 6 कुल रकबा 2.46 हेक्टर (दो दशमलव चार छः है.) व विक्रेता तरुण चौधरी पिता राजेन्द्र चौधरी जाति कुमावत आयु 37 वर्ष निवासी 1210 केशरिपुरा वार्ड नंबर 13 सांवेर जिला इंदौर के आधिपत्य एवं स्वामित्व कि कृषी भुमि सर्वे नम्बर 506/1 रकबा 0.44 हेक्टर, सर्वे नंबर 506/2 रकबा 0.52 हेक्टर, सर्वे नंबर 506/3 रकबा 0.47 हेक्टर, सर्वे नंबर 506/4 रकबा 0.53 हेक्टर, सर्वे नंबर 507/1 रकबा 0.10 हेक्टर, सर्वे नंबर 507/2 रकबा 0.04 हेक्टर, सर्वे नंबर 507/3 रकबा 0.04 हेक्टर, सर्वे नंबर 507/4 रकबा 0.03 हेक्टर, सर्वे नंबर 511 रकबा 0.65 हेक्टर कुल किता 9 कुल रकबा 2.82 हेक्टर (दो दशमलव आठ दो है.) स्थित है। उपरवर्णितः दोनो विकेताओं द्वारा बिक्रय कि जा रही कुल भुमि 5.28 हेक्टर भुमि क्रेता सोदानसिंह पिता झीतुसिंह निवासी हासलपुर झिर्निया तह माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश द्वारा खरीदी गई है। जिसका आंशिक बयाना भी अदा कर दिया गया है । जिस किसी को भी उक्त भुमि सम्बन्धीत लेख या दस्तावेज हो या लेन देन हो या उक्त भूमि संबंधित कोई आपत्ति हो, मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित हो कर आज दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर आपत्ति दर्ज करा सकता है। एक सप्ताह बाद आपत्ति मान्य नहीं कि जावेगी।
दिनांक : 10.12.2025

**कार्यालय एड्व्होकेट, मिर्जा असद बैग कोर्ट परीसर नयापुरा रोड़ तराना, मोबा., 7415348079**

## खास न्यूज

### होमगार्ड सैनिकों ने क्षिप्रा नदी में कूदकर बचाई 3 की जान



**उज्जैन।** देशभर से आस्था का नहान करने क्षिप्रा नदी आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये घाटों पर होमगार्ड और एसडीआरएफ जवानों की तैनाती कई है। जवानों द्वारा मुस्तैद रहकर क्षिप्रा में डूबते श्रद्धालुओं की जान बचाने का काम किया जा रहा है। बुधवार सुबह 9.30 बजे होमगार्ड जवानों ने बड़ा हादसा होने से बचा लिया। सैनिक ईश्वर चौधरी ने बताया कि आरती द्वार के सामने तीन महिलाओं को डूबता देख सैनिक आशीष चौहान ने तत्कान नदी में छलांग लगा दी। महिलाओं को बचाने के लिये ड्युटी पर तैनात सैनिक सन्नी परमार, सुरेश सोलंकी भी पहुंच गये। सभी की मदद से तीनों महिलाओं को सुरक्षित बचाकर बाहर निकाल लिया गया। सैनिक ईश्वर ने बातया कि तीनों महिला महाराष्ट्र की रहने वाली है। 16 सदस्यों का दल धार्मिक यात्रा पर आया हुआ है। सुबह नहान के लिये सभी घाट पर पहुंचे थे। महिलाओं ने बताया कि वह पानी में डूबकी लगाने उतारी थी, उसी दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई, तीनों ने एक-दूसरे का बचाने का प्रयास भी किया लेकिन तैराना याद नहीं होने पर गहराई में चली गई थी। महिलाओं के परिजनों ने तीनों की जान बचने पर होमगार्ड सैनिकों का आभार माना।

### पाइप लाइन फूटने पर परिवार के 2 पक्षों में मारपीट

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम पाट में आंजना परिवार के मांगीलाल पिता चंदर आंजना और विजयसिंह पिता मालकसिंह आंजना के बीच पाइप लाइन फूटने की बात पर विवाद हो गया। दोनों के परिवार विवाद में शामिल हो गये और एक-दूसरे पर लात-घूंसों डंडो से हमला किया। मामला थाने पहुंचने पर मांगीलाल ने आरोप लगाया कि घर के अंदर पाइप लाइन फोड़ दी गई थी। वहीं विजय का आरोप था कि जबरन पाइप फोड़ने का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की गई है। पुलिस ने दोनों की ओर से क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया

### केन्द्रीय जेल में मनाया गया मानव अधिकार दिवस

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में बुधवार को मानव अधिकार दिवस मनाया गया। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि कार्यक्रम में आदित्य मानव विकास शोध संस्थान की अध्यक्ष डॉ. अंजना शुक्ला उपस्थित रही। उन्होने संस्थान की ओर से जेल अस्पताल के लिये 10 गद्दे भेंट किये। कार्यक्रम के दौरान उन्होने मानव अधिकारों के बारे में बताया। तत्पश्चात जेल प्रशासन की ओर से जेल में परिरूद्ध बंदियों के मानव अधिकारों की सुरक्षा की बात और बंदियों के पुनर्वास, उत्थान के लिये चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जसमनसिंह डावर उपअधीक्षक (प्रशासन), सुरेश गोयल, प्रवीण कुमार मालवीय, प्रिंससिंह सहायक अधीक्षक सहित जेल स्टॉफ और बंदी मौजूद रहे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 890-7 | 350-8 |
| मेन बाजार | | 235-0 | 168-5 |
| कल्याण नाइट | | 588-1 | 245-1 |
| मिलन डे | | 149-4 | 490-3 |
| मिलन नाइट | | 148-3 | 380-1 |
| मधुर डे | | 378-8 | 130-4 |
| मधुर नाइट | | 557-7 | 138-2 |
| शुभांक | 3 | 8 | 0 |

### जहर खाकर 3 लोगों ने किया जान देने का प्रयास

**उज्जैन।** बुधवार को तीन अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले 2 युवकों और एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। तीनों को हालत बिगड़ने के बाद परिजन ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। अस्पताल स्टॉफ ने बताया कि पहला मामला कोयला फाटक क्षेत्र से कोमल पति मुकेश 32 वर्ष का है। जिसे परिजन उपचार के लिये लेकर आये थे। दूसरा मामला कमल कालोनी के रहने वाले महेन्द्र पिता रामकांत 28 वर्ष और तीसरा संदीप पिता हुकुमसिंह 19 वर्ष निवासी वर्माजी का कुआं पंवासा का है। तीनों का उपचार चल रहा है। तीनों की जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हलत की सूचना चिमनगंज-पंवासा थाना पुलिस को दी गई है।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य/ कार्यों के लिए खुली ई-निविदा निविदा संख्या: **GEM/2025/B/6978313 के विरुद्ध अंतिम तिथि 02.01.2026 17:00:00 बजे) (दो पैकेट सिस्टम)** आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बिड़ जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफ़र को अनदेखा कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस मे नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एवं स्थान:** रतलाम मंडल के इंदौर और डॉ अम्बेडकरनगर कोचिंग डिपो में एसी कोचों से पर्दों को हटाना, मशीनीकृत धुलाई, इस्त्री, मरम्मत और लगाना (दो वर्ष की अवधि के लिए)। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 83,16,426.62 (सभी कर ड्यूटीज एवं जी. एस. टी. सहित)। **बयान राशि:** रु. 1,66,330/-. **समापन अवधि:** एल.ओ.ए जारी होने की तारीख से 02 वर्ष। **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी:** कार्यालय - वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर। **निविदा फार्म जमा करने का अंतिम समय:** 17:00 बजे दिनांक 02.01.2026 तक जमा करने का समय। **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** निविदायें GEM वेबसाईट पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध मे कोई भी जानकारी वरि कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, कार्यालय (प.रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

**वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर**
SPAN/3/1/371 **पश्चिम रेलवे, रतलाम**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

काम की तलाश में आकर चुराये थे 40 हजार और बाइक

# बदमाश की 2 सालों से थी तलाश, गिरफ्तारी पर था 5 हजार का इनाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

काम की तलाश में आकर होटल के काउंटर से 40 हजार और बाहर खड़ी बाइक चोरी कर भागे बदमाश को 2 साल बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद लगातार फरार चलने पर उसकी गिरफ्तारी पर एसपी प्रदीप शर्मा ने 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया था।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि 10 जून 2023 को थाना क्षेत्र में शिवकृपा होटल संचालित करने वाले धर्मेन्द्र पिता धीरजसिंह राजपूत निवासी ग्राम आसेर थाना कायथा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके काउंटर के गल्ले से 40 हजार रूपये नगद और बाहर खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 13 ईआर 9704 के साथ 2 मोबाइल चोरी कर युवक भाग निकला है। मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। जांच में



आरोपी का नाम मोहम्मद शादाब उर्फ राजू पिता मोहम्मद नवाब निवासी निवासी ग्राम बरोदा निंदुरा, लालगोपालगंज थाना हथिगवा, तहसील कुंडा, जिला प्रतापगढ़ (उ.प्र.) सामने आया था। जिसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। बदमाश की लगातार तलाश जारी थी। इस दौरान 2 साल बाद प्रधान आरक्षक वैभवसिंह को आरोपी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। प्रधान आरक्षक ने आरक्षक अल्केश, चैनसिंह राठौर, आनंदीलाल और अभिषेक के साथ गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये। उत्तरप्रदेश पुलिस से संपर्क किया गया, मंगलवार शाम फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया।

### 4 माह बाद प्रयागराज में मिली थी बाइक

थाना प्रभारी बादल ने बताया कि बाइक, नगदी और मोबाइल चोरी कर भागे बदमाश की तलाश लगातार की जा रही थी, इस बीच चोरी के 4 माह बाद अक्टूबर 2023 में खबर सामने आई थी कि उज्जैन से चोरी हुई बाइक के साथ युवक प्रयागराज थाना सिविल लाइन कमिश्नरेट की हिरासत में आया है। जिससे बाइक जप्त की गई है। युवक को कोर्ट में पेश किया गया है। उज्जैन पुलिस बदमाश की गिरफ्तारी के लिये प्रयागराज पहुंचती बदमाश युवक को जमानत मिल गई थी। पुलिस बाइक जप्त कर उज्जैन ले आई थी लेकिन आरोपी फरार हो गया था।

### दोनो मोबाइल बेचे, खर्च किये रूपये

बताया जा रहा है कि 2 साल बाद इनामी आरोपी के हिरासत में आने पर उससे चुराये गये रूपयों और मोबाइल बरामदगी के प्रयास किये गये तो उसने कबूल किया कि दोनों मोबाइल ट्रक चालक को बेच दिये थे। वहीं रूपये खर्च कर दिये है। जिसके चलते उससे बरामदगी नहीं हो पाई।

# 2026 के आगाज से पहले महाकाल क्षेत्र में होटलों की चेकिंग

## परदेशी पैलेस में मिली अनियमिता, मलिक कर्मचारियों पर केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नववर्ष 2026 का आगाज होने में 20 दोनों का समय शेष बचा है। देशभर से श्रद्धालु नव वर्ष पर बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचेंगे, उससे पहले पुलिस ने मंदिर क्षेत्र के आसपास श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए होटल, लॉज और धर्मशालाओं की चेकिंग का अभियान शुरू कर दिया है। होटल परदेशी पैलेस में अनियमित मिलने पर मालिक और कर्मचारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि होटलों पर निगरानी तथा असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के दिशाझनिर्देशन पर मंदिर क्षेत्र में बनी होटल लॉज और धर्मशालाओ की चेकिंग का अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान होटल परदेशी पैलेस मैं चेकिंग के दौरान कई अनियमितता होना सामने आई। यात्री रजिस्टर की चैक करने पर पाया गया कि आनेझजाने वाले यात्रियों




की इंट्री व्यवस्थित रूप से दर्ज नहीं है। कई यात्रियों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर नहीं थे।

8 दिसंबर को कमरा नंबर 111 में ठहरे चौधरी नितिन एवं उसके साथ आई महिला यात्री की कोई जानकारी रजिस्टर में उपलब्ध नहीं थी। उक्त महिला की आईडी भी होटल संचालक और कर्मचारियों द द्वारा प्राप्त नहीं की गई।

यात्रियों की सूचना पुलिस थाने को भेजी जाती है, उसे रजिस्टर में केवल एक यात्री का नाम दर्ज था, जबकि उसके साथ आए अन्य व्यक्तियों की जानकारी दर्ज नहीं की गई थी। अनियमिता मिलने होटल संचालक यश पिता ध्रुव नारंग निवासी इंद्रालय हाईलेंड कॉलोनी थाना नीलगंगा और होटल कर्मचारी गोविंद पिता गणपतसिंह, निवासी तुलायडा थाना घटिया को थाने लाकर पूछताछ की गई। दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पूछताछ में पाया गया कि होटल संचालक और कर्मचारियों द्वारा धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन किया गया। दोनों के खिलाफ धारा 223(ए) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार नागरिक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए होटलों, लॉज व अन्य संवेदनशील स्थलों पर चैकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# युवक कांग्रेस ने फूंका राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का पुतला



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के खिलाफ उज्जैन में युवक कांग्रेस उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी कर देवासगेट क्षेत्र में पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन प्रतिमा बागरी के भाई के खिलाफ हाल ही में सामने आए गंभीर प्रकरण के चलते किया गया। उनके भाई को लगभग 46 किलो गांजा तस्करी के मामले में पकड़ा गया।

यश जैन ने कहा कि यह प्रदेश की व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। जिस परिवार का सदस्य इतने बड़े नशीले पदार्थ की तस्करी में लिप्त पाया गया हो, उस परिवार से जुड़े जनप्रतिनिधि को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। संगठन ने मांग की कि सरकार इस मामले में कठोर कार्रवाई करे और तस्करी से जुड़े सभी लोगों पर सख्त कानूनी कदम उठाए।

प्रदर्शन में अर्पित यादव जिला अध्यक्ष, दीपेश जैन पूर्व अध्यक्ष, प्रतीक जैन प्रदेश महासचिव, शिव लश्करी, वरुण शर्मा, संचित शर्मा, सोनू यादव, अभिषेक कुशवाह जिला महासचिव, यश चोपड़ा ब्लॉक अध्यक्ष, वीरभद्र वर्मा, अभिषेक परमार, असलम भाई, लखन गहलोत, अंकित भारद्वाज, हर्ष जैन, आयुष बागोरिया, सालिक मस्तान, राजवीर राणा, आयुष बरोड़, संदीप पवार सहित युवक कांग्रेस के अन्य साथी उपस्थित थे। युवक कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह विरोध किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि नशा तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ है। संगठन ने भविष्य में भी नशे और अपराध के विरोध में ऐसे अभियानों को जारी रखने की बात कही।

### हिरासत में दादा बताकर रूपये मांगने वाला बदमाश

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल का दादा बताकर बदमाश अनिल उर्फ सिद्धू पिता सुरेशचंद्र ने मंगलवार को दूध लेकर घर लौट रहे अनस कुरैशी को रोक लिया था और शराब पीने के रूपयों की मांग करने लगा था। अनस के मना करने पर बदमाश ने लात-घूंसों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। अनस की शिकायत पर देवासगेट थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बदमाश की तलाश के लिये प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र प्रधान, आरक्षक सुमित, विनोद, राजेश, शैलेश, तरुण, सुनील और सोनू को हीरामिल की चाल रवाना किया। 24 घंटे की तलाश के बाद बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी पाराशर ने बताया कि बदमाश अपराधिक प्रवृति का है। जिसके खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है। बदमाश आये दिन क्षेत्र में भय और अशांति का वातावरण निर्मित करता है। जिसके खिलाफ आवश्यक धाराओं में कार्रवाई की गई है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जीवन सिंह पिता श्री करण सिंह जाति आंजना निवासी व कृषक ग्राम मीण तहसील घटिया जिला उज्जैन म0प्र0 ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 4/3/2 रकबा 2.60 हेक्टर में से विक्रीत रकबा 0.40 हेक्टर, कुल किता 01 कुल रकबा 0.40 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम मीण तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 09-12-2025

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर) तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घट्टिया जिला उज्जैन मो.नं.8719997462, 9584898788**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि में जुल्फिकार अली (ZULFIKAR ALI) पिता अनवर अली ( ANWAR ALI) जाति मुसलमान निवासी मिर्जा गालिब पथ बडनगर जिला उज्जैन पूर्व में मेरा नाम जुईफकार अली (JUIFKAR ALI) पिता अनवर अली (ANWAR ALI) था चुकी अब मेरा नाम जुल्फिकार अली (ZULFIKAR ALI) पिता अनवर अली ( ANWAR ALI) हो चूका है। अतः मेरे सभी कागजो में अभी वर्तमान मे यही नाम लिखा हुआ है। अब मुझे सही नाम जुल्फिकार अली (ZULFIKAR ALI) के नाम से जाना जाये। दिनांक-10-12-2025

**जुल्फिकार अली पिता अनवर अली निवासी मिर्जा गालिब पथ बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश- 456771, मो. 9009279263**

**जाहीर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन क्रमांक 43 भक्त नगर दशहरा मैदान के पास उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 139.29 वर्गमीटर है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व- कॉलोनी कि सड़क, पश्चिम मे- भवन क्रमांक 40, उत्तर में- भवन क्रमांक 44 एवं दक्षिण में - भवन क्रमांक 42 स्थित है। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्रीमति श्वेता चिंचोलीकर पति अनिल चिंचोलीकर निवासी- 43 भक्त नगर दशहरा मैदान के पास उज्जैन से किया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा करके उक्त भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त भवन में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भवन के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैधानिकता के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन मूल स्वामीगण से अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 10/12/2025

**तेजपाल परिहार एडवोकेट, ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन, मोबाइल न. 9301860352**

# बाथरूम में रस्सी के फंदे पर लटकी मिली नवविवाहिता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मासूम बेटी को कमरे में छोड़कर नवविवाहिता ने बाथरूम में शॉवर से रस्सी बांध फांसी लगा ली। परिजनों को घटना का पता चला तो पुलिस को सूचना दी गई। एफएसएल जांच के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर नवविवाहिता का पोस्टमार्टम कराया है।

चिमनगंज थाना एएसआई मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर को यादव नगर में रहने वाली मुस्कान पति तरूण प्रजापत 24 साल का शव रस्सी के फंदे पर बाथरूम में शॉवर से लटका होने की खबर मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के लिये एफएसएल टीम को बुलाया गया। घटनास्थल पर जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये शासकीय चरक अस्पताल भेजा गया। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि मुस्कान एक बेटी की मां थी, कुछ साल पहले ही शादी हुई थी, मायके विजयागंजमंडी के पास का है। पति तरूण लॉन्ड्री का काम करता है, घटना के समय वह काम से गया हुआ था।

परिवार ने घर में किसी भी प्रकार की परेशानी होने से इंकार किया। मुस्कान के मायके पक्ष को सूचना दी गई थी, जिनके आने पर शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिये सौंपा गया। एएसआई विश्वकर्मा के अनुसार प्रारंभिक जांच में फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद पता चल पायेगा कि नवविवाहिता ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर/रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यों के लिए खुली **GeM निविदायें GEM/2025/B/6971407, GeM पर अपलोड करने की तिथि: 05.12.2025** (Open tender, Two Packet system) आमंत्रित की जाती है। यदि किसी कारणवश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस मे नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एवं स्थान:** 10 वर्ष की अवधि के लिए बूट मॉडल पर संयंत्र / उपकरण / मशीनरी / संबंधित बुनियादी ढांचे के संचालन की आपूर्ति और स्थापना सहित मशीनीकृत लांड्री की स्थापना, जिसमें एसी कोचों के एसीसीए से गंदे लिनन का संग्रह मशीनीकृत लांड्री में धुलाई, पैकिंग, आपूर्ति, लोडिंग और कोच केयर कॉम्प्लेक्स / रेलवे स्टेशन डॉ अंबेडकर नगर और इंदौर पर एसी कोचों के एसीसीए से लिनन को सौंपना शामिल है। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.137,43,77,847.10 सभी टैक्स एवं GST सम्मेत। **निविदा फार्म की कीमत:** समस्त निविदाकार के लिए ई-निविदा फार्म निः शुल्क। **अग्रिम धन:** रु. 70,21,890/-. **समापन अवधि: क.** क्षमता और सहनशीलता परीक्षण के साथ लॉड्री की स्थापना और कमीशनिंग एलओए जारी होने की तारीख से 10 महीने के भीतर या भूमि लाइसेंसिंग समझौते के बाद 08 महीने के भीतर जो भी बाद में हो। **ख.** लांड्री का संचालन एवं रखरखाव तथा धुले हुए लिनेन की आपूर्ति सफल कमीशनिंग के बाद लांड्री के वाणिज्यिक संचालन से 10 (दस) वर्ष। **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी:** कार्यालय वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर / रतलाम मंडल (प.रे)। **निविदा फार्म जमा करने एवं निविदा खुलने का समय: बंद होने का समय: 18:00 Hrs. on 09.01.2026. खुलने का समय: 18:30 Hrs. on 09.01.2026. वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** निविदायें GeM की वेबसाईट **gem.gov.in** पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध मे कोई भी जानकारी कार्यालय कार्यालय वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर / रतलाम मंडल (प.रे) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

SPAN/3/1/370 **वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर, पश्चिम रेलवे, रतलाम**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

W/623/5/1/NIT **ई-टेण्डरिंग नोटिस** दिनांक: 05.12.2025

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

| क्र. सं. | ई-टेंडरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू | बयाना राशि रू | कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RTM-2025-26-154 | 12,52,87,811.10 | 7,76,500/- | 18 माह |
| | 1. Barlai - Additional common loop line at in connection of Simhastha 2028. 2. Pingleshwar - Emergency X-Over in connection of Simhasth-2028. 3. Tajpur - Additional loop line at in connection of Simhastha 2028. 4. Naikleri - Yard Remodeling with additional loop and stabling line in connection Simhastha 2028. **Similar type of work: As per Special Technical Criteria enclosed in Tender Schedule.** | | | |

**वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 05.12.2025. निविदा खुलने की तिथि: 30.12.2025.** विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडर फॉर्म की कीमत NIL है।

SPAN/5/1/369 **मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा), रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

In The Court Of IX Civil Judge Class -I
District Court, Ujjain

**Presiding Officer : श्री अर्पित जैन**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000066/2025)
रेखा शर्मा ........................ आवेदक
Vs
सर्वसाधारण ............................. अनावेदक

Process Id -/2025
पेशी दिनांक :- 19/12/2025

प्रेषिती -
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्र. 1 रेखा शर्मा पति स्व. दीपक शर्मा, आयु-42 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, क्र.2 निधि शर्मा पिता स्व. दीपक शर्मा, आयु 18 वर्ष, व्यवसाय-अध्ययन, क्र.3 राज शर्मा पिता स्व. दीपक शर्मा, आयु-16 वर्ष, व्यवसाय-अध्ययन, द्वारा संरक्षक माता श्रीमती रेखा शर्मा पति स्व. दीपक शर्मा, निवासी-जवाहर कॉलोनी गली नं.3 बीटीआई के पास शिवपुरी म प्र, स्थाई पता 276 ब्लाक ए, श्री हाटकेश्वर विहार ग्राम दाऊदखेडी तहसील व जिला उज्जैन म प्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक क्र.1 के पति एवं आवेदक के.2 व 3 के पिता स्व. श्री दीपक शर्मा पिता श्री सतीश कुमार शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 04/06/2025 को शहर शिवपुरी में हो चुका है, आवेदकगण मृतक दीपक शर्मा के एकमात्र वारिसगण है। आवेदिका के. 1 एवं उसके पति स्व. दीपक शर्मा क्रेतागण के द्वारा विक्रेतागण श्रीमती नीलिमा खण्डेलवाल पति अविनाश खण्डेलवाल निवासी-48, केशवनगर कॉलोनी उज्जैन द्वारा प्रमाणितकृत मुख्त्याआम मु.आम. दिनांक 10/12/2018 दस्तावेज क्र. एमपी-432022018ए4796686 श्रीमती ललिता खत्री पति धर्मेन्द्र खत्री निवासी-80 खुर्रमशाह मार्ग गली नं.1 उज्जैन से दस्तावेज विक्रय पत्र भूखण्ड मालियाती रुपये 290000/- में ई रजिस्ट्री नं.एम पी 43202202 1ए805391 रजिस्ट्रेशन दिनांक 21/09/2021 को भूखण्ड क्रं. 276 का दक्षिण दिशा वाला भाग ब्लाक ए स्थित श्री हाटकेश्वर विहार ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन म प्र विक्रित भू-भाग फ्रीहोल्ड होकर ग्राम पंचायत सीमा के आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का होकर पूर्णतः वैध है, जिसे मय तल हवाई हक सहित विक्रय किया गया है। आवेदिका क्र.1 के पति स्व. दीपक शर्मा का निधन होने से उसके पुत्र एवं पुत्री के लालन-पालन, भरण पोषण, शिक्षा आदि में अत्यंत आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है वर्तमान में आवेदिका क्र.1 के पास रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है एवं उक्त भूखण्ड को विक्रीत कर अपने दोनों पुत्र व पुत्री के भरण पोषण व शिक्षा की अच्छा व्यवस्था करना चाहती है, आवेदिका क्र.1 पता ने मृतक स्व. दीपक शर्मा पिता श्री सतीश कुमार शर्मा निवासी जवाहर कॉलोनी गली नं.3 बीटीआई के पास शिवपुरी म प्र, स्थाई पता- 276 ब्लाक ए. श्री हाटकेश्वर विहार ग्राम दाऊदखेडी तहसील व जिला उज्जैन म प्र को उक्त भूखण्ड भूखण्ड क्र. 276 का दक्षिण दिशा वाला भाग ब्लाक ए स्थित श्री हाटकेश्वर विहार ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन मप्र को विक्रीत करने हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 19 December 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 19 December 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 09 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा

**(अर्पित जैन)**
**नवम् व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



## धर्म के प्रथम वैज्ञानिक

गौतम बुद्ध ऐसे हैं, जैसे हिमाच्छादित हिमालय। पर्वत तो और भी हैं, हिमाच्छादित पर्वत भी और हैं, पर हिमालय अतुलनीय है। उसकी कोई उपमा नहीं है। हिमालय बस हिमालय जैसा है। गौतम बुद्ध बस गौतम बुद्ध जैसे हैं। मनुष्य जाति के इतिहास में वैसा महिमापूर्ण नाम दूसरा नहीं। बुद्ध ने जितने हृदयों की वीणा को बजाया है, उतना किसी और ने नहीं। गौतम बुद्ध की वाणी अनूठी है। विशेषकर उनके लिए, जो सोच-विचार, चिंतन-मनन, विमर्श के आदी हैं। हृदय से भरे हुए लोग सुगमता से परमात्मा की तरफ चले जाते हैं। लेकिन हृदय से भरे हुए लोग कहां हैं? और हृदय से भरने का कोई उपाय भी तो नहीं है। बुद्ध ने उनको चेताया, जिनको चेताना सर्वाधिक कठिन है। विचार से भरे लोग, बुद्धिवादी, चिंतन-मननशील। प्रेम और भाव से भरे लोग परमात्मा की तरफ सरलता से झुक जाते हैं, उन्हें झुकाना नहीं पड़ता। उनसे कोई न भी कहे, तब भी वे पहुंच जाते हैं, उन्हें पहुंचाना नहीं पड़ता। लेकिन वे तो बहुत थोड़े हैं और उनकी संख्या रोज थोड़ी होती गई है। उंगलियों पर गिने जा सकें, ऐसे लोग हैं। मनुष्य का विकास मस्तिष्क की तरफ हुआ है। मनुष्य मस्तिष्क से भरा है। इसलिए जहां सब हार जाएं, वहां भी बुद्ध नहीं हारते; वहां भी वह प्राणों के अंतरतम में पहुंच जाते हैं।

बुद्ध धर्म के पहले वैज्ञानिक हैं। उनके साथ श्रद्धा व आस्था की जरूरत नहीं है। उनके साथ तो समझ पर्याप्त है। अगर तुम समझने को राजी हो, तो तुम बुद्ध की नौका में सवार हो जाओगे। श्रद्धा भी आएगी, तो समझ की छाया होगी, लेकिन समझ के पहले श्रद्धा की मांग बुद्ध की नहीं है। बुद्ध यह नहीं कहते कि जो मैं कहता हूं, उस पर भरोसा कर लो। वह कहते हैं, सोचो, विचारो, विश्लेषण करो; खोजो, पाओ अपने अनुभव से, तब भरोसा करना।

दुनिया के सारे धर्मों ने भरोसे को पहले रखा है, सिर्फ बुद्ध को छोड़कर। दुनिया के सारे धर्मों में श्रद्धा प्राथमिक है, फिर कदम उठेगा। बुद्ध ने कहा, अनुभव प्राथमिक है, श्रद्धा आनुषंगिक है। अनुभव होगा, तो श्रद्धा होगी। अनुभव होगा, तो आस्था होगी। इसीलिए बुद्ध कहते हैं, आस्था की कोई जरूरत नहीं है; अनुभव के साथ अपने से आ जाएगी, तुम्हें लानी नहीं है। तुम्हारी लाई हुई आस्था का मूल्य भी क्या हो सकता है? उसके पीछे छिपे होंगे तुम्हारे संदेह। तुम आरोपित भी कर लोगे विश्वास को, तो उसके पीछे अविश्वास खड़ा होगा। तुम कितनी ही दृढ़ता से भरोसा करना चाहो, तुम्हारी दृढ़ता कंपती रहेगी और तुम जानते रहोगे कि जो तुम्हारे अनुभव में नहीं उतरा है, उसे तुम चाहो भी, तब भी कैसे मान सकते हो? तुम्हारे मोक्ष की धारणा मात्र शाब्दिक होगी, जब तक मुक्ति का थोड़ा स्वाद तुम्हें न लगा हो। बुद्ध के अंतिम वचन हैं : अप्प दीपो भव। अपने दीये खुद बनो।



सम्पादकीय

# फिर भागे आरोपी

गोवा क्लब आगजनी हादसा जितना चिंताजनक है, उससे ज्यादा गंभीर बात है, प्रमुख आरोपियों का चुपचाप देश से निकल भागना। हादसे के साथ ही, उसके आरोपियों के भागने की चर्चा भी लोगों के बीच खूब हो रही है और होनी भी चाहिए। यह कोई पहली बार नहीं है कि आरोपी इस तरह से देश से निकल भागे हैं। संगीतकार नदीम से लेकर विजय माल्या, ललित मोदी और नीरव मोदी तक एक लंबी सूची है ऐसे आरोपियों की, जिन्हें हम वापस देश लाकर कानून के कठघरे में खड़ा नहीं कर पाए हैं। इस सूची में अब दो नए नाम शामिल हो गए हैं- सौरभ और गौरव लूथरा। अब यह आम धारणा बन रही है कि इस हादसे में जिन 25 लोगों की मौत हुई है, उन्हें न्याय मिलने में काफी वक्त लग जाएगा। क्या इन आरोपियों को वापस लाना आसान है? सुरक्षा एजेंसियां अपने ढंग से प्रयास करेंगी, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि इन्हें भागने क्यों दिया गया? हादसा रात में हुआ और सुबह होने से पहले ही दोनों आरोपी दिल्ली से विमान में बैठ भाग निकले। निस्संदेह, यह गोवा पुलिस की नाकामी है। उसने तेजी दिखाई होती, तो ये दोनों भाग नहीं पाते।

यह अफसोस की बात है कि देश में पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों के काम करने का ढर्रा नहीं बदल रहा है। हादसे के बाद क्लब के मालिकों ने यह अनुमान लगा लिया या उनके कानूनी सलाहकारों ने उन्हें समय रहते बता दिया, भागने का पूरा समय मिल गया, लेकिन गोवा पुलिस यह कल्पना भी नहीं कर पाई कि नाइट क्लब आगजनी के आरोपी यूं देश से फरार हो जाएंगे। इस डिजिटल दौर में परिवहन इतना सुगम हो गया है कि इसका पूरा लाभ अपराधी उठा रहे हैं, जबकि हमारी पुलिस अभी भी अपने पुराने ढर्रे को छोड़ने को तैयार नहीं है। गोवा के अधिकारी अब सक्रिय हुए हैं और वागाटोर बीच स्थित आगजनी स्थल को ध्वस्त करने का काम शुरू हो गया है। सवाल उठता है कि अब इस अधजले क्लब को ध्वस्त करने से क्या न्याय हो जाएगा? क्या उन 25 लोगों को इंसाफ मिल जाएगा, जो निरपराध ही काल के गाल में समा गए? अगर यह क्लब अवैध था, अगर इसे अवैध ढंग से चलाया जा रहा था, अगर इसमें सुरक्षा मानकों की अवहेलना हो रही थी, तब गोवा का प्रशासन क्या कर रहा था? हादसे से पहले गहरी नींद में रहने और हादसे के बाद जागने की इस शर्मनाक परंपरा से हम कब निजात पाएंगे? गोवा की अपनी प्रतिष्ठा है, लोग वहां खुशी मनाने जाते हैं, पर अगर वहां का प्रशासन लोगों की सुरक्षा नहीं कर सकता, तो क्या उसकी निंदा नहीं होनी चाहिए?

### विकल्प, प्रतिस्पर्धा और न्यायः अब फैसला हमारे हाथ में

# क्यों हो रहा है भारतीय रुपए का अवमूल्यन

माह जनवरी 2025 में भारतीय रुपए का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 85.79 रुपया प्रति अमेरिकी डॉलर था। 3 दिसम्बर 2025 को रुपए का बाजार मूल्य लगभग 5 प्रतिशत घटकर 90.19 रुपया प्रति डॉलर हो गया। पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए का बाजार मूल्य लगातार गिर रहा है और हाल ही के समय में रुपए के बाजार मूल्य में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। जबकि, वित्तीय वर्ष 2025-26 की द्वितीय तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर पिछली 8 तिमाहियों में सबसे अधिक रिकार्ड 8.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है तथा खुदरा मुद्रा स्फीति की दर 0.25 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई है। भारत में वृहद अर्थव्यवस्था के विभिन्न मानदंडो के मजबूत बने रहने के बावजूद एशियाई देशों के बीच भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में सबसे तेज गति से गिरी है।



प्रहलाद सबनानी (दैनिक अवन्तिका)

दरअसल, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत में गिरावट के मुख्य कारण वैश्विक स्तर पर आर्थिक जगत में घट रही कुछ घटनाओं में छुपे हुए हैं, अन्यथा भारतीय अर्थव्यवस्था तो मजबूत स्थिति में बनी हुई है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों से अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के होने वाले आयात पर टैरिफ की दरों में वृद्धि किए जाने से वैश्विक स्तर पर विदेश व्यापार में लगातार दबाव बना हुआ है। भारत से अमेरिका को होने वाले उत्पादों के निर्यात पर तो 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है, जिसके चलते भारत से कुछ उत्पादों यथा, रेडीमेड गारमेंट्स, कृषि उत्पाद, लेदर उत्पाद, समुद्री जीवों का उत्पाद, जेम्स एवं ज्वेलरी आदि के अमेरिका को होने वाले निर्यात विपरीत रूप से प्रभावित हो रहे हैं एवं इससे भारत को अमेरिकी डॉलर का अंतरप्रवाह कम हो रहा है और व्यापार घाटे में वृद्धि दर्ज हो रही है। पिछली तिमाही के दौरान भारत के कुल आयात 18,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे हैं जबकि निर्यात केवल 10,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे। इस प्रकार, 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज हुआ है। अक्टोबर 2025 माह में भी भारत का विदेशी व्यापार घाटा 4,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रिकार्ड स्तर के ऊपर रहा है। यह, भारत के लिए अच्छी खबर नहीं कही जा सकती है। इससे, भारत में चूंकि अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ रही है अतः भारतीय रुपए के मूल्य पर दबाव बढ़ रहा है।

दूसरे, विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार में पूर्व में किए गए अपने निवेश पर लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से एवं अपने निवेश को तेजी से उभर रहे अन्य देशों के शेयर बाजार में अपने निवेश को बढ़ाने के उद्देश्य से, पिछले कुछ समय से, भारतीय पूंजी बाजार से लगातार अपने निवेश को निकाल रहे हैं। वर्ष 2025 में अभी तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 1.48 लाख करोड़ रुपए (1,640 करोड़ अमेरिकी डॉलर) मूल्य की निकासी की है। विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से की जा रही निवेश की निकासे के चलते भी भारतीय रुपए पर दबाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है, क्योंकि वे भारत में अमेरिकी डॉलर में किए गए अपने निवेश को अमेरिकी डॉलर में ही निकाल रहे हैं और इससे अमेरिकी डॉलर की कीमत (मांग) बढ़ रही है तथा रुपए की कीमत गिर रही है।

वैसे तो सामान्यतः अंतरराष्ट्रीय बाजार में किसी भी देश द्वारा अपनी मुद्रा के मजबूत बने रहने की कामना की जाती है क्योंकि इससे मुद्रा बाजार में स्थिरता बनी रहती है एवं विदेशी निवेशक अमेरिकी डॉलर में अपना निवेश बढ़ाने पर विचार पक्का करते हैं। परंतु, इसके विपरीत, अंतरराष्ट्रीय बाजार में यदि किसी देश की मुद्रा का अवमूल्यन होने लगता है तो उस देश में आयात होने वाले उत्पादों की कीमत महंगी हो जाती है। परंतु, इससे देश के निर्यातकों को जरूर लाभ होता है क्योंकि अमेरिकी डॉलर के एवज में उन्हें अधिक स्थानीय मुद्रा की प्राप्ति होती है। इस सिद्धांत के अनुसार ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में रूपए की कीमत के गिरने से भारत द्वारा अन्य देशों से किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों के आयातित उत्पाद भारतीय बाजारों में भी महंगे हो सकते हैं इस प्रकार अन्य देशों से मुद्रा स्फीति का आयात भारत में होने लग सकता है। उदाहरण के लिए भारत द्वारा कच्चे तेल के आयात की कीमत, भारतीय रुपए के अवमूल्यन के चलते, यदि बढ़ जाती है तो इससे भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी बढ़ जाएगी क्योंकि भारत में अब कच्चे तेल का आयात उंची दरों पर हो रहा होगा। इसके ठीक विपरीत, भारत के निर्यातकों को अपने विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर अमेरिकी डॉलर के एवज में अधिक रुपए की प्राप्ति होने लगेगी, इससे उन्हें अधिक लाभ होने की सम्भावना बढ़ जाएगा। इन परिस्थितियों के बीच, सामान्यतः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय रुपए के मूल्य में तेज गति से हो रहे अवमूल्यन को रोकने की दृष्टि से अमेरिकी डॉलर की बाजार में उपलब्धता बढ़ाते हुए मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप किया जाता है। मध्य सितम्बर 2025 की अवधि तक भारतीय रिजर्व बैंक ने 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर बाजार में उपलब्ध कराए थे। परंतु, हाल ही के समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस संबंध में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है। दरअसल, वैश्विक स्तर पर विदेशी व्यापार में निर्मित हुई अस्थिरता की स्थिति से भारतीय निर्यातकों को बचाने की दृष्टि से भी भारतीय रुपए का अवमूल्यन होने दिया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए के हो रहे अवमूल्यन के भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले विपरीत प्रभाव से भारतीय अर्थव्यवस्था को बचाने के उद्देश्य से भारत के पास 68,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का मजबूत विदेश मुद्रा भंडार उपलब्ध है। भारतीय रिजर्व बैंक जब भी चाहे इस विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग करते हुए भारतीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की उपलब्धता को बढ़ा सकता है। परंतु, यदि लम्बी अवधि की दृष्टि से देखा जाय तो भारत को विभिन्न उत्पादों के आयात घटाकर, विभिन्न उत्पादों के निर्यात में वृद्धि करते हुए अपने विदेशी व्यापार घाटे पर नियंत्रण स्थापित करना होगा। भारत में मुख्य रूप से कच्चा तेल एवं स्वर्ण का सबसे अधिक आयात किया जाता है। कच्चे तेल के आयात को कम करने हेतु एवं अपनी ऊर्जा की लगातार बढ़ती जरूरतों को पूरा करने हेतु भारत को नवीकरणीय ऊर्जा (ग्रीन ऊर्जा) के उत्पादन को बढ़ाना ही होगा।

## उसने घर क्या खरीदा

मेरठ के छोटा बृज मोहल्ले में आजकल हलचल मची है। हर तपते दोपहर में पंडित चतुर्भुज शर्मा, जो अब रिटायर्ड हैं लेकिन दिनभर अँगोछा डालकर धर्म की दशा-स्थिति पर चिंतित रहते हैं, फरिश्ते की तरह खबरें बाँटते घूमते हैं–भाई, मुसलमान ने घर खरीद लिया अब कुछ नहीं बचा सनातन में! जैसे किसी ने मंदिर की मूर्ति बेच दी हो। मोहल्ले की चाय की दुकान पर अब प्रधानमंत्री से ज्यादा चर्चा उस मुसलमान खरीदार की होती है। लोग कहते हैं, साला मौलाना आया है, अब मस्जिद बना देगा! किसी ने तो यहाँ तक कहा–यह जिहाद की नई चाल है–मकान जिहाद! पंडितजी इतना दुखी हैं जैसे भगवान विष्णु ने व्हाट्सऐप ग्रुप छोड़ दिया हो।

उधर मकान खरीदने वाले सज्जन, अलीम भाई, सरकारी अस्पताल में फार्मासिस्ट हैं। घर खरीदकर बोले–सोचा बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। लेकिन मोहल्ले की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति को इसमें साजिश दिख रही है। चौकीदार बृजलाल ने तो एक दिन कहा, देखना, ये पहले दीवार उठाएगा, फिर ऊपर मिनार निकलेगी, फिर लाउडस्पीकर! बगल के शर्मा अंकल बोले–पूरे मोहल्ले में नमाज की हवा फैलेगी। अब मोहल्ले की हवा तो पहले ही ड्रेनेज से आती थी, पर इन धर्मरक्षकों को परेशानी धर्म से है।

शाम को जब मोहल्ले की पंचायत बैठती है–चाय, मूँगफली और राष्ट्र-धर्म का पैकेज खुलता है। वहां पंडितजी कहते हैं, भाई, यह घर बचाना धर्म की रक्षा है। गुप्ता जी बोले, पर दुबई में मुसलमान बादशाह ने हिंदू मंदिर बनवायाङ्क पंडितजी खिसिया गए–वो तो राजनैतिक चाल है, हमें तो अपने घर के अंदर देखना चाहिए। तभी चौकीदार बोला, साहब, कल तो अलीम भाई हमारे मंदिर के दानपात्र में 100 रुपये डाल गए थे पंडितजी तमतमा गए–यही तो खतरनाक बात है, पहले पैसे डालेंगे, फिर भावना बदलेंगे! अब धर्म की भावना इतनी कमजोर कि सौ रुपये लेकर बदल जाए–तो फिर भगवान को अकाउंट खोल लेना चाहिए। इस मोहल्ले में धर्म अब अखबार की हेडलाइन है–हर सुबह खतरे में आने वाला धर्म शाम को आराम से नींद में चला जाता है। पंडितजी फेसबुक पर लिखते हैं–हिंदू समाज जागो, मुसलमान सोसायटी में घुस गया!

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 दिसंबर 2025 गुरुवार
सूर्योदय - 07:01 सूर्यास्त 17:39
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - सप्तमी 13:57 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 03:55 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - विष्कुंभ 11:40 उपरांत प्रीति
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 19 तारिख

**मेष-** बुद्धि का प्रयोग करें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। निराशा हावी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृषभ-** व्यापार ठीक चलेगा। लाभ होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**मिथुन-** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी।

**कर्क-** किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह-** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या-** आज के दिन शुभता का लाभ मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला-** नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

**वृश्चिक-** व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। समय अनुकूल है। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा।

**धनु-** आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मकर-** बेचैनी रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें।

**कुंभ-** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ?य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें।


**मीन-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

व्यंग्य

# दगड़ू चला वोट बचाने

देवकी बाबू के अय्यारों की भांति मेरी छठी इंद्री मुझे बार बार सचेत कर रही थी कि दगड़ू कुछ न कुछ झमेला करके आया है या करने वाला है । दगड़ू एक खाटी हिन्दुस्तानी दिहाड़ी मजदूर है जो कभी अन्नदाता हुआ करता था ।अब तो दोनों ढूंढता रहता है अन्न भी और दाता भी। जीवन का मौसम कैसा भी हो पर उसका चेहरा सदैव सपाट रहता है भारत भूषण के चेहरे की तरह। मजाल है कि आप उसके चेहरे से भांप सके कुछ भी। मगर आज न जाने क्यों उतावला था। वो सीधे मेरे बेडरुम में घुस आया था। मेरे सिरहाने तन के खड़ा था। उसे यूं खड़ा देख कर न चाहते हुए भी मुझे कृष्ण होने की फिलिंग होने लगी थी। बस पैताने दुर्योधन की कमी थी। अब कुछ बोलेंगे कि यूं ही विनोबा भावे बने रहोगे....। मैने आध्यात्मिक मदहोशी को तोड़ते हुए पूछा था।



कमलेश कंवल (दैनिक अवन्तिका)

वो नासमिटा.. बलों घर आया था। ये कागज पत्तर दे गया है...। ये कहते हुए दो चार कागज मेरे बिस्तर पे उसने इस अदा से फेंके मानो वो अमेरिका हो और मेरा बिस्तर नागासाकी हिरोशिमा....।

बलो ये कौन होता है.... ?

अरे। वो ही कामचोर जो मरे जा रहे है। थोड़ा सा राष्ट्र का काम क्या उनको करना पड़ रहा है।....

अच्छा। बी एल ओ। तो ये एस आई आर के कागज है ।अरे मेरे प्यारे दगड़ू। टीवी देखना बंद कर दिया क्या। कितने समझा रहे है कि कितना जरुरी है। सरल है। एक सरल सा एक पेज का फॉर्म ही तो भरना है। उसमें ही हाय तौबा मचाए हुए हो।जब देश के लिए इतना भी नहीं कर सकते तो लानत है।अरे। तुम तो भाग्य शाली हो कि वो अवतार पुरुष तुम्हारे गरीबखाने पे पधार कर तुम्हारी झोपडी को पवित्र कर गए है । लाखों को तो उन्होंने दफ्तर में बैठे बैठे ही निपटा दिया।

लेखक बाबू मेरी भी तो सुनो। घिघियाते हुए दगड़ू बुक्का फाड़ के रोने की मुद्रा में आ गया था। तीन दिन हो गए बाबू !मजूरी पे नहीं गया हूं। दर दर भटक रहा हूं कि कोई तो मदद कर दे। सुना था पार्टी वाले मदद कर रहे है। मगर मेरे को तो तीन चार दिन से टरका रहे है । कल हमारे मोहल्ले के बड़के नेताजी का छुटका नेता हड़काते हुए कह रहा था। तुम कौन हमको वोट दिए थे जो तुम्हारा काम बड़के नेता करे। अब तुम्हीं बोलो क्या करें जिसको वोट दिये थे वो तो अभी तक हार के सदमे से बाहर नहीं आया है। और घर में दूसरी ही आफत आई हुई है।झुमरी अलग मुंह फुलाए बैठी है। सरकार ने बीवियों को जो ठिकाने लगा दिया है। ससुरी सरकार ने एस आई आर में बीबी को रिश्तेदार तक नहीं माना। ये तो ठीक है कि नहीं माना तो नहींआना लेकिन ससुरी सास को क्यों मान लिया। झुमरी तो बिफर गई है बर्तज तुम अगर मुझको न चाहो तो कोई बात नहीं किसी और को चाहोगे तो मुश्किल होगी। ठान के बैठी है कि दस हजार तो क्या दस लाख भी दे तो भी मेरी जूती उनको वोट देने वाली नहीं। ले ले मेरे सास ससुर का वोट ।हम बहुओं के वोट के बिना जीत के तो दिखा दे।नानी दादी याद नहीं दिला दी तो कहना। और जब हम उसको देखे जा रहे थे तो हमको हड़काते हुए बोलने लगी अब काहे हमको टुकुर टुकुर देखे जाते हो। दो नावों में पैर रखने की आदत छोड़ दो तो ही अच्छा है।अब तुम्ही कहो लेखक बाबू! काहे नहीं घबराए हम ।इधर मजूरी पे जा नहीं पा रहे और ई ससुरी अलग जान खाए जा रही है। ऐसा लगता है हमरी जोरू का ससुरी सरकार से टाई अप है। दोनों मिल के खाए जात है हमका। याद है लेखक बाबू। पिछले वर्ष हम मिलवाए रहे उ से आपको मेले में। अरे वही अपना अब्दुलवा । कचहरी की तरफ से अभी आपके यहां आई रहे थे तो ससुरा वही खड़ा था ।बोल रहा था कोई कागज बनवाना है कचहरी से ।ससुरे तीन दिन हो गए ।कोई ठौर ठिकाना नजर नहीं आ रहा। मजूरी अलग मारी जा रही है।

# कब्ज से राहत पाने के लिए डाइट में शामिल करें ये फूड्स

कब्ज की समस्या से राहत पाने के लिए अगर दवाओं की जगह अगर सही और नेचुरल फूड को अपनाया जाए, तो कब्ज की समस्या जड़ से खत्म हो सकती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे प्रभावी फूड्स के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, जिनको अपनी डाइट में शामिल करने से कब्ज से राहत मिल सकती है। कब्ज एक आम लेकिन परेशान करने वाली समस्या है। कम फाइबर युक्त फूड, अनहेल्दी लाईफ स्टाइल, तनाव और पानी की कमी जैसी आदतों की वजह से कब्ज की समस्या होती है। जब पेट साफ करने में समस्या आती है, तो पेट दर्द, सिरदर्द, गैस, आलस्य और मुंह के स्वाद बिगड़ने जैसे लक्षण दिखते हैं। दवाओं की जगह अगर सही और नेचुरल फूड को अपनाया जाए, तो कब्ज की समस्या जड़ से खत्म हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे प्रभावी फूड्स के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं, जिनको अपनी डाइट में शामिल करने से कब्ज से राहत मिल सकती है।

**पपीता-** पपीता में नैचुरल एंजाइम पपेन और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जोकि पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है और आंतों को भी साफ रखता है। रोजाना सुबह खाली पेट पपीता खाना पेट के लिए काफी फायदेमंद होता है।



**भीगे हुए अंजीर-** अंजीर फाइबर का एक बेहतरीन स्त्रोत माना जाता है। रात को 2-3 भिगोए हुए अंजीर का सेवन करने से आंतों की गति बढ़ती है और मल आसानी से बाहर निकलता है।

**त्रिफला चूर्ण-** आयुर्वेद में त्रिफला चूर्ण को कब्ज का सबसे असरदार उपायों में से एक माना जाता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले गुनगुने पानी के साथ त्रिफला चूर्ण का सेवन करने से कब्ज धीरे-धीरे ठीक होता है।

**गुनगुना पानी और नींबू-** रोजाना सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू और शहद मिलाकर पीने से आंतें एक्टिव रहती हैं और शरीर में जमा टॉक्सिन्स भी बाहर निकलते हैं।

**पालक-** पालक में आयरन, फाइबर और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से पाचन तंत्र को मजबूती मिलती है और पेट साफ करने में यह मदद करता है।

**किशमिश-** किशमिश में नेचुरल लैक्सेटिव गुण पाया जाता है। इसलिए रात में किशमिश भिगोकर सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से इसका दोगुना फायदा मिलता है।

**सेब-** सेब में पेक्टिन नामक घुलनशील फाइबर पाया जाता है। जोकि पाचन क्रिया को सक्रिय करता है और इसके सेवन करने से पेट साफ करने में आसानी होती है।

**दही-** दही में प्रोबायोटिक्स मौजूद होता है, जोकि गुड बैक्टीरिया को बढ़ाता है। इसका सेवन करने से पाचन बेहतर होता है और कब्ज की समस्या दूर होती है।

**बीन्स और दालें-** राजमा, मसूर, मूंग और चना जैसी दालों में फाइबर की मात्रा अधिक पाई जाती है। जोकि आंतों की गति को नियमित करने का काम करती हैं।

**साबुत अनाज-** ओट्स, जौ, ब्राउन राइस और क्विनोआ जैसे साबुत अनाज कब्ज से राहत देने वाले घुलनशील फाइबर प्रदान करते हैं।

धर्म-आस्था

# गीता का संदेश और संशय की राजनीति

विश्व की राजनीति इस समय बारूद की गंध में भी शांति के किसी स्रोत की खोज में भटक रही है। ऐसे में रूसी राष्ट्रपति का भारत आना और अनेक व्यापारिक और कूटनीतिक समझोते और चर्चा करना, अपनी दोस्ती और आत्मीय संबंधों को विश्व के सामने उजागर करना तथा भारत और रूस की मित्रता के नए आयाम गढ़ने को विश्व चकित हो कर देख रहा है। हमारे शत्रु सहमे हुए हैं। हमारे भारतीय प्रधानमंत्री ने अतिथि राष्ट्रपति को रूसी में अनूदित भगवद्गीता भेंट की - एक ऐसा ग्रंथ, जो युद्ध के मध्य खड़े मनुष्य को भी धर्म, कर्तव्य और विवेक का बोध कराता है। विश्व ने इसे दो सभ्यताओं के बीच अदृश्य सेतु की भेंट कहा; एक ऐसी सांस्कृतिक पहल, जिसकी कोमलता कूटनीति की कठोरताओं को भी नरम कर सके। सारी दुनिया ने इसे युद्ध की धूल में शांति की ऊर्जस्विता के रूप में देखा। एक ऐसा ग्रंथ जिसने मनुष्य को सबसे पहले धर्म नहीं, कर्तव्य का बोध कराया - उसे उपहार स्वरूप देना विश्व-दृष्टि में एक सुविचारित, सांस्कृतिक और नैतिक संकेत माना गया।



स्नेहलता श्रीवास्तव (दैनिक अवन्तिका)

युद्ध की विभीषिका से गुजर रही पृथ्वी को शांति, धर्म, कर्तव्य और आत्मबोध का संदेश देने वाली इस अमर कृति गीता को संसार सांस्कृतिक सेतु मानकर प्रणाम कर रहा है। विश्व ने इस भेंट को सभ्यताओं के संवाद का उजला क्षण कहा और कुछ ने तो इसे कूटनीति का आध्यात्मिक आधार बताकर सराहना भी की।

भारत में घटनाएँ जिस सहजता से घटती हैं, वे उतनी ही विचित्रता से व्याख्यायित भी हो जाती हैं - विशेषकर हमारे विपक्षी दलों की दृष्टि में उपलब्धि, तब तक उपलब्धि नहीं होती जब तक उसे शंका, अविश्वास और अवमानना की आँच में तपा न दिया जाए। इसलिए भारत में इस घटना का मूल्यांकन तत्काल बदल गया और देखते ही देखते आध्यात्मिक साहित्य वहाँ पहुँच गया जहाँ उसे कुछ नेताओं ने हिंदुत्व विस्तार की विधिवत परिकल्पना घोषित कर दिया । मानो विश्व के लिए गीता शांति का तार हो, और भारत के लिए चुनावी पोस्टर! विरोध का यह नवीन विज्ञान अब इतना विकसित हो चुका है कि वह सूर्यदेव से भी आगे की दृष्टि रखता है। जहाँ विश्व ने सांस्कृतिक मेल देखा, वहाँ कुछ राजनेताओं ने विचारधारा की सुरंग खोज ली। जहाँ दुनिया संवाद देखे, वहाँ उन्हें परछाई में भी बहुमत की साजिश की आकृति दिखने लगी।

अतः स्वाभाविक था कि गीता भेंट को भी राजनीतिक प्रयोगशाला की मेज पर लिटा दिया गया - माइक्रोस्कोप लगाकर यह देखने के लिए कि कहीं इसमें हिंदुत्व का गुप्त सूत्र तो नहीं छिपा। विपक्ष के कुछ नेताओं ने तत्काल उद्घोषणा कर दी कि यह धर्म का निर्यात है, हिंदू भावनाओं का राजनयिक प्रसार है, और न जाने क्या-क्या?

वास्तविक समस्या यह नहीं थी कि गीता क्यों दी गई - उन के लिए वास्तविक समस्या यह थी कि यह क्षण सकारात्मक क्यों दिखाई दे रहा है।

उनके राजनीतिक चरित्र का यह पुराना अलिखित सिद्धांत है कि देश की उपलब्धियों को फूल की तरह नहीं, सूखे पत्ते की तरह देखा जाए; जो हाथ लगते ही टूटकर गिर पड़ें। यह वही दृष्टि है जो चंद्रयान को कपोल-कल्पित महिमा कह सकती है, जी-20 को उत्सव की आड़ में प्रदर्शन मान सकती है, और सीमा-कूटनीति को आत्ममुग्धता बता सकती है। आश्चर्यजनक यह है कि जिस देश में गीता का सार - निष्काम कर्म - हजारों वर्षों से आत्मा का संस्कार रहा है, वहीं उसकी एक प्रति भेंट करते ही राजनीति इतने सकाम ढंग से सक्रिय हो उठती है। गीता में अर्जुन को युद्धभूमि पर धैर्य दिया गया था; यहाँ तो कुछ विपक्षियों को मात्र एक उपहार देखकर भी अत्यधिक उत्तेजना मिल जाती है।

इस पूरे प्रसंग का सबसे विडंबनापूर्ण पक्ष यही है कि विश्व जहाँ इस सांस्कृतिक संकेत को एक सुसंस्कृत परंपरा, शांति का वचन और सांस्कृतिक संवाद का माध्यम मान रहा है - वहीं हमारे कुछ राजनैतिक चश्मों की दृष्टि इतनी धुंधला गई है कि उन्हें हर भेंट में प्रचार, हर उपलब्धि में उत्सवधर्मिता, और हर संवाद में साज़िश दिखाई दे रही है। विपक्ष के नेताओं का यह विचित्र स्वभाव है - देश की उपलब्धि जितनी बड़ी, उनकी असहजता उतनी गहरी। उनकी राजनीति उतनी तीखी और उनकी व्याख्या उतनी ही अलौकिक।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1941-2185, चना काबली- 3730-9212, चना देशी- 3501-5512, बटला- 3501-800, धनियाा- 6600-8000, मसूर- 6061-6121, सोयाबीन- 1900-5450, मौथीदाना- 4140, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,28,300, रवा- 1,28,200 चांदी- टंच- 1,81,500 पाट- 1,81,300।


## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया एसआईआर कार्य का सत्यापन

**सुसनेर।** एसआईआर कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण किए जाने एवं पारदर्शी सत्यापन को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा युवामोर्चा प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ जैन के निर्देश पर भाजपा पदाधिकारियों एवं युवामोर्चा कार्यकताओं ने सुसनेर नगर के मतदान केंद्र 134 पर भारतीय जनता पार्टी बीएलए एवं बीएलए 2 के साथ भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कमल गर्ग एवं भाजपा युवामोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अक्षत जैन ने मतदाता सूची का अवलोकन किया एवं भाजपा के प्रतिनिधि के रूप मे उपस्थित रहे। वहीं कांग्रेस की और से पार्षद नईम अहमद मेव एवं आरिफ ठाकोर ने कार्यकताओं के साथ एसआईआर कार्य की जानकारियां लेकर मतदाताओं के फार्म भरवाए। पदाधिकारियों की टीम ने बूथ संख्या 134 एवं बूथ संख्या 135 में उनके वार्डो में भ्रमण कर भौतिक सत्यापन एवं एसआईआर के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर नगर परिषद सुसनेर के राजस्व निरीक्षक रामेश्वर पुष्पद, जाहिद खान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शोभा सोनी, राजू राजपूत एवं शबाना खान, शिक्षक त्रिलोकचंद जैन, शिव चौहान, कार्तिक शर्मा आदि उपस्थित थे।

## अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे डॉ. सोनकर बधाई देने



**भौरासा।** नगर के बाबा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा एवं मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी अग्रवाल के नेतृत्व में मंडल से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्तागण क्षेत्र विधायक डॉ. राजेश सोनकर के जन्मदिन पर नगर से भाजपाई इंदौर निजी निवास पहुंच कर भव्य आतिशबाजी ढोल धमाकों और पुष्प वर्षा के साथ जन्मदिन की बधाइयां देने पहुंचे और साथ ही मां पीतांबरा बगलामुखी जी का चित्र आशीर्वाद स्वरूप भेट किया जिससे विधायक डॉ सोनकर ने सहज स्वीकार कर सभी अपने भाजपा परिवारजनों का आत्मीय आभार व्यक्त किया साथ ही कहा कि आपके इस प्यार और स्नेह का में हमेशा कर्जदार रहूंगा एवं क्षेत्र ओर नगर की जनता के विकास रूपी सपनो पूर्ण कर संपूर्ण सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र को विकसित विधानसभा के रूप में खड़ा करूंगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी,प्रमोद पालीवाल,नरेंद्र माली,गोरधन बोडाना,प्रदीप मंत्री हिम्मत सिंह ठाकुर,पार्षद विनोद डोडिया, माली,रजत माली, हर्षित मेहता के साथ आदि भाजपाई उपस्थित थे।

## बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि अंबेडकर चौराहे पर मनाई

**बड़नगर।** एससी, एसटी, ओबीसी माइनॉरिटी ( परीसंघ ) व भारतीय दलित साहित्य अकादमी शाखा बड़नगर द्वारा संयुक्त रूप से 6 दिसम्बर को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 70वां परी निर्वाण दिवस पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौराहा बड़नगर पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं? मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में एडवोकेट कैलाश वाघेला, गिरधारीलाल सोलंकी, भारतीय दलित साहित्य अकादमी के प्रांतीय सचिव पूनमचंद कायस्थ, जिला अध्यक्ष मोहन सिंह चौहान, हीरालाल सोनारतीया, हुकुमचंद वर्मा, रमेश चंद्र चौहान, महेश सोलंकी ,राजेश पडिहार ,पवन, नारायण गोसर ,अर्जुन चौहान, ईश्वर डेलविया, मदन लाल चौहान, भारत बागदरे, प्रकाश चंद्र ,राकेश चरपोटा, आयुष दिया, महेश निमामा, कुलदीप नरवाले ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एडवोकेट वाघेला, प्राचार्य राधेश्याम परमार, गिरधारीलाल सोलंकी, मोहन सिंह चौहान द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला एवं हीरालाल सोनारतीया ने अपनी स्वरचित रचना के माध्यम से बाबा साहब द्वारा संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उल्लेख किया।

### प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे 80 प्रतिशत हाई और हायर सेकेंडरी स्कूल, पढाई प्रभावित

# 40 स्कूलों में से आधा दर्जन स्कूलों में ही हैं स्थाई प्राचार्य

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर ब्लाक में संचालित किए जा रहे शासकीय हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूलों की दशा और दिशा को प्रभारी प्राचार्य तय कर रहे हैं। ब्लाक में 22 हाई स्कूल तथा 18 हायर सेकंडरी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन करीब आधा दर्जन के आसपास हायर सेकंडरी और हाईस्कूलों का प्रभार स्थाई प्राचार्य संभाले हुए हैं। बाकी के हायर सेकंडरी तथा हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य के भरोसे चल रहे हैं।




**वरिष्ठ कार्यालय को भेजी है जानकारी**

प्रभारी प्राचार्य वाले ब्लाक के हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूलों की जानकारी शिक्षा विभाग के वरिष्ठ कार्यालय को भेजी गई है। उच्चस्तर से प्रमोशन होने अथवा स्थाई प्राचार्य की नियुक्ति होने पर ही पद भरे जा सकते हैं।

**करणसिंह भिलाला**
**डीईओ, राजगढ़।**

### सरकार का हो शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान

छात्र- छात्राओं को बेहतर तथा सुविधा युक्त शिक्षा गांव में ही उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूल इस संकल्प के साथ गांवों में प्रारंभ किए गए थे कि गांव के स्कूल में ही बच्चों को बेहतर से बेहतर सुविधा प्राप्त होगी तथा योग्य, प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी। लेकिन वर्षों पूर्व प्रारंभ किए गए इन हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूल में बद इंतजामी का आलम बना हुआ है। स्थाई प्राचार्य न होने के कारण प्रभारी प्राचार्य स्कूलों का प्रभार संभाले हुए हैं, लेकिन प्रभारी के भरोसे संचालित होने के चलते इन स्कूलों में पढ़ाई की अव्यवस्था होने के साथ ही बेहतर माहौल भी विकसित नहीं हो पा रहे है। हालांकि शिक्षा विभाग के जिले तथा प्रदेश के उच्च कार्यालयों में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों के पास तहसील के प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूलों की जानकारी है। लेकिन जानकारी होने के बावजूद भी स्थाई प्राचार्यों की पदस्थी किए जाने को लेकर कार्रवाई नहीं की जा रही है। फलस्वरूप पढ़ाई तो प्रभावित हो ही रही है बल्कि विभाग के शासकीय कार्य भी अव्यवस्था की भेंट चढ़ रहे हैं।

### कुछ स्कूलों में स्थाई प्राचार्य

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शाउमावि कन्या पचोर मंजु गुप्ता, शासकीय हाइस्कूल रायपुरिया में चिंतन कुमार विरमाल, हाइस्कूल नैनवाड़ा में हसीमउद्दीन कुरैशी, हाइस्कूल पांदा में केसी नागर पदस्थ है। जबकि माडल स्कूल में बबीता मिश्रा, सीएम राइज स्कूल में शंकरलाल भारती तथा उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में प्रभारी प्राचार्य के रुप में पूजा विजयवर्गीय पदस्थ है। पहले यह सुरेश विरमाल स्थाई प्राचार्य थे लेकिन उन्हें बीईओ की जिम्मेदारी मिल गए इसलिए यह पद रिक्त हो गया।

### 19 हाई स्कूलो में प्रभारी प्राचार्य :

ब्लाक में मात्र 22 हाई स्कूल संचालित हो रहे हैं। लेकिन इनमें से करीब 19 में प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे हैं। चिडलानिया, सुल्तानिया, ब्यावरामांडू, धनोरा, आसारेटा पंवार, मऊ, हराना, मगराना, देवलीमान खालसा, सुस्याहेड़ी, संडावता, पाडल्यामाता, पाटक्या, सराली, लखेसरा, साबरस्या, निपानियातुला, शामगीघाटा तथा कूपा के स्कूल में स्थाई प्राचार्य की पदस्थी नहीं की जा सकी है। स्थाई प्राचार्य हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूलों में ना होने का खामियाजा अध्ययनरत बच्चों को उठाना पड़ता है। कारण की प्रभारी प्राचार्य का शिक्षकों पर नियंत्रण नहीं रहता है। इसका फायदा ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में पदस्थ कतिपय शिक्षक उठा कर स्कूल समय में निजी कार्य या सड़कों पर घूमते हुए देखे जाने की जानकारी मिलती रहती है।

### तहसील मुख्यालय पर भी प्रभारी प्राचार्य

विधानसभा मुख्यालय सारंगपुर के हायर सेकंडरी स्कूलो जिन्हे उत्कृष्ट विद्यालय तथा कन्या विद्यालय का दर्जा का दर्जा वर्षों पूर्व दिया गया है। इन स्कूलो में भी प्रभारी प्राचार्य व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।

### स्कूल संचालन में हो रही है दिक्कतें

विकासखंड के अधिकांश स्कूलों में शिक्षकों को प्रभारी प्राचार्य बना दिया है। इन शिक्षकों को न तो अनुभव है और ना ही त्वरित निर्णय लेने के पूरे अधिकार। जिसके कारण स्कूलों में व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कुछ प्रभारी प्राचार्यों का कहना था कि अपने स्कूल में उन्हें शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों को पढाना भी होता है। संकुल के प्राइमरी, मिडिल स्कूलों का निरीक्षण और उनकी समस्याओं का भी निराकरण करना होता है। व्यस्तता का असर स्वयं के स्कूल की व्यवस्था पर भी पडता है।

# प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र की नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

### गुना से रणवीर सिंह कुशवाह प्रदेश उपाध्यक्ष बने

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र की नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकारिणी की पहली बैठक सोमवार को अंजलि कॉम्प्लेक्स स्थित कुशवाहा भवन में संपन्न हुई। बैठक में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

इस दौरान सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र के संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष समेत प्रदेश पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ है। कुशवाहा समाज ने एक बार फिर एकता का प्रदर्शन किया है। बैठक का शुभारंभ कुशवाहा समाज के आराध्य लवकुश भगवान की तस्वीर पर माल्यार्पण और पूजन से किया गया। प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में संगठन के विस्तार के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के प्रत्येक गांव और शहरी क्षेत्र में ये संदेश भी प्रसारित किया जाएगा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों मसलन दहेज प्रथा, तेहरवीं और नशाखोरी का पूरी तरह बहिष्कार किया जाए। इसके लिए जागरुकता अभियान की शुरुआत की जाएगी। योगेश मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि जातिगत गणना के दौरान सभी समाजजन जाति के कॉलम में कुशवाहा लिखें, जिससे प्रदेश में कुशवाहा समाज की जनसंख्या का सही-सही आकलन हो सके। उन्होंने कहा कि कुशवाहा भवन में संचालित हो रहे छात्रावास का लाभ अधिक से अधिक छात्रों को मिले, इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। कुशवाहा भवन स्थित कमरों के रिनोवेशन का काम जारी है, जिससे भोपाल आने वाले समाजजनों के रुकने की पुख्ता व्यवस्था हो सके। समाज में शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि बच्चों के भविष्य के निर्माण के लिए संयुक्त रूप से प्रयास किए जाएं। बैठक का संचालन महामंत्री सुनील कुशवाहा ने किया, उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज की नई कार्यकारिणी प्रदेशभर में संगठन के विस्तार के लिए विशेष अभियान चलाएगी।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष तुलसीराम कुशवाहा, बाबूलाल मौर्य (नर्मदापुरम) गोपाल प्रसाद पटेल (नरसिंहपुर) , भगवान सिंह कुशवाहा (ग्वालियर), रणवीर सिंह कुशवाहा सेवा निवृत्त शिक्षक (गुना), संगठन सचिव हेमराज कुशवाहा (सीहोर), कालीचरण कुशवाहा (दतिया), प्रहलाद सिंह कुश्वाहा (रायसेन) मौजूद रहे।

## खेल से सामाजिक कौशल विकसित होता है- बम्हौरे

**सारंगपुर।** खेल इस तरह खेलना चाहिए कि शारीरिक और मानसिक विकास हो, जिसमें नियमों का पालन, टीम वर्क, और हार-जीत को स्वीकार करना शामिल हो, साथ ही स्वतंत्र और रचनात्मक खेल भी महत्वपूर्ण हैं जो कल्पना और समस्या-समाधान को बढावा देते हैं, जैसे दौडना, कूदना, चित्र बनाना, या पारंपरिक खेल जैसे कबड्डी और खो-खो खेलना, जिससे संतुलन, एकाग्रता और सामाजिक कौशल विकसित हों। सभी को ऐसे खेल खेलने चाहिए जिन खेल से सामाजिक कौशल विकसित होता है। उक्त उद्गार स्थानीय शास्त्रीय स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिक शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगपुर रोहित बम्हौरे ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के प्रबंध के रमेश चंद्र जोशी ने की। इस दौरान श्रीजोशी ने कहा कि खेलो से मजबूत शरीर, हृदय, फेफडे, मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत बनती हैं। मोटापा, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। शरीर में ऊर्जा का स्तर बढता है और दिनभर सक्रिय रहते हैं। सहनशक्ति और शारीरिक क्षमता बढती है। आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बढता है। तनाव कम होता है और मन खुश रहता है। ध्यान और एकाग्रता बढती है। तुरंत निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। जीवन में अनुशासन और समय प्रबंधन की आदत पडती है। टीम के साथ काम करना और सहयोग करना सीखते हैं तथा नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। इस मौके पर अतुल जोशी ने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और सफल जीवन जीने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।



## जय श्री श्याम के जयकारों से गुंजा देवालय खाटू नरेश को किया विराजमान

**शुजालपुर।** पांच दिवसीय श्री खाटू श्याम प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं पंचकुंडीय यज्ञ के तीसरे दिन बाबा खाटू नरेश को नवनिर्मित श्री खाटू श्याम मंदिर अकोदिया में विधि-विधान के साथ विराजमान किया गया। सायं पांच बजे जैसे ही बाबा श्याम को विराजित किया गया वैसे ही जय श्री श्याम के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से पुष्प और गुब्बारों से सजाया गया एवं श्याम बाबा का श्रृंगार किया गया था। सायं पांच बजे जैसे ही बाबा श्याम ने प्रथम दर्शन दिए वैसे ही उपस्थित धर्मप्रेमी जन जयघोष करने लगे। इस आयोजन का पूरा नगर साक्षी बना। चतुर्थ दिवस पर श्याम प्रेमी मनोहर मेवाड़ा और सेविका पूजा मेवाड़ा परिवार फूलेन द्वारा बाबा श्याम को छप्पन भोग अर्पित किया गया।

## सेना में चयन पर किया सम्मान



**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम रसलपुर निवासी अभिषेक मेवाड़ा पिता मुकेश मेवाड़ा का भारतीय वायुसेना तथा योगेंद्र विश्वकर्मा पिता जगदीश निवासी पिपलिया टक्कुल जिला राजगढ़ भारतीय थलसेना, गोपाल राजपूत पिता प्रेमसिंह राजपूत निवासी नहाली जिला राजगढ़ भारतीय थलसेना, संदीप वर्मा जिला राजगढ़ भारतीय थल सेना, शकील मेव पिता खलील मेव गाव सरखेडी जिला राजगढ़ भारतीय थल सेना में चयन होने पर द परफेक्ट कोचिंग में चयनित हुए युवाओं का उत्साह के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्याम परमार, विजेंद्र सिसोदिया ,जितेंद्र विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, राज चौहान, शुभम शर्मा, ऋ चा जायसवाल सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## विद्युत कंपनी प्रांगण में शार्ट सर्किट से लगी आग के कारण कुछ सामान जला



**शुजालपुर।** मंडी क्षेत्र स्थित विद्युत वितरण कंपनी परिसर में बने ट्रांसफार्मर सुधार कक्ष में मंगलवार दोपहर को अचानक आग लग गई, यह आगजनी शार्ट सर्किट के कारण लगना बताया गया और कुछ ही देर में इस आग ने सुधार शेड के अंदर विकराल रूप ले लिया। इस आगजनी में कोई जनहानि तो नहीं हुई लेकिन अंदर रखी सामग्री जल गई। कंपनी के कर्मचारियों ने कार्यालय में मौजूद उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाया। हालांकि लगभग आधे घंटे तक ट्रांसफार्मर सुधार कक्ष में आग की लपटे उठती रही। बताया जाता है कि फ्यूज की जांच करने के दौरान सप्लाई लाईन से शार्ट सर्किट हुआ और इसी के कारण आगजनी की घटना हुई, इस आगजनी में टीन शेड के अंदर रखा आईल जल गया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष पूरालाल शर्मा पिता श्री भागीरथ शर्मा निवासी-196, हरिओम कॉलोनी, ग्राम घोंसला, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक ए-8/7, श्रेणी एम.आय.जी. जिसका कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर, स्थित बसंत विहार, योजना, उज्जैन जिसके पूर्व में-भवन क्रमांक ए-8/10, पश्चिम में-9.00 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर में-भवन क्रमांक ए-8/6 एवं दक्षिण में-भवन क्रमांक ए-8/8 है, को क्रय करने हेतु ऋण सुविधा की मांग की है । उक्त भवन जिस भूखण्ड पर स्थित है, उक्त भूखण्ड को रामचन्द्र पटवर्धन पिता श्री शंकरराव जी पटवर्धन एवं श्रीमती संगीता पटवर्धन पति श्री रामचन्द्र पटवर्धन निवासी-नयापुरा, उज्जैन द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन से लीज पर दस्तावेज क्रमांक 514 दिनांक 03.05.2002 के द्वारा लीज पर प्राप्त किया गया था तत्पश्चात रामचन्द्र पटवर्धन पिता श्री शंकरराव जी पटवर्धन का स्वर्गवास दिनांक 15.01.2019 को हो गया है, उनकी मृत्यु के पश्चात उक्त संपत्ति पर उनके उत्तराधिकारीगण श्रीमती संगीता पटवर्धन पति श्री रामचन्द्र पटवर्धन, श्रीमती जयश्री रानड़े पति श्री सुधीर कुमार रानड़े, श्रीमती राजश्री पति श्री राजीव मनोहर बोड़गोल, श्रीमती प्रीति पति प्रदीप आर.बी., श्रीमती पद्मश्री पति मकारंद तपस्वी, श्रीमती तृप्ति पति नितिन बारासकर द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में सहस्वामी के रूप में दर्ज करवाया गया तथा उपरोक्त सहस्वामीगण द्वारा उक्त भवन को विक्रय करने का अनुबंध पूरालाल शर्मा पिता श्री भागीरथ शर्मा से किया है, तथा उनके द्वारा यह कथन किया है कि, उनके अतिरिक्त स्वर्गीय श्री रामचन्द्र पटवर्धन पिता श्री शंकरराव जी पटवर्धन का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उत्तराधिकारी नहीं है, यदि उक्त भवन को बंधक किये जाने के संबंध में कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति किसी के पास गिरवी हो एवं उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकारा एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांकः-10.12.2025

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाईल नंबर 9827228461**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण आम जन को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार केलाशचन्द्र पिता मुलचन्द जी जाति ब्राहमण निवासी दोलतपुर तहसील बडनगर द्वारा ग्राम किलोली तहसील बडनगर जिला उज्जैन स्थित भुमि सर्वेन- 266/3 मेसे रकबा 0.20 है0 भुमि स्वामी मागुबाई,लीलाबाई , राजुबाई जाति बागरी से भुमि क्रय करने का सोदा तय कर बयाना राशी प्रदान कर दी है तथा एक सोदा चिठठी मेरे पक्षकार के पक्ष मे उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा सम्पादीत की है तथा शीघ्र ही उक्त भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे पंजीकृत होना है यदि उक्त भुमि के सबंध मे किसी भी संस्था, बेंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो , अथवा किसी के पक्ष मे कोई अनुबंध पत्र या भुमि सबंधीत किसी प्रकार का मुखत्यारनामा आम ,या मुखत्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती मे उपरोक्त भुमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित , स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहीर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखीत रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पष्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी।

सुचित हो- दिनांक- 10/12/2025

**रवि रावल सर्विस प्रावाईडर**
**बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो -9981226537**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सलमा पति हकीमुद्दीन चौबारावाला निवासी 38, इब्राहिमपुरा बाखल उज्जैन म.प्र. से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 283/2 का खुला भाग 2310 वर्गफीट स्थित ग्राम खिलचीपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया है तथा शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है यदि उक्त कृषि भूमि में कोई अपना स्वत्व या हिस्सा रखता हो या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी, सूचित हो ।

इति दिनांक :-10-12-2025 उज्जैन

**शिवानी पांचाल एडवोकेट**
**312, सिद्धी विनायक ट्रेड सेन्टर शहीद पार्क उज्जैन**
**जिला उज्जैन मोबाईल नंबर 9826456631, 8839971061**

## सर्व साधाण को सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती संगीता विधवा स्व. बद्रीलाल जी जाति बागरी निवासी एवं कृषक ग्राम खरसोदखुर्द तहसील बड़नगर जिला उज्जैन ने मुझे सर्व साधारण को निम्न लिखित सूचनापत्र प्रकाशन कराने के लिए निर्देशित कर अधिकृत किया है ।

1-यहकि मेरी पक्षकारा श्रीमती संगीता को उसके ससुर गणपत जी पिता अम्बाराम जी द्वारा सम्पादित पंजीयत वसीयतनामा दस्तावेज क्र० एम.पी 43152016ए34445686 दिनांक 25.07.2016 अनुसार ग्राम खरसोदखुर्द स्थित भूमि सर्वे न0 1916 रकबा में से दक्षिणि भाग 0.80 हे. व सर्वे न0 2026 रकबा 0. 66 हे, सर्वे नं 2020 का पूर्वी भाग रकबा 1. 00. हे, कुल रकबा 2. 46 हे0 का सम्पादित किया गया होकर, गणपत जी के स्वर्गवास दिनांक 04.11.2020 के पश्चात से मेरी पक्षकारा बहेसियत स्वामी निरन्तर काबिज होकर फसल लाभ प्राप्त करती चली आ रही है तथा उक्त भूमि से वह अपना व अपने ना.बा. बच्चो का भरण पोषण कर रही होकर उक्त भूमि मेरी पक्षकारा को पंजीकृत वसीयतनामे अनुसार उसके स्वत्वो में प्राप्त हुई है। जिस भूमि पर मेरी पक्षकारा का निरन्तर कब्जा होना दीवानी एवं राजस्व न्यायालयो के प्रकरणो में भी रेकार्ड पर है, तथा उक्त भूमि के आस पास के कृषको एवं सर्वसाधारण की जानकारी मे भी मेरी पक्षकारा का कब्जा निरन्तर चला आ रहा है ।

2- यह कि उक्त भूमि के संबंध में एक दीवानी वाद प्र.क्र. 102/21 ए.दी. संगीता विरूद्ध बद्रीलाल आदि के उनवान का बड़नगर व्यवहार न्यायालय में विचाराधीन होकर साक्ष्य हेतु पेशी दिनांक 16.12.2025 नियत है जिस प्रकरण में मेरी पक्षकारा के सातेले पुत्रगण विक्रम एवं केलाश पुत्रगण बद्रीलाल नि० ग्राम असावता भी प्रतिवादी क्र. 10 एवं 11 के रूप में रेकार्ड पर है। जिन केलाश व बद्रीलाल द्वारा पूर्व में एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया था जो श्रीमान अतिरिक्त जिला न्यायालय उज्जैन के अपील प्रकरण क्रमांक 36/2006 ए.दी मे पारित निर्णय/जयपत्र दिनांक 11.10.2006 के अनुसार, उनका उक्त वाद निरस्त हो चुका है ।

3-यहकि उपरोक्त विक्रम एवं केलाश बिला आधार एवं बिला अधिकार मेरी पक्षकारा को पंजीकृत वसीयतनामें अनुसार प्राप्त कृषि भूमि, के संबंध में अवेद्ध तरीके से विक्रय करने के अवेद्व प्रयास कई खरीददारो व दलालो एवं दादा पहलवानो को जमीन दिखाने के लिए पहुँचा रहे है और दीवानी वाद के विचारण में रहने के दोरान व्यर्थ के विवाद कर रहे, तथा करवाने का प्रयास कर रहे है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा के स्वामित्व एवं अधिपत्य की उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई क्रय विक्रय का व्यवहार ना ही करे अथवा ना ही करावे। अन्यथा तत्संबंधित सम्पूर्ण जवाबदारी उसकी होगी। सूचित हो।

**आईए कुरेशी एडव्होकेट**
**बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**

In The Court Of I Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain Tehsil Badnagar
Presiding Officer**श्रीमती भावना जाटवा**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(RCS A/0000118/2025)

**श्रीमती चन्दर बाई--- वादी**
Vs
**श्रीमती लीला बाई--- प्रतिवादी**

**Process Id-/2025**
**पेशी दिनांकः 18/12/2025**

**प्रेषिती-**

(1) राजाराम पिता बाबुलाल उम्र 50 वर्ष जाति जाट पता ग्राम सिजावता तहसील बडनगर जिला उज्जैन मप्र

यह कि प्रार्थी श्रीमती चन्दर बाई ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 09 दिसम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**भावना जाटवा**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ खण्ड बडनगर,**
**जिला-उज्जैन( म.प्र)**

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# निर्वाचन दायित्व को समयसीमा पूरा करें- कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका » आगर मालवा


कलेक्टर प्रीति यादव ने निर्देश दिए की सभी नोडल अधिकारी निर्वाचन दायित्वों को आयोग के निर्देशन में समय सीमा में त्रुटिरहित पूरा करें। निर्वाचन कार्यों में लापरवाही ना बरतें। कलेक्टर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर ले, जो कमी है वह तत्काल दूर की जाए। मतदान केंद्र पर रैंप, विद्युत पेयजल, दो गेट आदि सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित किया जाए।



आचरण संहिता प्रभावशील अवधि में नवीन निर्माण कार्य स्वीकृत, लोकार्पण भूमि पूजन आदि ना हो। डेटाबेस, प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन प्लान, वाहन व्यवस्था, रूट चार्ट आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि त्रि -पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत घोषित निर्वाचन कार्यक्रम अन्तर्गत आगर मालवा जिले की ग्राम पंचायतों के 07 वार्डों में पंच एवं एक स्थान पर जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन होना है। जिसमें जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत पडाना के वार्ड क्रमांक-19, डाबला सोनगरा के वार्ड-07, देहरी गुर्जर के वार्ड 4 और 5 तथा जनपद आगर की ग्राम पंचायत चकबडाबीड के वार्ड-20 ग्राम धन्देडा, ग्राम पंचायत गाता के वार्ड-1 और वार्ड-13 ग्राम नेवरी में पंच का चुनाव होना है। जिला पंचायत सदस्य के लिये (जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक - 01 सुसनेर) में उप निर्वाचन होना है।

उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर 2025 से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन होगा। पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8.00 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जायेगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे से की जायेगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, मास्टर ट्रेनर रजनीश स्वर्णकार, इरफान खान तथा समस्त नोडल अधिकारी सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## थरूर ने वीर सावरकर अवॉर्ड लेने से इनकार किया




**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को X पर एक पोस्ट में वीर सावरकर अवॉर्ड को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा- मैं ये अवॉर्ड लेने नहीं जा रहा हूं। मुझे इसके बारे में केरल में रहते हुए मीडिया रिपोर्ट्स से ही जानकारी मिली। कांग्रेस सांसद ने कहा कि आयोजकों ने बिना पूछे मेरा नाम घोषित किया है। ऐसे में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। वहीं, अवॉर्ड देने वाले ह्लह्र ने थरूर के दावे को गलत बताया। दि हिंगरेज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी इंडिया के संस्थापक अजी कृष्णन ने दावा किया कि वे एक महीने पहले थरूर से उनके घर पर मिले थे। थरूर ने अवॉर्ड स्वीकार करने की सहमति दी थी। दो हफ्ते पहले भी जूरी चेयरमैन रवि कांत ने उनसे मुलाकात की थी। दरअसल, बुधवार को दिल्ली में वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस नेता शशि थरूर को भी ये अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है।

## तिरुपति मंदिर में लड्डू के बाद दुपट्टा में घोटाला



**तिरुपति।** आंध्र सीएम चंद्रबाबू नायडू, उनके बेटे नारा लोकेश और पोते नारा देवांश 21 मार्च को तिरुपति मंदिर गए थे। इस दौरान तीनों ने दुपट्टा ओढ़ रखा था। आंध्र प्रदेश के तिरुपति स्थित तिरुमला के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में लड्डू के बाद प्रसाद के तौर पर दिए जाने वाले दुपट्टे (अंगवस्त्रम) की बिक्री में घोटाला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक कॉन्ट्रैक्टर ने शुद्ध मुलबेरी सिल्क दुपट्टों की जगह लगातार 100 प्रतिशत पॉलिएस्टर दुपट्टे सप्लाई किए। बिलिंग सिल्क दुपट्टों के नाम पर ही की गई। एक पॉलिएस्टर दुपट्टे की वास्तविक कीमत लगभग 350 थी। लेकिन, तिरुमला मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् को वही 350 का दुपट्टा 1,300 में बेचा गया। ये घोटाला साल 2015 से 2025, यानी पिछले 10 साल से चल रहा था। इस दौरान कॉन्ट्रैक्टर को लगभग 54 करोड़ भुगतान किए। बोर्ड ने चेयरमैन बी.आर. नायडू के निर्देश पर एक इंटरनल जांच शुरू की गई थी, जिसके बाद पूरा मामला सामने आया। 2019 में पीएम मोदी तिरुपति मंदिर गए थे। बोर्ड की तरफ से उन्हें सिल्क दुपट्टा और प्राचीन सिक्कों पर श्राइन बोर्ड की ओर से प्रकाशित दो किताबें भेंट की थी।

## शुरुआती जांच रिपोर्ट में मंदिर को क्लीन चिट

**मंगलुरु।** कर्नाटक धर्मस्थल केस में गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने बेलतंगडी अदालत में अपनी शुरुआती जांच रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में इस पूरे मामले को एक सोची समझी साजिश बताया गया है। रिपोर्ट में कहा कि इस पूरे विवाद को एंटी-धर्मस्थल एक्टिविस्टों ने गढ़ा था। रिपोर्ट में मंदिर प्रशासन को फिलहाल क्लीन चिट दी गई है। टीम ने अदालत से जांच पूरी करने के लिए और समय मांगा है। कुल छह लोगों को आरोपी बनाया है जिसमें शिकायतकर्ता चिन्नय्या, महेश शेट्टी तिमरोड़ी, गिरीश मत्तनण्णावर, जयंत, विट्ठल गौड़ा और सुजाता भट्ट शामिल हैं। जांच में सामने आया कि चिन्नय्या पर दबाव डाला गया, उसे पैसा दिए गए और झूठे बयान दिलवाए गए।

## चुनाव आयोग के निर्देश, 16 को जारी की जाएगी ड्राफ्ट लिस्ट

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि जिन राजनीतिक दलों ने बूथ-स्तर एजेंट नियुक्त किए हैं, उन्हें ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित होने से पहले मृत, स्थानांतरित और अनुपस्थित वोटर्स की लिस्ट दी जाएगी। यह व्यवस्था उन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए है, जहां स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन चल रहा है। नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में ड्राफ्ट वोटर्स लिस्ट 16 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा कि इन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे बूथ-स्तर पर अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लिकेट वोटर्स की सूची बूथ-स्तर एजेंटों के साथ साझा करें। ये वे मतदाता हैं जिनसे बूथ-स्तर अधिकारियों को तीन बार कोशिश करने के बावजूद संपर्क नहीं हो सका। बताया कि बिहार के दौरान भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई गई थी।

## झगड़ा सुलझाने गई पुलिस पर हमला, एएसआई का सिर फोडा

**जयपुर।** जयपुर में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर लोगों ने हमला बोल दिया। पथराव में एएसआई का सिर फूट गया। वे गंभीर घायल हैं। घटन मंगलम कॉलोनी हाथोज में बुधवार दोपहर पौने तीन बजे की है। पुलिस को परिवादी ने सूचना दी थी कि उसके पड़ोस में रहने वाले उससे झगड़ा कर रहे हैं और पथराव कर रहे हैं। पुलिस जब मौके पर पहुंची और समझाइश करने लगी तो दूसरे पक्ष ने जवानों पर हमला कर दिया। पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट और राजकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। हमले में सिर में गंभीर चोट लगी है, जिन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। थानाप्रभारी झोटवाड़ा नवरत्न धोलिया ने बताया- मंगलम कॉलोनी हाथोज में परिवादी ओंकार सिंह ने सूचना दी कि उसके पड़ोस में रहने वाले उससे झगड़ा कर रहे हैं और पथराव कर रहे हैं। कालवाड़ थाना पुलिस की चेतक मौके पर पहुंची थी।

# साइबर क्राइम से बचने सतर्क रहने की जानकारी दी

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तृतीय जिला न्यायाधीश शुजालपुर सपना पोर्ते के निर्देशन में आष्टा रोड स्थित निजी स्कूल में विधिक सहायता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन कर स्कूल के छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूक करते हुए साइबर क्राइम से बचने एवं सतर्क रहने के संबंध में जानकारी दी गई।

उक्त शिविर में न्यायाधीश गजल पाहवा द्वारा शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम एवं बाल अधिकारों सहित विधि के विभिन्न विषयों के बारे में बताते हुए कहा कि यदि कोई भी आपके साथ गलत हरकत करता है या गलत तरीके से टच करता है तो उसका विरोध करें तथा अपने माता-पिता व शिक्षकों से उसकी शिकायत अवश्य करें, डरें नहीं।




साथ ही साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जानकारी होना ही काफी नहीं है, सही जानकारी होना जरूरी है। इसके साथ ही उक्त शिविर में उपस्थित स्कूल के डायरेक्टर व अन्य शिक्षकगण सहित पैरालीगल वॉलेंटियर द्वारा भी बच्चों को उनके भविष्य के प्रति जागरूक रहने एवं जीवन में आने वाली बाधाओं के प्रति सजग करते हुए अच्छे से पढ़ाई करके अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश के साथ विधिक सेवा समिति शुजालपुर न्यायालय के कर्मचारी शुभम राजावत, सुनीता कुशवाह, प्रीती उपाध्याय, सचिन प्रजापति, पैरालीगल वॉलेंटियर ग्रीष्मा शाह तथा अभिनंदन जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## 78 छात्राओं के बनाएं लर्निंग लायसेंस

**आगर-मालवा।** परिवहन आयुक्त और कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में जिला परिवहन कार्यालय द्वारा बुधवार को शासकीय महाविद्यालय सोयतकलां में निःशुल्क लर्निंग लायसेंस केम्प का आयोजन किया गया। महाविधालय में उपस्थित सभी छात्राओं को यातायात संबंधित नियमों का पालन करने हेतु समझाईश दी गई। साथ ही 78 छात्राओं के लर्निंग लायसेंस बनाये गये। जिले के अन्य शासकीय महाविद्यालयों में भी परिवहन विभाग आगर मालवा द्वारा आगामी आदेश तक केम्प का आयोजन सतत् जारी रहेगा।

## आदर्श आचरण संहिता लागू

**आगर मालवा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत के उप निर्वाचन 2025 की घोषणा की गई। चुनाव की घोषणा के साथ ही जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है, जो 5 जनवरी 2026 तक लागू रहेगी। आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील अवधि में संबंधित ग्राम पंचायतों के रिक्त वार्ड, ग्राम पंचायत, निर्वाचन क्षेत्र (जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक - 01 सुसनेर) में कोई भी नवीन निर्माण कार्य की स्वीकृति, भूमि पूजन, शिलान्यास, उद्घाटन नहीं होगा। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव ने निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए है।

## जेल में केदियों के स्वास्थ्य की जांच हुई

**शुजालपुर।** सब जेल शुजालपुर पर जेल में परिरूद्ध कैदियों एवं जेल पर पदस्थ स्टॉफ के उचित उपचार के लिए जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त बंदियों एवं स्टॉफ का एचआईव्ही, सिफ लिस एवं टीबी, सीबी आदि की जाँच की गई। समस्त बंदियों का परिक्षण डॉ भूपेन्द्र परमार, डॉ अमित सोनी, डॉ अंकिता सिंह, मनीष माहेश्वरी ने किया एवं लेब टेक्नीशियन सुनिल व्यास, राजेश पाण्डेय, जया माहेश्वरी, सुनिल पखमोर ने समस्त बंदियों की जाँचे की। इस अवसर पर जेल के कर्मचारी संपदा निगम, सूरज उपाध्याय, महिपाल सिंह परमार, कमलेश सिंह, कमलसिंह, पुष्पेन्द्र सिंह परमार उपस्थित रहें। सहायक जेल अधिक्षक शिवपाल सिंह परोडिया ने चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बच्चों को बताए यातायात के नियम

**शुजालपुर।** मानव अधिकार दिवस पर शांति कान्वेंट हाई स्कूल जामनेर में कृपा सोशल वेलफेयर सोसाइटी और साथिया वेलफेयर सोसाइटी ने एडवोकेट जितेन्द्र गुरेनिया, यातायात प्रभारी धर्मेन्द्र परस्ते, सुनिल गुर्जर, डॉ. प्रहलाद सिंह मेवाड़ा, प्राचार्य सिस्टर जिंसी एवं फादर टिंकल की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें डॉ. मेवाडा ने बच्चों के स्वास्थ्य पर रासायनिक दवाई और रासायनिक खाद के प्रभाव और बीमारियों के बारे में जानकारी दी, यातायात प्रभारी धर्मेंद्र परस्ते ने यातायात नियमों के विषय में बताया कि आपके परिवार में कोई भी व्यक्ति ट्राफिक नियमों का उल्लंघन करता है तो भविष्य में कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। आपके घर परिवार में टू व्हीलर, फोर व्हीलर गाड़ियों के आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी।

# आईसीटीसी को मिला राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण-पत्र



दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

सिविल हॉस्पिटल शुजालपुर के आईसीटीसी केंद्र ने उत्कृष्ट कार्य का नया इतिहास रचते हुए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा किए गए राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन में 5 स्टार गुणवत्ता मानक प्राप्त कर जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन से यह प्रतिष्ठित प्रमाण पत्र वी हेकाली ज़िमोमी अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक द्वारा जारी किया गया। इसके लिए भोपाल में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समीक्षा बैठक भी म.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति ने की। समारोह में मप्र. राज्य एड्स नियंत्रण समिति से अपर परियोजना संचालक डॉ. नलिनी गोड़ ने आईसीटीसी शुजालपुर की टीम को यह प्रमाणपत्र प्रदान किया। यह सम्मान एचआईवी परामर्श परीक्षण सेवाओं में उत्कृष्ट गुणवत्ता, सटीकता, मानक प्रक्रियाओं के पालन और मरीजों को बेहतर सेवा प्रदायगी का प्रतीक है। शुजालपुर से इस समारोह में आईसीटीसी परामर्शदाता जया माहेश्वरी, आईसीटीसी लैब तकनीशियन पुष्पा लोधी शामिल हुई जिन्हे सम्मानित किया गया। इन दोनों ने मेहनत लगन उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता, रिकॉर्ड प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण सेवा के माध्यम से यह उपलब्धि सुनिश्चित की। इस उपलब्धि पर चिकित्सा अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## जिला विकास सलाहकार समिति का गठन

**आगर-मालवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आगर मालवा जिले की विकास सलाहकार समिति का गठन हुआ है। जारी आदेश अनुसार समिति में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान उपाध्यक्ष होंगे।

इसी के साथ सांसद, संसदीय क्षेत्र देवास महेंद्र सिंह सोलंकी, सांसद, संसदीय क्षेत्र राजगढ़ रोडमल नागर, विधायक सुसनेर भेरोसिंह (बापू), विधायक आगर माधव सिंह गहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्नाबाई चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष आगर सुश्री धर्मकुंवर पिता दुलेसिंह, सरबाई पति मुकेश चौहान सदस्य होंगे।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती समता पति धर्मेन्द्र परमार निवासी 10/7, रामघाट मार्ग, उज्जैन से उनके मालिकी का भुखण्ड क्रमांक 217 में से दक्षिण दिशा वाला भाग क्षेत्रफल 34,66 वर्गमीटर को क्रय करने का तय पाया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुखण्ड भाग के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उक्त भूखण्ड के विक्रय के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी बैंक या अन्य वित्तीय संस्था में भारीत की हुई हो या उक्त भुखण्ड में स्वत्व हित निहित हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिन की अवधि के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुखण्ड को क्रय किये जाने के सम्बन्ध में शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांकः 09/12/2025 ई., स्थान उज्जैन

मेहुल दुग्गड़ अभिभाषक
1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन
फोन 79871-95622, 94250-91829

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री पूनम जैन पुत्री स्वर्गीय श्री मंगलकुमारजी जैन निवासी 100/1, साई धाम, कॉलोनी, उज्जैन से उनके स्वामित्व के मकान जिसका क्रमांक 100, का पूर्व दिशा वाला भाग रहा है, जिसका वर्तमान में नगर पालिक निगम क्रमांक 100/1. साई धाम, कॉलोनी निलगंगा, उज्जैन हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 42.42 वर्गमीटर हैं, को क्रय करने का तय पाया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मकान के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उक्त मकान के विक्रय के सम्बध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी बैंक या अन्य वित्तीय संस्था में भारीत किया हुआ हो या उक्त मकान में स्वत्व हित निहित हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिन की अवधि के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मकान को क्रय किये जाने के सम्बन्ध में शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 10/12/2025 ई., स्थान उज्जैन

मेहुल दुग्गड़
अभिभाषक 1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचोक, उज्जैन
फोन - 79871-95622, 94250-91829

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ईश्वर पिता राम गिरी जाति गुसाई निवासी गांव पालाखेडी तह हातोद जिला इन्दौर म.प्र. ने भूमि स्वामी शंकरलाल पिता रामसिंह आंजना जाति आंजना निवासी आक्यानजीक तह नागदा जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 540/1 रकबा 2.98 व 573/1 रकबा 0.68 हेक्टेयर ग्राम आक्यानजीक तह नागदा जिला उज्जैन में स्थित है को मय तल लगायत हवाई हक सहित मेरे पक्षकार ने सौदा कर विधिवत रूप से सौदा चिट्ठी का निष्पादन कर टोकन राशि अदा कर दी है तथा जाहिर सूचना पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने की दशा में बयाना राशि अदा कर दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएँगा उसके पश्चात अनुबंध पत्र में उल्लेखित शर्त अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र रजिस्ट्री का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जाएगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त संपत्ति में कोई हक हित हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में प्रमाण सहित लिखित में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय 11 बजे से 5 बजे तक उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 11/12/2025

शुभम सोलंकी एडव्होकेट
कार्यालय-बृजेश मार्केट उन्हेल जिला उज्जैन मो. 8269772456

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि विक्रेतागण करण पिता मांगीलाल जी, केसरबाई बेवा मांगीलाल जी, सुरेश पिता मांगीलाल जी, गीताबाई पिता मांगीलाल जी, जशोदाबाई पिता मांगीलाल जी, राधाबाई पिता मांगीलाल जी, ताराबाई पिता मांगीलाल जी, तेजूबाई पिता मांगीलाल जी, मंजूबाई बेवा मांगीलाल जी, जाति बंजारा निवासीगण कृषकग्राम रूई, तह. घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर सर्वे क्रमांक 310 रकबा 1.130 है. भूमि, कुल किता 01 कुल रकबा 1.130 हेक्टर भूमि, ग्राम रूई तह. घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा करके सौदा अनुबंधपत्र का संपादन कर लिया है। निकट भविष्य में मेरे पक्षकार द्वारा अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवे बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 10/12/2025

पंकज शर्मा एडवोकेट पीयुष शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)
पता-51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन
मोबा- 99070-21923, 90094-38990

## In The Court Of VI Civil Judge Class -I District Court, Ujjain

**Presiding Officer : श्री सीताराम दास**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000632/2023)

मोहम्मद इकबाल ........................ वादी

Vs

मोहम्मद हनीफ............................ प्रतिवादी

Process Id -/2025

पेशी दिनांक :- 22/12/2025

प्रेषिती -

(1) मोहम्मद आफताब पिता मोहम्मद हनीफ पता- सिद्धवट मार्ग गली नं. 5 उज्जैन हालमुकाम इंदौर

(2) श्रीमती मोबीन बानो पति गुलाम जिलानी पता- 32/3 मोहनपुरा इंदौर

यह कि प्रार्थीगण क्र. 1 मोहम्मद इकबाल पिता मोहम्मद इसहाक, आयु 65 वर्ष, धंधा-व्यापार, निवासी-573 एस चंदन नगर इंदौर, क्र.2 मोहम्मद रमजान पिता मोहम्मद इसहाक, आयु-70 वर्ष, निवासी-265 खण्डवा रोड वार्ड नं. 2 टेन्थी ग्राउण्ड सनावद वेस्ट निमाड, सनावद ने आपके विरूद्ध एक वाद वास्ते घोषणात्मक सहायता एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु वादीगण एवं प्रतिवादी क्रं.1 के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड/प्लॅाट म्यु. नंबर 5 स्थित सिद्धवट मार्ग गली नंबर 5 उज्जैन के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेजो की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 28 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

सीताराम दास
नवम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
उज्जैन म.प्र.

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## पूनम विहार कॉलोनी में पूर्णेश्वर महादेव की ध्वजा एवं कलश की हुई प्रतिष्ठा

**जावरा** ।पूनम विहार कॉलोनी में भगवान पूर्णेश्वर महादेव मंदिर में कलश एवं ध्वज की प्रतिष्ठा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस दौरान मंदिर प्रांगण में हवन पूजा अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। आचार्यो द्वारा शुभ मुहूर्त में मंदिर शिखर पर



कलश स्थापना के साथ ध्वज आरोहण किया गया। दो दिवसीय प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रथम दिवस भजन गायक हरीश राजस्थानी प्रतापगढ़ ने सुंदर भजन माला की श्रृंखला प्रस्तुत की। ध्वजा की बोली का लाभ दीपक सकलेचा परिवार एवं कलश की बोली का लाभ भंवर लाल अग्रवाल परिवार ने लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलोनी वासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, समाजसेवी डॉ एच एस राठौड़, अनिल दसेड़ा, जीवन सिंह शेरपुर व हेमंत चोपड़ा व अभय भंडारी उपस्थित रहे। आयोजन संपन्न होने पर पूनम विहार विकास समिति अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता, सचिव राजेश भावसार, कोषाध्यक्ष पारस सकलेचा, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष डॉ राज दांगी, कार्यक्रम संयोजक पप्पू शर्मा संरक्षक संतोष मेडतवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुरेश पटेल, जुझार सिंह राठौर, बीएल भामर, लक्ष्मी नारायण पोरवाल, सुनील भंडारी, कुंदन मौर्य, अशोक पोरवाल, संजय बरानिया, मनीष बरानिया, हितेश व्यास, नितिन सेठिया, नवदीप सलूजा, मुकेश हरा, राहुल धाड़ीवाल, संजय पोरवाल, अभिषेक सकलेचा, विनय पवार, हर्ष राठोड, अशोक सुरेका, धर्मेंद्र यादव, शेखर धाडीवाल का विशेष सहयोग रहा।

## सांसद खेल महोत्सव आयोजन को लेकर बालागुड़ा संकुल की बैठक संपन्न



**पिपलिया मंडी।** सांसद खेल महोत्सव के तहत पिपलिया मंडल के अंतर्गत बालागुड़ा संकुल के समस्त शासकीय , अशासकीय प्राचार्य की बैठक का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बालागुडा में आयोजित हुआ । बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल ने संकुल क्षेत्र में आने वाले समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यगण को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी सांसद खेल महोत्सव मैं प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप खेल गतिविधियों में अपने अपने विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं की पूर्ण उपस्थिति के साथ सहभागिता करवाए । बैठक में मंडल के आयोजन प्रभारी मंडल महामंत्री मनोहर माली ने के खेल महोत्सव के उद्देश्य, जन सहभागिता, व्यापक प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया, साथ ही खेल सहप्रभारी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक गुर्जर द्वारा छात्रों के खिलाड़ियों की समस्त व्यवस्थाओं संबंधी चर्चा की । इस अवसर पर जनपद सदस्य कमलेश पाटीदार, महाविद्यालय सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत भट्ट,मंडल उपाध्यक्ष महावीर कोठारी, रमेश पाटीदार,पंचायत सचिव लालसिंह शक्तावत ने बैठक में अपने सुझाव व्यक्त किए। बैठक के उपरांत अतिथियों द्वारा समस्त छात्रों को साइकिल वितरित कर खेल मैदान का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर संकुल अंतर्गत समस्त प्राचार्य, शिक्षकगण स्टाफ उपस्थित रहे ।

## श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर की कार्यकारणी का गठन

**मन्दसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर के अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया के निदेर्शानुसार मुख्य प्रवक्ता दिलीप सेठिया ने मंदसौर पोरवाल समाज की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें सचिव जगदीश काला, कोषाध्यक्ष रामगोपाल



महाजन,सह सचिव दशरथ दानगढ़, उपाध्यक्ष इंजी. रामगोपाल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रत्नावत, सहसचिव ओम प्रकाश सेठिया(छत्री वाला) प्रचार सचिव जगदीश सेठिया(इले.) सुनील धनोतिया, संगठन सचिव रूपचंद सेठिया, राधेश्याम गुप्ता (मोयावाला), योजना सचिव अश्विन फरक्या, विनोद मांदलीया कार्यक्रम संयोजक लीलाशंकर सेठिया, अशोक मांदलिया(ढाबला वाला), सह प्रवक्ता घनश्याम पोरवाल, विधि सलाहकार एडवोकेट देवेंद्र मरच्या, गौरव रत्नावत, अनुशासन समिति जगदीश सेठिया(सुठी वाला), जगदीश चौधरी,सुरेंद्र फरक्या, सुरेंद्र संघवी, मारुति पोरवाल, निर्माण समिति इजी.रामगोपाल गुप्ता, दिलीप मुजावदिया,प्रकाश सेठिया, विनोद गुप्ता, महेश मोदी (इलेक्ट्रिक), कार्यक्रम आयोजन समिति श्री राधेश्याम मांदलिया (किरण श्री),महेश मंडवारिया, राधेश्याम गुप्ता (एमपी मोटर्स), कैलाश मेहता, प्रदीप मुजावदिया, सांस्कृतिक समिति शिवनारायण मंडवारिया, आशीष पोरवाल (कड़ा वाला), मुकेश मुजावदिया, उमेश मांदलिया,बालकृष्ण डपकरा, संरक्षक सदस्य लक्ष्मीनारायण कोठारी, मदन लाल गुप्ता,रामनिवास धनोतिया,दिनेश सेठिया(इले.)विशेष आमंत्रित सदस्य रमेश धनोतिया, सुधाकर गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सुरेश मांदलिया, दिनेश पोरवाल बालराम गुप्ता, ब्रजमोहन सेठिया, गोवर्धन लाल सेठिया, अशोक गुप्ता(डोरवाडा) अशोक धनोतिया, रामगोपाल सेठिया महेश मोदी, रामगोपाल रत्नावत,जगदीश मांदलिया ,श्याम घाटीया, योगेश गुप्ता, जगदीश सेठिया, दिनेश गुप्ता, अनिल सेठिया, संजय पोरवाल(पत्रकार), अमन फरक्या राकेश घाटिया, जितेश फरक्या, ओमप्रकाश धनोतिया,डॉ नवीन चौधरी,आशीष गुप्ता, डॉ प्रमोद सेठिया को बनाया गया है।

## सनातन धर्म की जय के जयकारों से गूंज उठा चौमुखा महादेव मंदिर परिसर

**रतलाम।** श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति के बैनर तले आज बुधवार को बागड़ों का वास स्थित चौमुखा महादेव मंदिर ( अगर जी का मंदिर ) पर 21 भूदेवों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण हुआ और हर-हर महादेव और सनातन धर्म की जय के जयकारों से गूंज उठा चौमुखा महादेव मंदिर परिसर। त्रिवेणी के पावन तट पर 11 दिसम्बर गुरूवार से आयोजित होने वाले 72 वें महारूद्र के पूर्व बुधवार की सुबह बागड़ों का वास स्थित श्री चौमुखा महादेव मंदिर परिसर में यज्ञाचार्य पं. दुगार्शंकर ओझा के नेतृत्व में यज्ञ के मुख्य यजमान श्रीमती गायत्री देवी पप्पू जी सोनी दम्पत्ति से 21 भूदेवो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन करवाया ।

# मानव अधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मंदसौर जिला मानव अधिकार आयोग मित्र समूह द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता से.नि. न्यायाधीश गिरिराज सक्सेना ने कहा कि समानता एवं मानवता की अवधारणा भारत में शुरू से ही रही है सर्वे भवंतु सुखीनः सर्वे संतु निरामया को भारत ने शुरू से ही अपनाया हमारे संविधान ने भी मूल अधिकार एवं कर्तव्यों के रूप में इसी धारणा को पुष्ट किया है। आज आवश्यकता है इन अधिकारों को सभी के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों में संपूर्ण रूप से लागू करने की जिससे




स्वास्थ्य सामाजिकता का विकास हो सके। से.नि. प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद खिमेसरा ने कहा कि मानव अधिकार की बात संचार एवं मीडिया से ही समाज के सामने आती है। न्यायालय तक पहुंच कर इन अधिकारो का संरक्षण होता है। सूचना का अधिकार इस बात का प्रमाण है अध्यक्षीय उद्बोधन दशपुर प्राच्य शोध संस्थान के निदेशक कैलाश चंद पांडे ने दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आयोग मित्र डॉ. घनश्याम बटवाल ने मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस विचार गोष्ठी की प्रस्तावना रखी। आभार व्यक्त करते हुए आयोग मित्र ब्रजेश जोशी ने कहा कि मानव अधिकार दिवस मानव अधिकारों की जागरूकता का प्रतीक है कहीं इसका हनन होता है तो उसका प्रतिकार आयोग के माध्यम से किया जा सकता है। इस अवसर पर गंगाराम पाटीदार एड., सुरेंद्र दीक्षित, गोपाल बैरागी, नंदकिशोर राठौर, अजीजुल्लाह खान, प्रकाश कल्याणी आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस नेता ने सुनी किसानों की व्यथा

# किसानों को तीन दिन लाइन में खड़े रहने के बाद भी नही मिल रहा पर्याप्त यूरिया खाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मल्हारगढ़

क्षेत्र के किसानो को इस समय काफी समस्याओं से झूझना पड़ रहा है इधर बिजली परेशान कर रही है,तो नीलगायों ने किसानों के नाक में दम भर रखा है।यूरिया खाद के लिए किसान तीन तीन दिनों तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 से 6 बजे लाइन में लगा रहता है फिर बगैर खाद लिए निराश होकर घर चला जाता है।

किसानों की सूचना पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लियाकत मेव,सचिव नागेश्वर चौहान,गोपाल भारती मल्हारगढ़ स्थित सोसायटी खाद वितरण केंद्र पहुंचे जहां यूरिया खाद के लिए बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। किसान उदयराम राठौड़ मनासाखुर्द, वरदीचंद बावरी लसुडिया कदमाला, गौरव बंजारा भेसाखेड़ा, कचरूलाल मालवीय बरखेड़ादेव, बाबूलाल पंवार, धर्मेंद्र पंवार पामाखेड़ा, श्यामलाल नायक, कंचनबाई गणपत, अर्जुन सांखला आदि ने बताया कि फसलों को अभी यूरिया खाद की सख्त आवश्यकता है पर शासन प्रशासन ने बड़े बड़े दावे किए की खाद की कमी नही होने दी जावेगी लेकिन जहां 10 से 12 खाद के कट्टो मि आवश्यकता है वहा हमे 1 से 2 कट्टे ही दिए जारहे है वह दो से तीन दिन लाइन में खड़े होने के बाद।किसानों ने यह बताया कि बिजली भी समय पर नही मिल रही है ठंड में रात्रि में फसलों को पानी पिलाने जानापड रहा है, नीलगाय फसलों को चौपट कर रही है किसी भी फसल के वाजिब दाम नही मिलने से किसान पहले से ही हताश एवं निराश है।



**किसान विरोधी है सरकार**

मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार किसान विरोधी है। खाद को लेकर शासन प्रशासन के सारे दावे खोखले साबित होरहे है खाद के लिए लाइन में लगे लोग मर रहे है उन्हें पर्याप्त खाद पर नही मिल रहा है।नीलगाये फसलों को चौपट कर रही है लगभग 1 वर्ष पूर्व कलेक्टर अदिति जी गर्ग को सुझाव भी दिया था कि रोजड़ो को चीतल की जगह चीते के भोजन के लिए गांधीसागर अभ्यारण में छोड़ा जाय,कलेक्टर गर्ग ने इस सुझाव को मान्य भी किया था किंतु अभी तक इस पर अमल नही हुवा है। शर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर शीघ्र ही एक बड़ा आंदोलन कर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### सफाई व्यवस्था का हाल जानने

## सीएमओ ने मूलचंद मार्ग एवं प्राइवेट बस स्टैंड, पर देखी सफाई व्यवस्था

**नीमच।** सफाई व्यवस्था को लेकर निरंतर सक्रिय नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया सफाई व्यवस्था का हाल जानने शनिवार 6 दिसंबर को सुबह मूलचंद मार्ग, प्राइवेट बस स्टैंड एवं फव्वारा चौक सहित शहर के अनेक क्षेत्रों में पहुंची और निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए कर्मचारीयों का वेतन काटने तथा बगैर अनुमति लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दीये! साथ ही मूलचंद मार्ग व प्राइवेट बस स्टैंड पर कुछ दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटवाया तथा कुछ दुकानदारों को चेतावनी दी!

निरीक्षण के दौरान श्रीमती बामनिया ने होटल व्यवसाईयों एवं अन्य दुकानदारों को अपने यहां पर्याप्त साफ-सफाई एवं डस्टबिन रखने के साथ ही अपनी दुकानों का सामान सड़क तक ना जमाने की हिदायत दी ताकि आवागमन प्रभावित न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे! श्रीमती बामनिया ने निरीक्षण के दौरान मूलचंद मार्ग व प्राइवेट बस स्टैंड पर पूर्व में हटाए गए अतिक्रमण वाले कुछ स्थानो पर पुनः अतिक्रमण देख मौके पर खड़े रहकर स्वयं दुकानदार से अतिक्रमण हटवाया व चेतावनी दी कि अगली बार सख्ती से अतिक्रमण हटाकर सामान जप्त कर लिया जाएगा! ! निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक, स्वच्छता निरीक्षक श्री गोपाल नरवाले व अविनाश घेघट, भी सीएमओ के साथ थे।

## गौशालाओ का सतत निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

**रतलाम।** पशुपालन एवं गौसंवर्धन समिति की अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निदेर्शानुसार मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में पशुपालन एवं गौ संवर्धन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उप संचालक पशुपालन नवीन शुक्ला ने बताया कि रतलाम जिले में एनजीओ अंतर्गत 32 गौ शालाओं में 10625 गौवंश है तथा एमजीएसवाय अंतर्गत 24 गौशाला तथा 3401 गौवंश है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि जिला अधिकारी सागोद रोड स्थित गौशाला में दी जा रही सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा सुधारात्मक कार्यवाही करें। जिले में संचालित गौशालाओं का सतत निरीक्षण करे। गौशालाओं में बिजली, पानी, चारा/भूसा की उचित व्यवस्था बनाई जाए, समितियों को गौशाला में सहभागिता करने हेतु आवश्यक जानकारी दी जाए।

## हरिशंकर भटनागर के दो काव्य संकलनों का विमोचन 25 दिसम्बर को

**रतलाम।** साहित्यिक संस्था अनुभूति रतलाम के तत्वाधान में वरिष्ठ कवि गीतकार हरिशंकर भटनागर का 8 वां काव्य संग्रह स्वर्ण रेखा के किनारे से तथा कैकेयी का पश्चाताप (खंड काव्य) का विमोचन सैलाना रोड़ गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के सामने निजी होटल (जलसारा) में 25 दिसम्बर को अपराहं 3 बजे किया जायेगा। संस्था अध्यक्ष डॉ. मोहन परमार एवं संरक्षक दिनेश कुमार जैन एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि इससे पूर्व में हरिशंकर भटनागर के 6 पुस्तक महक (काव्य संग्रह), सागर के उस पर, (कहानी संग्रह), गुंजन (काव्य संग्रह), आखरी शर्त (उपन्यास), मन की आवाज (कहानी संग्रह), शीप के मोती (काव्य संग्रह) प्रकाशित हो चुके है तथा स्वर्ण किरण काव्य संग्रह एवं डायरी के फूल कहानी संग्रह प्रकाशाधीन है।

# ट्रक के पीछे घुसा दूध का टैंकर : कैबिन में फंसा ड्राइवर, एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम से गुजर रहे महू-नीमच फोरलेन पर मंगलवार रात एक तेज रफ्तार दूध से भरा टैंकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसा जावरा से आगे ग्राम परवलिया में हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर का केबिन पूरी तरह पिचक गया और ड्राइवर उसमें बुरी तरह फंस गया। पुलिस और ग्रामीणों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। ड्राइवर की हालत गंभीर है और उसे रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



### मंदसौर से मक्सी जा रहा था टैंकर

ढोढर पुलिस के अनुसार, नरसिंहगढ़ निवासी सूरज सोनी मंदसौर से दूध का टैंकर लेकर मक्सी जा रहा था। हादसा रात करीब 10 बजे ग्राम परवलिया बस्ती के सामने क्रॉसिंग पर हुआ, जब टैंकर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। घायल सूरज को पहले जावरा अस्पताल ले जाया गया। वहां रात में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### ट्रक ने अचानक लगाए ब्रेक, ट्रैफिक जाम

हादसे का स्पष्ट कारण अभी पूरी तरह सामने नहीं आया है, लेकिन आशंका है कि ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए होंगे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहा टैंकर अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसा। दुर्घटना के कारण फोरलेन की एक साइड पर कुछ देर तक ट्रैफिक (यातायात) भी बाधित रहा, जिसे बाद में सुचारू कराया गया।

# जीवन सिंह ने हरदा के लिए जन क्रांति न्याय रैली में भरी हुंकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा

करणी सेना परिवार टीम एवं सर्व समाज के साथ नगर में मंगलवार को जन क्रांति न्याय आंदोलन आव्हान बाइक रैली निकालकर 21 दिसंबर को हरदा में होने वाले आंदोलन का दिया न्योता गुना चौक चौराहा से करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने जागन्नाथ मंदिर पर पूजा अर्चना कर आह्वान रैली में जन सैलाब के साथ पैदल चलना प्रारंभ हुए। जन क्रांति न्याय यात्रा गुना चौक से भड भुजा चौक, बजाज खाना, घंटाघर चौराहा, कोठी बाजार, कमानी गेट, नीम चौक, लक्ष्मी बाई मार्ग ,रतलामी गेट, गौशाला रोड, सिटी औवर ब्रिज, चौपाटी रोड होते हुए फोरलेन स्थित शिक्षक नगर पहुंची।

रैली का नगर में जगह-जगह





विभिन्न संगठनों ने मंच बनाकर आतिशबाजी कर पुष्प वर्षा कर शेरपुर का स्वागत किया। रैली शिक्षक नगर के पास खुले मैदान में पहुंची । वहां करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने संबोधित करते हुए कहा कि आज आम जनता की आवाज उठाने वाला कोई नहीं है ।जिन्हें हम लोगों ने जीता कर भेजा वह आवाज सदन में नहीं उठा रहे और जो हार गए वह आपके लिए सड़कों पर नहीं लड़ रहे ।जबकि यह दायित्व है। प्रदेश में कई वर्षों से मंडी समिति व सोसायटी के चुनाव नहीं हो रहे शायद लोकतंत्र को खत्म कर प्रशासक राज चलाया जा रहा।

आपने कहा हमारा एसटी एससी से कोई विरोध नहीं है लेकिन कोई फर्जी प्रकरण न बने और उसमें कोई निर्दोष अनावश्यक परेशान ना हो यह हमारी मांग है। हम आरक्षण के खिलाफ नहीं है इसका लाभ वास्तविक जरूरतमंद एवं गरीब है उसको मिलना चाहिए।

लव मैरिज में माता-पिता की सहमति अनिवार्य हो भारतीय संस्कृति की रक्षा हेतु नया विवाह कानून बनावे। इसके पूर्व प्रदेश प्रभारी दुर्गेश कुवँर भाटी,शैलेंद्र सिंह झाला,मंजीत पाल सिंह ,सुनील पोखरणा, असलम मेंव आदि ने संबोधित किया। सभा का संचालन हरीश प्रताप सिंह पिपलोदा ने किया आभार यादवेंद्र सिंह तोमर ने माना।



## आंगनबाड़ी कार्यालय पर बीएलओ द्वारा सूची का वाचन किया गया

**पिपलिया मंडी।** निर्वाचन क्षेत्र वार्ड 05 के बूथ क्रमांक 83 व 90 पर रक्क्र प्रक्रिया पूर्ण होने की सूरत मे इछड द्वारा सूची का वाचन करते हुवे विस्तृत जानकारी दी। स्थानीय महात्मा ज्योति बा फुले प्रतिमा स्थल और पिपलिया पंथ मार्ग स्थित आंगनबाड़ी कार्यालय पर बिछात लगाई गई। जिसमें सभी राजनीतिक दलों के BLO , प्रतिनिधिगण एवं सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुवे। शत प्रतिशत पारदर्शिता से कार्य करने पर BLO श्री सुन्दरलालज माली एवं श्रीमती सीमाकुंवर झाला को सम्मानित किया।

## स्ट्रीट फूड वेंडर की दुकानों का निरीक्षण किया, नमूने जांच हेतु भेजे गए




**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निदेर्शानुसार 9 दिसंबर को दो बत्ती चौपाटी रतलाम स्थित स्ट्रीट फूड वेंडर की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। दो बत्ती स्थित फास्ट फूड मोमोज के वेंडर देहली मोमोज कॉर्नर, वेद मोमोज एवं न्यू मोमोज शॉप से मोमोज के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गए है। सभी स्ट्रीट फूड वेंडर को साफ सफाई एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु निर्देशित किया गया। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश गुप्ता एवं कमलेश जमरा उपस्थित थे।

## अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिये 5 खिलाड़ी चयनित


**मन्दसौर।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी भोपाल में दिनांक 10 से 14 दिसंबर तक आयोजित होने वाली पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता भाग



लेने वाली विक्रम यूनिवर्सिटी उज्जैन और मंदसौर यूनिवर्सिटी मंदसौर के वॉलीबॉल पुरुष टीम में मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के खिलाड़ियों कुणाल राठौड़, विवेक हाडा, अनिलदास बैरागी, अभिषेक गोस्वामी, शुभम का चयन हुआ है यह 5 बालक का भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन और मंदसौर यूनिवर्सिटी मंदसौर टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में मंदसौर जिला राज्य स्तर पर अग्रणी

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अंतर्गत जिला मंदसौर



ने प्रति माह लक्षित पशु संख्या के विरुद्ध उत्कृष्ट प्रगति करते हुए राज्य स्तर पर अग्रणी जिले के रूप में अपनी पहचान बनाई है। मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा माह अक्टूबर - नवंबर की समीक्षा में राज्य के प्रथम दस जिलों में मंदसौर जिले के चार कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य को सराहनीय बताया गया। जिले के श्यामलाल पाटीदार, लक्ष्मीनारायण पाटीदार, दिलीप कुमावत एवं जुझार लाल मालवीय द्वारा अधिकतम संख्या में सफल कृत्रिम गभार्धान किए जाने पर राज्य स्तर से इनके कार्य की सराहना की गई। प्रमुख सचिव के निर्देशानुसार कलेक्टर अदिती गर्ग के माध्यम से चारों कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने जिले की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## 24 को शासकीय कार्यालयों में ली जाएगी सुशासन की शपथ

मन्दसौर। अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मानदंडों के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर दिनांक 24 दिसम्बर को जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में प्रातः 11.00 बजे सुशासन की शपथ लेंगे। शपथ कार्यक्रम के माध्यम से पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनहितकारी शासन व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की जाएगी।



## वॉर्ड क्र. 7 में गली निर्माण न होने पर जताया आक्रोश, सड़क पर लगाया जाम

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ स्थित वॉर्ड क्र.07 में लंबे समय से रुके गली निर्माण कार्य को लेकर मंगलवार को रहवासियों का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज नागरिकों ने मुख्य सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। रहवासियों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बाद भी गली निर्माण शुरू नहीं किया गया, जिससे क्षेत्र में आवागमन में कई दिनों में बेहद मुश्किल हो रही है। विरोध के दौरान लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद के खिलाफ मुदार्बाद के नारे भी लगाए, और तत्काल निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस और नगर परिषद की टीम व अध्यक्ष प्रतिनिधि लगभग 1 घंटे बाद मौके पर पहुंचे और लोगों को 8 दिन में निर्माण की समझाइश देकर जाम हटवाया। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन उग्र किया जाएगा।

## छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**सारंगपुर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कला, विज्ञान, कॉमर्स एवं आईटी विषय की छात्राओं ने विगत दिवस विद्यालय प्राचार्य मंजू गुप्ता के नेतृत्व में भोपाल स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र, एक निजी विश्वविद्यालय की आईटी एवं विज्ञान लेब, बडा तलाब एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण किया। विज्ञान आंचलिक केंद्र में छात्राओं ने विज्ञान के कई मॉडल, जंगल एवं जीवों को दिखाता एक 3डी शो, नाइट्रोजन गैस के तरल एवं गैसीय स्वरूप को दिखाता बहुत ही ज्ञानवर्धक एसडीएल शो दिखाया गया। छात्राओं के मार्गदर्शक के रूप में शिक्षक बीएल पाटीदार, राकेश माथुरिया, हिमलेश दीक्षित, अजय विश्वकर्मा एवं लखन दांगी भी भ्रमण में साथ रहे।

### लखनऊ में होगी राष्ट्रीय एथलेटिक्स:

## सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट के मृदुल डोंगरे भाला फेंक में दिखाएंगे दम




**सारंगपुर।** सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाई स्कूल सारंगपुर के होनहार छात्र मृदुल डोंगरे का चयन अंडर-17 राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित की जाएगी। मृदुल इस राष्ट्रीय मंच पर भाला फेंक स्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मृदुल की इस उपलब्धि से स्कूल परिसर में हर्ष का माहौल है। स्कूल प्रबंधन और स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई है कि वे लखनऊ में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। स्कूल के मैनेजर फादर पॉल, प्रिंसिपल सिस्टर मर्लिन, वाइस प्रिंसिपल अमजीत सर और खेल शिक्षक रोबिन राजू तथा सय्यद नवाज ने मृदुल को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सांसद खेल महोत्सव अन्तर्गत क्रिकेट चैंपियनशिप में महिदपुर टीम रही विजेता



**महिदपुर रोड।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने सांसद खेल महोत्सव फीट युवा विकसित भारत 2025 के अंतर्गत उज्जैन आलोट संस दीय क्षैत्र सांसद अनिल फिरोजिया द्वारा आयोजित क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में महिदपुर तहसील विजेता रहकर स्कूल का नाम रोशन किया। अतिथियों द्वारा क्रिकेट टीम के कप्तान युवराज सिंह एवं पूरी टीम को मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित कि या छात्रों ने महिदपुर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की युवा शक्ति की खेलों के प्रति बढ़ती रुचि, ऊर्जा और जोश को देखकर अत्यंत हर्ष हुआ' यह आयोजन खेल भावना अनुशासन और युवा प्रतिभा को मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है यह बात मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान ने कहीं हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल शिक्षक शांतिलाल सूर्यवंशी एवं संगीता पासी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर महिदपुर में क्रिकेट टीम को जीत दिलाई छात्रों का हायर सेकेंडरी में भी सम्मान किया प्राचार्य शिवनारायण बामनिया शिक्षक अशोक पोरवाल श्रद्धा सूर्यवंशी सरिता पालीवाल गीता रावत सुजाता राय अनुपम त्रिवेदी बंसीलाल सौलंकी स्नेहा सेठिया आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

देवास में कनिष्ठ यंत्री से मारपीट, चार आरोपी गिरफ्तार

# बिजली कर्मचारियों ने काम बंद कर कार्रवाई की मांग की, बोले-कड़ी कार्रवाई हो

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

आगरोद क्षेत्र में विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री हरिओम शाह के साथ मारपीट के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 6 दिसंबर को हुई थी, जिसके विरोध में मंगलवार को जिलेभर के बिजली अधिकारी और कर्मचारियों ने काम बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

कनिष्ठ यंत्री हरिओम शाह 6 दिसंबर को अन्य कर्मचारियों के साथ सिंगावदा क्षेत्र के ग्राम आगरोद में रबी सीजन के अस्थायी विद्युत कनेक्शनों की जांच और सिंचाई कनेक्शनों की बकाया राशि वसूलने गए थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



### चारों आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में विजयागंज मंडी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें खाजू पटेल (56), सद्दाम पटेल (24), सोहेल पटेल (26) और शाहरुख पटेल (23) शामिल हैं। ये सभी आगरोद, थाना विजयागंज मंडी के निवासी हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

घटना से नाराज विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी मंगलवार को भोपाल रोड स्थित विविकं कार्यालय से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने, उनके मकान तोड़ने और जुलूस निकालने की मांग को लेकर एक आवेदन सौंपा।

मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे ने बताया कि देवास जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी इस घटना के विरोध में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर को आगरोद क्षेत्र में चार हमलावरों ने हमारे शासकीय अधिकारी को घर के अंदर बंद कर मारा था, जिससे उनकी गर्दन पर चोट आई थी।

## क्लस्टर स्तरीय जनसुनवाई शिविर का आयोजन

### राजस्व विभाग के 15, पंचायत के 03, विद्युत के 03, महिला बाल विकास विभाग के 01 एवं जल संसाधान विभाग के 01 कुल 23 आवेदन पत्र प्राप्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



जनपद पंचायत क्लस्टर स्तरीय जनसुनवाई शिविर का आयोजन मंगलवार को ग्राम पंचायत इंगोरिया के तहसील टप्पा कार्यालय में विधायक जितेंद्र उदयसिंह पण्ड्या की उपस्थिति में किया गया। उक्त जनसुनवाई में विधायक पंड्या ने कहा कि आम जनता कि समस्याओं व शिकायतों को सुनने एवं उनका समाधान की त्वरित कार्यवाही होना चाहिए। जिससे आम जनता को यह संदेश जाये कि उनके आवेदनों एवं समस्याओं पर सुनवाई हो रही हैं।

विधायक द्वारा समस्त खण्ड स्तरीय अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जावें ताकि उन्हें कार्यालय में न भटकना पडे.। उक्त जनसुनवाई में राजस्व विभाग के 15, पंचायत के 03, विद्युत के 03, महिला बाल विकास विभाग के 01 एवं जलसंसाधान विभाग के 01 कुल 23 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनका समय सीमा में निरकारण के निर्देश दिये गये । इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठोर, जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पण्ड्या, मण्डल अध्यक्ष इन्द्रपालसिंह पण्डया सहित जनपद सदस्यगण व अनुविभागीय अधिकारी धीरेन्द्र पाराशर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोवर्धनलाल मालवीय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा क्लस्टर इंगोरिया की ग्राम पंचायतो के सरपंच,सचिव, सहायक सहित समस्त विभागीय खण्डस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उचित मूल्य दुकान संचालक के साथ मारपीट महिला को भी आई चोंटे

**शुजालपुर।** मंडी थाना अन्तर्गत ग्राम जामनेर में उचित मूल्य दुकान संचालन करने वाली महिला सहित अन्य लोगों के साथ मारपीट की घटना हुई। यह विवाद राशन लेने के लिए नम्बर तोडने के कारण निर्मित हुआ। फरियादिया शहनाज पति शाकिर खां निवासी जामनेर ने पुलिस को बताया कि वह शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम जामनेर में चलाती है तथा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष है। मंगलवार की सुबह 10 बजे कंट्रोल में खाद्यान वितरण का कार्य चल रहा था, सभी लोगों के राशन कार्ड एकत्रित करण नम्बरवार रखे हुए थे तथा जिसका नम्बर आता उसका नाम पुकार कर राशन दिया जा रहा था, कंट्रोल पर पति शाकिर खां तुलावटी का काम कर रहे थे और हफीज खां पीओएस मशीन चलाकर पर्ची निकालकर दे रहे थे इसी दरमियान अमन पिता रफीक खां निवासी जामनेर आया और अपना राशन कार्ड पहले से रखे हुए राशन कार्ड के ऊपर रख दिया और बोला कि पहले मुझे राशन दो, जब मेने नम्बर आने पर राशन देने की बात कही तो अमन गालियां देने लगा और लकडी से मारपीट की। इसके बाद अमन चला गया और कुछ देर बाद अमन, अनिश पिता शरीफ खां, अमन पिता रऊफ खां, अरशद पिता समद खां आए और इन्होने फिर से विवाद करना शुरू कर दिया, जब बीच बचाव करने हफीज खां आए तो उनके साथ स्टील के पाइप से मारपीट की।

## नपाध्यक्ष ने की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात

**गुना।** नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा बीती शाम देश की राजधानी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य मुलाकात की गई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस खास मौके पर उन्होंने शहर की विभिन्न समस्याओं पर श्री सिंधिया का ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही निमार्णाधीन विकास कार्यो की जानकारी देते हुए प्रस्तावित विकास योजनाओं पर भी उनका मार्गदर्शन लिया। श्री सिंधिया ने शहर के सौंदर्यकरण को लेकर प्रस्तावित योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए मार्गदर्शन दिया और शहर हित में हर उद्घाटन और संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। श्री सिंधिया ने अभी हाल ही में उनके गुना प्रवास के दौरान स्थानीय लक्ष्मीगंज में आयोजित संयुक्त शिलान्यास कार्यक्रम को सर्वाधिक सफल कार्यक्रम निरूपित करते हुए भाजपा नेता अरविंद गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए भी उन्हें प्रोत्साहित किया।

एआई के सकारात्मक प्रभाव पर हुई प्रतियोगिता

## पक्ष में दिव्यांशी व विपक्ष में शेफाली रही प्रथम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्थापित इकाई इंटेलेक्चुअल क्लब एवं आई क्यू ऐसी के संयुक्त तत्वावधान में कृत्रिम बुद्धिमता एआई के सकारात्मक प्रभाव विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, विशेष अतिथि के रूप में डॉ. एम वाय अंसारी तथा निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. संजय कुमार प्रजापति, डॉ. सुनील मेवाडा एवं प्रो. अर्चना गवांडे और इंटेलेक्चुअल क्लब के सदस्य छात्र मयंक शर्मा, देवकीनंदन यादव, पंकज सूर्यवंशी, विशाल चौहान, प्रीति राठौड़, अनुचिए निसर्ग गायकवाड उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में पक्ष और विपक्ष को मिलाकर कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमे पक्ष में प्रथम दिव्यांशी परिहार, द्वितीय राधिका राठौर और कल्पना परमार तृतीय वहीं विपक्ष में प्रथम स्थान पर शेफ ाली पुष्पद द्वितीय भूमिका खन्ना तृतीय नेहल गोयल रहे। प्रथम द्वितीय और तृतीय आए समस्त प्रतिभागियों को पुरस्कार में प्रमाण-पत्र, शील्ड एवं नगद राशि दी गई। क्लब द्वारा पक्ष-विपक्ष के प्रथम प्रतिभागी को 500 द्वितीय को 300 एवं तृतीय को 100 रुपए नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा ने क्लब के सदस्यों की सराहना की एवं उपस्थित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता तार्किक विश्लेषण और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करती हैं तथा प्रतिभाओं को मंच एक प्रदान करती हैं। इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन छात्र-छात्राओं के लिए आगे भी किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन इंटेलेक्चुअल क्लब के सदस्य छात्रा प्रीति राठौड एवं मयंक शर्मा तथा आभार प्रदर्शन छात्र देवकीनंदन यादव ने माना।

## अवैध जुआ पकड़ा, 4 आरोपी गिरफ्तार, 22 बाइक व नगदी जप्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़।

राजगढ़ जिले में जुआ एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में एवं एसडीओपी राजगढ अरविंद सिंह राठौर के मार्गदर्शन में राजगढ पुलिस ने गोपालपुरा से अवैध जुआ खेलते हुए 04 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके पास से 22 बाइक व नगदी रुपए जप्त किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोपालपुरा थाना खुजनेर में बाबूलाल यादव के खेत के समीप लोग ताश पत्तों से रुपये पैसों का जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 20-22 लोग जुआ खेलते पाए गए, घेराबंदी कर 04 व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में बाबूलाल पिता नारायणसिंह यादव पूर्व सरपंच निवासी गोपालपुरा, देवनारायण पिता रंगलाल यादव निवासी खुजनेर, सोनू पिता पप्पू छारी निवासी कडियासांसी थाना बोडा, इरफान उर्फ इमरान पिता मुसामिन मंसूरी निवासी पड़ाना थाना सारंगपुर के पास से नगदी 79,450 रु, 01 लाख रु के मोबाइल, 20 लख रुपए की 22 मोटरसाइकिल, ताश पत्तों की 52 कार्ड की सेट एवं 17 बंद गड्डियां लगभग 1,500 रु., कुल 21,80,950 रु का सामान मौके पर विधिवत जप्तकर पंचनामा तैयार किया गया। आरोपियों को धारा 23(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत लिए गए मेमोरेण्डम में अन्य अवैध जुआ संचालकों के नामों का खुलासा हुआ जिसमे आरोपी कमल पिता ग्यारसीराम पुष्पद निवासी खुजनेर, सोनू पिता प्रेमनारायण यादव निवासी खुजनेर, दिनेश उर्फ दयालु पिता कनीराम यादव निवासी खुजनेर, कमल पिता तुलसीराम यादव निवासी खुजनेर, रामबाबू पिता रामसिंह चंदेल निवासी खुजनेर, महेश उर्फ मास पिता गोवर्धन यादव निवासी खुजनेर के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा सतत प्रयास जारी है। आरोपियों का कृत्य धारा 13 पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट एवं 112(2) बीएनएस. के तहत दण्डनीय पाए जाने से कायमी अपराध क्रमांक 219/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



## पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद अली खान का निधन

**सारंगपुर।** सारंगपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर करीब 10 वर्ष से ज्यादा समय तक काबिज रहने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी शाहिद अली खान



का करीब 52 वर्ष की आयु में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात्रि में ह्दयघात से आकस्मिक निधन हो गया। वह काफी मिलनसार एवं सरल प्रवत्ति के व्यक्ति थे और समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाते थे। उनके निधन की खबर से शहर सहित अंचल में शोक की लहर दौड़ गई। उनका जनाजा उनके सरखेलवाड़ी स्थित निवास से उठाया गया और जनाजे की नमाज के बाद उन्हें पाडल्या रोड स्थित कब्रस्तान में सुपूर्दे खाक किया गया। जनाजे के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, सभी समाज के वरिष्ठ समाजजन एवं मुस्लिम समाजजन शामिल हुए और दिवंगत के जन्नत में जाने की दुआएं की। खान के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मंत्री जयवर्धनसिंह एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रतसिंह खीचीं, पूर्व सांसद नारायण सिंह आमलाबे, पूर्व जिलाध्यक्ष रामचंद्र दांगी, पूर्व विधायक गिरीश भंडारी, पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद अली एवं रुपल प्रमोद सादानी आदि ने शोक संवेदना प्रकट की है।

## नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस अध्यक्ष का सम्मान किया



**जगोटी ।** किसी भी संगठन की असली शक्ति उसके युवा कार्यकर्ता होते हैं उनकी सक्रियता व सही दिशा में काम करने के तरीके से संगठन को मजबूती मिलती है। उक्त उद्गार जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री अनन्त शर्मा ने नवनिर्वाचित महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया के सम्मान समारोह में व्यक्त किए। जगोटी क्षेत्र के बारह मतदान केंद्रों के युवा कार्यकताओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री डोडिया का पुष्पहारों व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रजनीश तिवारी ने भी संबोधित करते हुए कांग्रेस संगठन की मजबूती हेतु कार्य करने का आव्हान युवा पदाधिकारियों से किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ने खान पठान, आजाद शाह, कमल सूर्यवंशी, रणछोड़ मालवीय, राहुल चौधरी, मोहनलाल परमार, ओम आंजना,, अर्जुन शर्मा महूडीपुरा समीर मंसूरी, अभिषेक पांचाल,,भरत मालवीय, यशवंत डाबी, अक्कू भाई मालीखेडी,प्रकाश मालवीय, जीवन सिंह खुरचनिया, संजय पटेल आदि मौजूद थे।

## जन सुनवाई का प्रचार प्रसार नहीं हुआ सिर्फ 23 आवेदन मिले



**इंगोरिया।** जनपद पंचायत बड़नगर का कलस्टर आधारित जनसुनवाई कार्यक्रम तहसील ठप्पा कार्यालय इंगोरिया पर मंगलवार को आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से एक बजे तक निर्धारित समय के पश्चात भी मौखिक रूप से जन समस्याओं के लिए लोग आते रहे और सुनवाई की कार्यवाही 2 बजे तक चलती रही। जन सुनवाई में क्षेत्र के विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या, जनपद सदस्य प्रतिनिधि उमराव सिंह, मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पंड्या, जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पंड्या, शिवराम जाट,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धीरेन्द्र पाराशर, नायब तहसीलदार प्रियंका जैन सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जन सुनवाई में राजस्व विभाग से संबंधित 15, महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलाफ 1, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की शिकायत के 3 , विद्युत वितरण कंपनी की 3 और जल संसाधन विभाग की 1 शिकायत सहित कुल 23 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जन सुनवाई में अधिकतर शिकायतें मौखिक रूप से की गई जिनका निराकरण विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर निराकरण कराया। प्रशासन द्वारा इंगोरिया में आयोजित जनसुनवाई की सूचना आम जनता को समय पर नहीं दी गई जिससे आवेदन कम आए। अधिकारियों की लापरवाही एवं प्रचार प्रसार के अभाव में शासन के जन सुनवाई कार्यक्रम का लाभ आम नागरिक को नहीं मिल पाया।

## चौपड़ा बने अध्यक्ष नवीन कार्यकारिणी घोषित हुई

**शुजालपुर।** जैन उपाश्रय में श्रीं जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक श्री संघ शुजालपुर सिटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें श्री चिंतामणि पाश्र्वनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक ट्रस्ट एवं श्री संघ का कार्यकाल पूरा हो जाने पर नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष पारस चोपड़ा, उपाध्यक्ष सुनील नारेलिया, कोषाध्यक्ष ललित ओस्तवाल, सचिव सचिन धारीवाल, सह सचिव नवरतन धारीवाल आदि पदाधिकारी चुने गए, उपस्थित सदस्यों ने नवीन पदाधिकारीयो को बधाई दी।






पौराणिक मान्यताओं के अनुसार खरमास वह अवधि होती है, जब शुभ कार्यों पर रोक मानी जाती है। हालांकि पूजा-पाठ, दान और आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी इस समय की जा सकती है।

# खरमास में क्या करें, क्या नहीं? जानें इस दौरान दान का महत्व

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार खरमास वह अवधि होती है, जब शुभ कार्यों पर रोक मानी जाती है। हालांकि पूजा-पाठ, दान और आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी इस समय की जा सकती है। पंचांग के अनुसार 15 दिसंबर 2025 की रात 10:19 बजे सूर्य वृश्चिक से निकलकर बृहस्पति की राशि धनु में प्रवेश करेगा और यह स्थिति 14 जनवरी 2026 तक बनी रहेगी। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही खरमास समाप्त हो जाएगा। इसी एक माह के दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे मांगलिक काम रोक दिए जाते हैं। खरमास के दिनों जप, दान, नदी स्नान और तीर्थयात्रा शुभ मानी जाती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि खरमास के दिनों में क्या करना चाहिए क्या नहीं।



## खरमास में क्या करना चाहिए

खरमास में धार्मिक ग्रंथों का पाठ अत्यंत फलदायी माना गया है। श्रीराम कथा, भागवत कथा या शिव पुराण का नियमित अध्ययन मन और जीवन दोनों को शुद्ध करता है। कोशिश की जाती है कि इस महीने में कम से कम एक संपूर्ण ग्रंथ का पाठ पूरा किया जाए, जिससे शुभ फल और जीवन मार्गदर्शन दोनों प्राप्त होते हैं। दान का भी इस अवधि में विशेष महत्व बताया गया है। श्रद्धापूर्वक किया गया दान तीर्थ स्नान के समान पुण्य प्रदान करता है। जरूरतमंदों, साधु-संतों और असहाय लोगों की सेवा करने से धार्मिक लाभ के साथ आत्मिक संतोष भी मिलता है। मंदिरों में कुमकुम, तेल, घी, फूल, दीपक, धूप आदि सामग्री अर्पित करना शुभ माना जाता है। इस काल में शुभ मुहूर्त इसलिए नहीं माने जाते क्योंकि सूर्य देव, जिन्हें प्रत्यक्ष देवता कहा गया है, अपने गुरु बृहस्पति की राशि में रहते हुए थोड़े कमजोर पड़ते हैं। सूर्य और गुरु दोनों के प्रभाव के कम होने से मांगलिक कार्यों के लिए अनुकूल ऊर्जा का अभाव माना जाता है।

## सूर्य पूजा

खरमास में सूर्य पूजा लाभदायक होती है। सुबह स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य को अर्घ्य देकर 'ॐ सूर्याय नमः' मंत्र का जाप कर सकते हैं। 14 जनवरी 2026 को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही मकर संक्रांति के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा और शुभ कार्य फिर से प्रारंभ किए जा सकेंगे।

# फरवरी में कब-कब है विवाह के लिए शुभ मुहूर्त, जानें तिथियां

ज्योतिष के अनुसार, आज 11 दिसंबर को शुक्र अस्त हो जाएगा, जिसके बाद विवाह जैसे शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है। इसी के साथ साल 2025 के विवाह मुहूर्त समाप्त हो जाएंगे। इसके बाद साल 2026 में ही फिर से विवाह जैसे शुभ कार्यों को शुरू किया जाएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि जनवरी और फरवरी में विवाह के लिए शुभ मुहूर्त कौन-कौन से दिन रहने वाले हैं। वर्ष 2026 का जनवरी माह विवाह जैसे शुभ संस्कारों के लिए अनुकूल नहीं माना जा रहा है। इसका मुख्य कारण दो महत्वपूर्ण ज्योतिषीय स्थितियाँ हैं, खरमास और शुक्र का अस्त होना। इन दोनों के प्रभाव से जनवरी पूरे महीने में कोई भी शुभ विवाह मुहूर्त उपलब्ध नहीं रहेगा।

साल 2026 में बसंत पंचमी का पर्व 23 जनवरी को शुक्रवार के दिन पड़ेगा। हालांकि उस दिन तक खरमास समाप्त हो चुका होगा, लेकिन शुक्र का अस्त होना जारी रहेगा। ऐसे में बसंत पंचमी को भी वैवाहिक मांगलिक कार्यों के लिए उचित तिथि नहीं माना जाएगा। इस प्रकार, जनवरी में कोई भी उपयुक्त विवाह मुहूर्त प्राप्त नहीं होगा।

## फरवरी में विवाह मुहूर्त

फरवरी 2026 विवाह के लिए अत्यंत शुभ महीना साबित होगा। शुक्र के उदय होने के बाद शुभ कार्यों की शुरूआत फिर से संभव हो जाएगी। फरवरी में कुल 12 वैवाहिक मुहूर्त उपलब्ध होंगे। इस महीने में शुभ तिथियां 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25 और 26 फरवरी 2026 रहेगी। इन दिनों में विवाह आयोजित करना शास्त्रों के अनुसार अत्यंत मंगलकारी माना गया है।

# साल का आखिरी प्रदोष इन्हे देगा लाभ, प्रेम विवाह और नौकरी की इच्छा होगी पूरी

ज्योतिषियों के मुताबिक, प्रदोष से एक दिन पहले यानी 16 दिसंबर 2025 को सूर्य देव धनु राशि में एंट्री करेंगे। यहां पहले से ही मंगल मौजूद हैं। इसलिए सूर्य-मंगल की युति का शुभ प्रभाव इस उपवास पर पड़ने वाला है।



प्रदोष व्रत 17 दिसंबर को रखा जाएगा, जो पौष महीना का पहला और साल 2025 का अंतिम प्रदोष होगा। यह तिथि न केवल धार्मिक बल्कि ज्योतिष दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रहेगी। दरअसल, प्रदोष से एक दिन पहले यानी 16 दिसंबर 2025 को सूर्य देव धनु राशि में एंट्री करेंगे। यहां पहले से ही ग्रहों के सेनापति मंगल मौजूद हैं। इसलिए सूर्य-मंगल की युति का शुभ प्रभाव इस उपवास पर पड़ने वाला है। साथ ही कुछ राशियों को इससे जबरदस्त लाभ की प्राप्ति भी संभव है। इन जातकों को नौकरी, करियर-कारोबार, व्यापार और रिश्तों में अच्छे रिजल्ट देखने को मिल सकते हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।

## सिंह राशि

यह समय आपके लिए शुभ रहेगा। विवाह की इच्छा पूरी होगी और आपको मनचाहा रोजगार भी मिलेगा। हालांकि, आपको कारोबार में खासा लाभ होगा। छात्र वर्ग पूरे मनोयोग से अध्ययन करेंगे। इस समय आय के नए-नए स्त्रोत खुलेंगे। आर्थिक मामलों में नेटवर्किंग और सही निर्णयों के माध्यम से लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा। आपके लिए शिवलिंग पर चंदन लगाना और भी कल्याणकारी रहेगा। इससे सामाजिक रूप से भी आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

## धनु राशि

साल का आखिरी प्रदोष धनु राशि वालों को मनचाहा लाभ दिला सकता है। आपको जीवनसाथी के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। धनु राशि वालों का अगर कोर्ट-कचहरी में कोई मामला चल रहा है, तो उसमें फैसला आपके पक्ष में आने की पूरी संभावनाएं हैं। अधिकारियों और सहकर्मियों के साथ अपना व्यवहार अच्छा बनाए रखने की कोशिश रंग लाएगी और आप प्रमोशन के लिए चुने जा सकते हैं। इस समय महादेव को शहद अवश्य चढ़ाएं। इससे सेहत में भी सुधार हो सकता है।

## मीन राशि

मीन राशि वालों के लिए समय खास रहने वाला है। करियर में अचानक उछाल देखने पर मन प्रसन्न होगा। महादेव की कृपा आप पर बनी रहेगी। नए अवसरों की प्राप्ति होगी। हालांकि, करियर-कारोबार से लेकर घर-परिवार की दृष्टि से यह समय पहले से अधिक अनुकूल कहा जाएगा। मीन राशि वालों के जीवन में किसी की दस्तक हो सकती है, जिससे खुशियों का माहौल बना रहेगा। किसी अच्छी खबर के मिलने की संभावना है। शिव जी को बेलपत्र चढ़ाएं। इससे सभी मनोकामनाएं भी पूर्ण होगी।

फेंगशुई टिप्स: हर व्यक्ति चाहता है कि उसके घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली हमेशा बनी रहे। ऐसे में आज हम आपको फर्नीचर से जुड़े कुछ ऐसे फेंगशुई उपायों के बारे में बताएंगे, जिन्हें करने से सुख-समृद्धि के साथ-साथ आपके घर में धन आने के द्वार भी खुल जाएंगे।

# फेंगशुई के इन नियमों का करें पालन, कभी नहीं होगी सुख-समृद्धि में कमी

फेंगशुई के उपाय घर में वातावरण को संतुलित करने और जीवन में सुख-समृद्धि की वृद्धि के लिए बहुत ही सहायक होते हैं। इसमें तरक्की और खुशहाली पाने के लिए भी कई तरह के उपाय बताए गए हैं। इन्हीं उपायों में से कुछ उपाय घर और ऑफिस में रखे हुए फर्नीचरों से भी जुड़े होते हैं। अगर इन उपायों का सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो बहुत फायदा मिलता है। इससे आपके जीवन में सुख-समृद्धि के साथ-साथ धन के घर में आने के द्वार भी खुल सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको फेंगशुई के अनुसार, फर्नीचर से जुड़े कुछ नियमों के बारें में बताएंगे। जिसे अपनाकर आपका भाग्य भी खुल जाएगा।

## हल्के रंग का फर्नीचर

घर और ऑफिस पर हमेशा हल्के रंग के फर्नीचरों का प्रयोग करना शुभ होता है। हल्के रंग में पॉजिटिव और गहरे रंग में नेगेटिव ऊर्जा रहती है। फेंगशुई के अनुसार, हल्के फर्नीचर को उत्तर या पूर्व दिशा में जबकि भारी फर्नीचर को पश्चिम और दक्षिण दिशा में रखना चाहिए।



## फर्नीचर रखने की सही दिशा

अपने बिजनेस में मुनाफे को कई गुना बढ़ाना चाहते है तो लकड़ी से बने फर्नीचर और सजावटी चीजों को पूर्वी हिस्से में रखना चाहिए। फेंगशुई के अनुसार, इस दिशा में सकारात्मक ऊर्जा का वास हमेशा बना रहता है।

## लकड़ी का फ्रेम

फेंगशुई के अनुसार घर में खुशहाली के लिए परिवार की फोटो को लकड़ी के फ्रेम में बनवाकर घर के पूर्वी दिशा की दीवार पर लगाना शुभ रहता है।

## फर्नीचर की बनावट

फर्नीचरों की बनावट हमेशा साधारण और सरल होनी चाहिए न कि गोलाकार और नुकीली। फेंगशुई के अनुसार, इस तरह के फर्नीचर नकारात्मक ऊर्जा देते हैं।




भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में अपना दम दिखाया। भारत ने बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया और इस टीम के खिलाफ टी20 में रनों के लिहाज से तीसरी बड़ी जीत दर्ज की।

# टी20 में द. अफ्रीका अपने न्यूनतम स्कोर पर ऑलआउट हुआ, इस टीम के खिलाफ भारत की तीसरी बड़ी जीत

**कटक।** हार्दिक पांड्या के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को कटक में खेले गए पहले टी20 मैच में 101 रनों के बड़े अंतर से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक पांड्या के नाबाद अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 12.3 ओवर में 74 रन पर ढेर हो गई। भारत ने इस तरह बड़ी जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।



दक्षिण अफ्रीका टी20 में अपने न्यूनतम स्कोर पर ढेर हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम का यह सबसे छोटे प्रारूप में न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले उसका न्यूनतम स्कोर 87 रन था जो 2022 में उसने भारत के खिलाफ ही बनाया था। दक्षिण अफ्रीका को छठी बार टी20 में 100+ रनों से हार का सामना करना पड़ा है जिसमें से तीन बार उसे भारत के खिलाफ 100+ रनों से हार मिली है। भारत की यह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रनों के लिहाज से तीसरी बड़ी जीत है। भारत ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका को 2024 में 135 रनों से और 2023 में 106 रनों से हराया है।

**बुमराह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में पूरे किए 100 विकेट:** दिलचस्प बात यह रही कि भारत के सभी गेंदबाजों को सफलताएं मिली। इस दौरान बुमराह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट पूरे किए और वह ऐसा करने वाले अर्शदीप के बाद भारत के दूसरे गेंदबाज गेंदबाज बने। वहीं, बुमराह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूप में 100+ विकेट लेने वाले पहले भारतीय और ओवरऑल पांचवें गेंदबाज हैं। उनसे पहले लसिथ मलिंगा, टिम साउथी, शाकिब अल हसन और शाहीन अफरीदी ऐसा कर चुके हैं। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले। वहीं, शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या को एक-एक सफलता मिली।

## हार्दिक ने बल्ले से दिखाया दम

इससे पहले, भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन किया। हार्दिक ने बल्ले से दम दिखाया और नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली जिससे भारत दक्षिण अफ्रीका के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रख सका। हार्दिक ने इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे कर लिए और वह रोहित शर्मा और विराट कोहली की बराबरी पर पहुंच गए। भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने सबसे ज्यादा 28 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन बनाए।

पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक अब विदेशी लीग में कोच की भूमिका नजर आएंगे। उन्होंने द हंड्रेड की टीम लंदन स्पिरिट के साथ जुड़ने का फैसला किया है।

# आईपीएल के बाद अब द हंड्रेड में कोच की भूमिका निभाएंगे दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल के बाद अब इंग्लैंड में द हंड्रेड टूनार्मेंट में भी कोच की भूमिका निभाएंगे। कार्तिक को द हंड्रेड की टीम लंदन स्पिरिट का मेंटर और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने यह घोषणा की है। कार्तिक आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं और अब वह अन्य विदेशी लीग में भी कोच की भूमिका निभाएंगे।

## अन्य लीग में खेलते हैं कार्तिक

लंदन स्पिरिट के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने एक बयान में कहा, 'दिनेश कार्तिक का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है। उन्हें क्रिकेट का बहुत अच्छा ज्ञान है और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में फ्रेंचाइजी क्रिकेट में उनका व्यापक अनुभव हमारे लिए अमूल्य साबित होगा।'



## लंदन स्पिरिट से जुड़ने पर जताई खुशी

कार्तिक ने कहा, लंदन स्पिरिट से जुड़ने का यह कितना शानदार समय है। मैं वास्तव में इसके लिए उत्साहित हूं। लॉर्ड्स में काम करते हुए गर्मियां बिताना सचमुच सपना सच होने जैसा है। यह वही मैदान है जहां मैंने भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था और अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था। लॉर्ड्स मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं अगले साल कुछ असाधारण क्रिकेटरों के साथ काम करने के लिए बेहद उत्सुक हूं।

कार्तिक ने आईपीएल 2024 के बाद घरेलू क्रिकेट में एक खिलाड़ी के रूप में अपना करियर समाप्त कर दिया था, लेकिन वे अन्य लीग में खेलते हैं। 40 वर्षीय कार्तिक वर्तमान में यूएई की आईएलटी20 लीग में शारजाह वॉरियर्स की टीम में शामिल हैं। वह एसए20 के पिछले यत्र में पार्ल रॉयल्स की तरफ से खेले थे। कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान दौरे की तैयारियों की समीक्षा की; पीसीबी ने हैदर पर लगा प्रतिबंध हटाया

**कराची।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) का एक प्रतिनिधिमंडल उनकी टीम के जनवरी में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से पहले सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए लाहौर में है।प्रतिनिधिमंडल में एक स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकार और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का एक अधिकारी शामिल है। वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बल्लेबाज हैदर अली पर लगा अस्थायी निलंबन हटा लिया है, जिन्होंने सितंबर में मैनचेस्टर में बलात्कार के आरोपों से बरी होने के बाद से किसी भी तरह का प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।

ऑस्ट्रेलिया अगले साल की शुरूआत में पाकिस्तान का दौरा करेगा और दो चरणों में सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगा। पहले चरण में जनवरी में तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अभी तक इस सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है, लेकिन लगता है कि तीनों मैच लाहौर में ही खेले जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम में लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और उस होटल का दौरा शामिल है जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम ठहरेगी।

ऑस्ट्रेलिया अगले साल मार्च में तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए फिर से पाकिस्तान का दौरा करेगा। कयास लगाए जा रहे हैं कि वनडे सीरीज को फिलहाल स्थगित किया जा सकता है और इसका आयोजन 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले किसी समय हो सकता है।

# कोहली की धाक, वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर दो पर, शीर्ष पर हिटमैन रोहित



**दुबई।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में एक बार फिर अपना दबदबा दिखाया है। आईसीसी वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों में भारत की बादशाहत कायम है। कोहली आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। कोहली पिछले कुछ समय से लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने के बाद उनकी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

**कोहली का शानदार फॉर्म और रैंकिंग में इजाफा:** 2021 में पाकिस्तान के बाबर आजम द्वारा नंबर एक स्थान छिनने के बाद कोहली अब पहले पायदान से सिर्फ आठ रेटिंग पॉइंट दूर हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने तीन मैचों में 302 रन जमाए। इनमें दो शतक शामिल हैं। सीरीज के आखिरी वनडे में 65* की नाबाद पारी खेलते हुए कोहली ने भारत को जीत दिलाई। इसी प्रदर्शन का असर रैंकिंग में दिखा और वह दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे पायदान पर पहुंच गए।

> **रोहित शर्मा का दबदबा बरकरार**
>
> भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 2024 और 2025 के दौरान वनडे में निरंतर प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस सीरीज में 146 रन बनाए और अपनी शीर्ष रैंकिंग कायम रखी। कोहली और रोहित ने आईसीसी वनडे बैटिंग चार्ट में भारतीय वर्चस्व को और मजबूत किया है।

शुभमन गिल ने भले ही उन्होंने वनडे सीरीज नहीं खेली, लेकिन वह अपने पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। वहीं कप्तानी संभाल रहे केएल राहुल दो स्थान चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह भारत के बल्लेबाजों की गहराई को दशार्ता है। वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में भी भारत का दबदबा जारी है। कुलदीप यादव तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अक्षर पटेल (13वें), अर्शदीप सिंह (20वें) और जसप्रीत बुमराह (25वें) स्थान पर पहुंचकर फायदे में रहे।

टेस्ट बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल नंबर आठ पर टिके हुए हैं, जबकि शुभमन गिल और ऋषभ पंत एक-एक स्थान ऊपर बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह पहले स्थान पर बने रहते हुए शानदार फॉर्म में हैं। उनके बाद मोहम्मद सिराज, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव भी एक-एक स्थान ऊपर आए हैं।

# द. अफ्रीका के कोच एशवेल प्रिंस ने बल्लेबाजों को लगाई लताड़



**कटक।** दक्षिण अफ्रीका के भारत के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपने न्यूनतम स्कोर 74 रन पर आउट होने के बाद उसके बल्लेबाजी कोच एशवेल प्रिंस ने कहा कि उनके बल्लेबाज भारत के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण की चुनौती का जवाब देने में नाकाम रहे। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका सहज रवैया खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.3 ओवर में आउट हो गई और इस तरह से भारत ने 101 रन से बड़ी जीत हासिल की। भारत और श्रीलंका में अगले साल सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए यह चिंता का विषय है।

## कोच एशवेल प्रिंस ने कही यह बात

प्रिंस ने मैच के बाद कहा, 'इस तरह के बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद जाहिर है कि यह एक ऐसा विभाग है जिसमें हमें जल्द से जल्द सुधार करना होगा। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण बहुत मजबूत है और उन्होंने हमारे बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की। हमारे बल्लेबाज इस चुनौती का जवाब देने में नाकाम रहे।'

## न्यूज कॉलम

### रेडीमेड शॉप मालिक ने छात्रा से की छेड़छाड़

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआ इलाके में रहने वाली एक फामेर्सी स्टूडेंट ने रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाने वाले युवक के खिलाफ छेड़छाड़, पीछा करने और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। स्टूडेंट मूल रूप से दमोह की रहने वाली है और इंदौर में पढ़ाई के लिए होस्टल में रह रही है। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार रात आरोपी ने राजबाड़ा इलाके में रास्ता रोककर फिर से बात करने का दबाव बनाया। इससे परेशान होकर वह सीधे थाने पहुंची और स्नेहनगर निवासी राज खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अगस्त 2024 में वह भंवरकुआ स्थित आरोपी की दुकान से कपड़े खरीदने गई थी। बाद में कपड़े एक्सचेंज कराने पहुंची, इसी दौरान आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद वह लगातार कॉल और मैसेज कर परेशान करने लगा। स्टूडेंट का आरोप है कि आरोपी होस्टल के बाहर खड़ा रहने लगा और आते-जाते उसका पीछा करता था। कुछ महीने पहले उसे समझाने के लिए भोलाराम उस्ताद गार्डन में मुलाकात हुई, जहां आरोपी ने गलत तरीके से छूने की कोशिश की और दोस्ती करने का दबाव बनाया।

### घर जा रहा युवक सड़क हादसे का शिकार

**इंदौर।** इंदौर के निजी कॉलेज से घर जा रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपनी ड्यूटी खत्म कर निकला था। मामले में परिजनों को सूचना लगने के बाद वह मौके पर पहुंचे। लेकिन युवक की यहां मौत हो चुकी थी। लसूडिया पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार शाम अरड़िया बायपास के पास की है। यहां अभिषेक (23) पुत्र अनिल रजक हादसे का शिकार हो गया। पुलिस के मुताबिक वह निजी कॉलेज में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है। शाम को ड्यूटी खत्म होने के बाद ही नजदीक अपने रूम पर जाने के लिए निकला था। इस दौरान वह सड़क क्रॉस हो रहा था। तभी उसे किसी वाहन ने चपेट में ले लिया। अभिषेक कई फिट दूर जा गिरा। उसके मोबाइल से परिचितों को कॉल गए। फिर परिवार को जानकारी लगी। चाचा ब्रजेश ने बताया कि वह मूल रूप से गुना के रहने वाले हैं। अभिषेक करीब 10 माह से इंदौर में विस्तारा कॉलोनी में उनके साथ में ही रहता था। 8 दिन पहले उसने कॉलेज के पास रूम लिया था। उसने कहां था कि उसका आना-जाना दूर होता है। वहीं डबल ड्यूटी भी करने में आसानी होगी।

### हिंदू युवती की शिकायत पर सुफियान पर मामला दर्ज

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर में सुफियान अंसारी के साथ रह रही एक हिंदू युवती की सूचना पर करणी सेना के कार्यकर्ता वहां पहुंचे। इसके बाद युवती को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। मामले में युवती ने शिकायत करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने सुफियान पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत के मुताबिक, मंगलवार को उन्हें जानकारी मिली थी कि हिंदू लड़की को सुफियान अंसारी नाम के युवक ने डेढ़ माह से अपने साथ रखा हुआ है। दोनों एक किराए के घर में हैं। युवती एमजी रोड की रहने वाली है। इसके बाद स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गई। मूसाखेड़ी से युवती को बरामद कर उसे परिवार के सुपुर्द किया गया। इधर करणी सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि सुफियान पर बाणगंगा में पूर्व में एफआईआर दर्ज है। उसने राजस्थान ले जाकर एग्रीमेंट कर फर्जी तरीके से शादी की है और उसका धर्म परिवर्तन करवा दिया है।

## दुकान पर बैठे युवक को आया हार्ट अटैक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के भंवरकुआ इलाके में इलेक्ट्रानिक दुकान पर निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को अचानक हार्ट अटैक आ गया। वह गश खाकर गिर गया। उसे नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है, बुधवार को इसका वीडियो सामने आया है।

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम शिवनारायण मालवीय (31) निवासी मूसाखेड़ी है। वह तीन ईमली के पास अजय इंटरप्राइजेस नाम की मोबाइल दुकान में काम करता था। वह कस्टमर का मोबाइल फाइनेंस कर रहा था। तभी कुर्सी से नीचे गिर पड़ा। मृतक शिवनारायण के भाई रामगोपाल ने बताया, सुबह तक भाई ठीक था। घर से अच्छे से निकला। इसके बाद दोपहर में दुकान के कर्मचारी का फोन आया, उसने बताया कि भाई चक्कर खाकर गिर गया है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। प्रारंभिक तौर पर साइलेंट अटैक की बात कही गई है। शिवनारायण के परिवार में एक 5 साल और एक ढाई साल का बेटा है। बड़े भाई रामगोपाल नजदीक ही अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके पिता की 10 साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार मूल रूप से कन्नोद के पास महुरिया ग्राम का रहने वाला है।


**श्री श्री देवी तारा महा श्मशान निवासनी देवी तारा कृपा**

48 वर्ष पुराना तंत्र, मंत्र, यंत्र ज्योतिष कार्यालय, इंदौर

**पंडित प्रहलाद सूर्यवंशी ज्योतिषाचार्य**
**ज्योतिष कार्यालय गुगल पर देंखे**

देवी तारा, देवी महाकाली, महाशमशानी साधक महावशीकरण, कोर्ट कचहरी, तलाक, गुप्त शत्रु, सास-बहू विवाद, प्रेमी-प्रेमिका का महावशीकरण, गंभीर से गंभीर रोग, जादू टोना, महाशमशानी तंत्र-मंत्र क्रिया, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनपसंद शादी।

नोटः जन्म कुंडली, फोटो, हस्तरेखा और अन्य परामर्श शुल्क 1000 अनिवार्य, फोन पर परामर्श शुल्क 3000 अनिवार्य, सात दिन में काम नहीं होने पर 30 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा वापस, 101 प्रतिशत ग्यारेंटेड समाधान।
नोटः दिपावली पर 88 लाख महामंत्र से महासिद्धी यंत्र और श्री श्री देवी महालक्ष्मी सिद्ध महायंत्र, 88 लाख महामंत्रों से।
नोटः यंत्र के लिए 3 दिन पहले संपर्क करें।

पताः एमजी रोड, कमिश्नर कार्यालय, जिला कोर्ट गेट नंबर एक के सामने, 34 महतानी मार्केट इंदौर
मोबाइलः 7828672574, 8817546028

समयः प्रातः 11 से रात्रि 9:00 बजे तक एवं रविवार को दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
नोटः सभी धर्म और जाती के लोग पूर्व समय लेकर निसंकोच मिले।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
**ए.के. ट्रेडर्स**
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
**कटे कान जुड़वाएं**
**किडनी की पथरी का अंत तुरंत**
**निःशुल्क दवा प्राप्त करें**
**डॉ. पी.पी. ओझा**
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
**पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर**
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

**पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है**
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
**भास्कर आयुर्वेदिक**
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर

मो. 9301388290, 9340903559

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत**

| | | |
|---|---|---|
| 10 दिन | 1000/- | - सम्पर्क करें- |
| 20 दिन | 1500/- | 0734-4041777 0731-4085777 |
| 1 माह | 2000/- | 77710-90777 |


विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

**प्लाट बेचना है**
खुली भूमि उत्तर से दक्षिण, पूर्व की ओर 95.8 फीट, पश्चिम की ओर 106 फीट और पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर 102.7 फीट, दक्षिण की ओर 99 फीट कुल एरिया 10275 वर्गफीट, जिसके उत्तर में रोड के बाद माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में सुन्दरबाई का मकान और नागूलाल का मकान, पूर्व में रामाजी जाट की गली उर्दूपुरा रोड, पश्चिम में रस्सी गली मुन्सीपल नम्बर पुराना 5/1317, नया नम्बर 12 लाल बाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन जो कि जाधव गुवाड़ी के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करना है।
सम्पर्क सूत्र - 9425002108
ब्रजलाल सरोका

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280





मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com